


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 महाराष्ट्र नगर निगम चुनावों से पहले उद्धव और राज ठाकरे में...... | ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने वाले लोग गद्दार, राहुल गांधी...... 12



वर्ष : 16 | अंक : 47 | नई दिल्ली, शनिवार, 21 जून, 2025 | विक्रम संवत् 2082 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# राष्ट्रपति ने छात्रों संग मनाया जन्मदिन, दिव्यांगजनों को समर्पित किया खास दिन

● राष्ट्रपति ने कहा-दिव्यांगजनों को दया की नहीं, सहयोग की आवश्यकता

देहरादून, एजेंसी

देहरादून। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को अपना जन्मदिन उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में राष्ट्रीय दृष्टि विकलांग व्यक्ति सशक्तिकरण संस्थान (एनआईईपीवीडी) के छात्रों संग मिलकर मनाया। यहां बताते चलें कि राष्ट्रपति मुर्मू तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर हैं और आज जन्मदिन का छात्रों के बीच रहना प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा है। इससे पहले जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और राज्यपाल गुरमीत सिंह ने भव्य स्वागत किया। जहां से वह सड़क मार्ग से देहरादून पहुंचीं। पूरे दौरे के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अमला पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। राष्ट्रपति मुर्मू ने एनआईईपीवीडी परिसर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में छात्रों से संवाद किया और उन्हें बेहतर जीवन जीने के टिप्स दे उनका हौसला भी बढ़ाया। अपने संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, कि यह पहला अवसर नहीं है जब मैं अपना जन्मदिन दिव्यांगजनों के साथ मना रही हूं। 2023 में भी मैंने इसी संस्थान में यह खास दिन



उनके साथ बिताया था। उन्होंने आगे कहा कि दिव्यांगजनों को दया की नहीं, सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने समाज से अपील की कि सभी नागरिक दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशील बनें और उनके सशक्तिकरण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने मौजूद छात्रों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इनमें वह क्षमता है जो देश के विकास में अहम योगदान दे सकती है।

इस विशेष अवसर पर केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और राज्यपाल गुरमीत सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने बच्चों के सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया और उनके साथ समय भी बिताया। राष्ट्रपति के उत्तराखंड दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां चाक-चौबंद हैं। उनके तीन दिवसीय प्रवास (19 से 21 जून) के दौरान राजधानी देहरादून सहित अन्य क्षेत्रों में कई कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी पुलिस ने विशेष डायवर्जन प्लान लागू किया है ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति मुर्मू अपने दौरे के दौरान उत्तराखंडवासियों के लिए कुछ बड़ी सौगातों की घोषणा भी कर सकती हैं। इससे राज्य को सामाजिक और संरचनात्मक विकास की दिशा में नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C
न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 80,405 |
| चांदी | 1,1000 |
| सेंसेक्स | 80,220 |
| निफ्टी | 24,472 |

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी ने राष्ट्रपति मुर्मु को दी जन्मदिन की बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के जन्मदिन पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर राष्ट्रपति के नेतृत्व और सार्वजनिक सेवा को देश के लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। प्रधानमंत्री ने कहा, राष्ट्रपति को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। उनका जीवन और नेतृत्व देश भर में लाखों लोगों को प्रेरित करता रहेगा। सार्वजनिक सेवा, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता सभी के लिए आशा और शक्ति की किरण है।

श्री मोदी ने कहा, श्रीमती मुर्मु ने हमेशा गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने के लिए काम किया है। ईश्वर उन्हें लोगों की सेवा करने के लिए दीर्घायु और स्वस्थ जीवन प्रदान करें।

# बिहार को मिली नई वंदे भारत एक्सप्रेस

पटना/नई दिल्ली, एजेंसी

पटना/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार को एक और वंदे भारत एक्सप्रेस की शुक्रवार को सौगात दी और वैशाली से देवरिया तक नई रेल लाइन एवं एक नई ट्रेन सेवा का उद्घाटन किया। श्री मोदी ने सीवान में आयोजित एक कार्यक्रम में वीडियो लिंक के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर पाटलिपुत्र और गोरखपुर के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन से रवाना किया। श्री मोदी ने वैशाली से देवरिया (उत्तर प्रदेश) तक नई ट्रेन सेवा 29 किलोमीटर की नई लाइन एवं दोनों स्टेशनों के बीच का उद्घाटन किया। देवरिया और वैशाली के बीच के क्षेत्र के विकास को नया आयाम मिलेगा। क्षेत्र में रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा और कृषि उत्पादों की बाजार तक तीव्र पहुँच सुनिश्चित होगी। पाटलिपुत्र स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, बिहार सरकार में मंत्री नितिन नवीन, पाटलिपुत्र से पूर्व सांसद रामकृपाल यादव उपस्थित थे। जबकि पाटलिपुत्र की सांसद मीसा भारती समारोह में नहीं दिखाई दीं। श्री प्रसाद ने संवाददाताओं से कहा, ह्लबिहार का विकास प्रधानमंत्री के दिल में है। जब भी वह बिहार आते हैं, हजारों करोड़ की विकास परियोजनाएं यहां एक वास्तविकता बन जाती हैं। हम यहाँ वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने आए हैं। प्रधानमंत्री वास्तव में बिहार राज्य को पसंद करते हैं और इसके विकास को लेकर चिंतित हैं। देश में वंदे भारत एक्सप्रेस श्रृंखला की यह 71वीं जोड़ी ट्रेन सेवा है। यह गाड़ी 384 किलोमीटर की दूरी सात घंटे में तय करेगी। मार्ग में इसका ठहराव उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, कप्तानगंज, पनियहवा और बिहार के बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, पाटलिपुत्र स्टेशन पर होगा। इस ट्रेन के माध्यम से चंपारण, वैशाली और कुशीनगर जैसे स्थानों पर सैलानी भी आसानी से पहुंच पाएंगे जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। गोरखपुर से 26502 अप ट्रेन सुबह 5:40 बजे चल कर दोपहर 12:45 बजे पाटलिपुत्र स्टेशन पहुंचेगी तथा वापसी में पाटलिपुत्र से दोपहर 3:30 बजे रवाना हो कर रात 10:30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। इस सेवा के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस एक ट्रेन सेट लगाया गया है। यह सप्ताह में छह दिन चलेगी और शनिवार को अनुरक्षण के लिए यह सेवा उपलब्ध नहीं होगी। आठ कोच वाली यह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में सभी कोच वातानुकूलित हैं। इस ट्रेन में लगे दरवाजे ऑटोमेटिक हैं। यात्रियों को साफ-सुथरे बायो टॉयलेट की सुविधा मिलेगी। ट्रेन में जीपीएस आधारित जानकारी देने वाली स्क्रीन भी दी गई है। यात्रियों को ऑनबोर्ड खाना और पानी मिलेगा। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। अत्याधुनिक ट्रेन सेट की राइड बहुत ही आरामदायक होगी। इसमें झटके नहीं लगते हैं। ट्रेन सेट चंद सेकेंड में रफ्तार पकड़ लेती है और बहुत ही कम समय में रुक जाती है। इस कारण औसत गति अधिक बनी रहती है और यात्रा के समय में काफी कमी आती है। उत्तर प्रदेश में अब 15 और बिहार में 13 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही हैं। पूरे देश में अब तक कुल 70 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं लोगों को तेज, सुरक्षित और आधुनिक रेल सफर दे रही हैं। देश के 24 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 330 जिलों को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन कनेक्टिविटी मिली है। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का स्लीपर संस्करण भी तैयार हो गया है और बहुत जल्दी यह पटरियों पर यात्रियों को सेवा प्रदान करेगी।



**हमारे लिए सबका साथ, सबका विकास, लेकिन विपक्ष कहता है परिवार का साथ, परिवार का विकास : पीएम मोदी**

सीवान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के सीवान में जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने बिहार की एनडीए सरकार की जमकर तारीफ की। पीएम मोदी ने कहा कि हम कहते हैं- ह्लसबका साथ, सबका विकासह्व, लेकिन ये लालटेन और पंजे वाले कहते हैं कि परिवार का साथ, परिवार का विकास। पीएम मोदी ने कहा कि इनकी राजनीति का कुल जमा निचोड़ यही है कि अपने हित और अपने परिवारों के विकास के लिए ये बिहार के करोड़ों परिवारों का अहित करने से भी नहीं चूकते हैं। सीवान के जसौली में आयोजित एक महती जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ह्लआप सब जानते हैं कि मैं कल ही विदेश से लौटा हूं। वहां दुनिया के बड़े और समृद्ध देशों के नेतृत्व से बात हुई। विश्व के सारे नेता भारत की तेज प्रगति से काफी प्रभावित हैं। वे भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनते देख रहे हैं। इसमें बिहार की बड़ी भूमिका होने वाली है। बिहार समृद्ध होगा और देश की समृद्धि में बड़ी भूमिका निभाएगा। मेरे इस विश्वास में आप सभी का सामर्थ्य है। आप सभी ने मिलकर जंगलराज का सफाया किया है। पीएम मोदी ने कहा कि यहां के नौजवानों ने तो 20 साल पहले के जंगलराज के बारे में कहानियां सुनी हैं। उन्होंने नहीं देखा था कि जंगलराज वालों ने क्या हालत कर दी थी। बिहार के लोगों में स्वाभिमान होता है। बिहार कठिन परिस्थितियों में भी काम कर दिखाता है। यहां के लोग कभी स्वाभिमान से समझौता नहीं करते हैं। लेकिन पंजे और लालटेन ने बिहार के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाई थी। इन लोगों ने ऐसी लूट-खसोट मचाई कि गरीबी बिहार का दुर्भाग्य बन गई। उन्होंने कहा कि कई चुनौतियों को पार करते हुए एनडीए सरकार ने बिहार को विकास की पटरी पर वापस लाया है। बिहार का विकास किया है, करते रहे हैं और करते रहेंगे। बिहार में अभी बहुत कुछ करना है। आपके लिए, गांव के लिए, आपके घर के लिए, नौजवानों के लिए बहुत कुछ किया गया है। पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर भी इस प्रकार की राजनीति के खिलाफ थे। अभी हाल ही में देश ने देखा है कि राजद ने बाबासाहेब की तस्वीर का कैसे अपमान किया है। लेकिन ये लोग कभी माफी नहीं मांगेंगे। क्योंकि इनका पिछड़े, अति पिछड़े, दलित के प्रति कोई सम्मान नहीं है। कांग्रेस और राजद बाबासाहेब की तस्वीर को पैरों पर रखते हैं और हम उन्हें दिल में रखते हैं। इससे पहले पीएम मोदी ने सीवान जिले के जसौली में आयोजित एक कार्यक्रम में करीब 5,900 करोड़ रुपये की लागत से आवास, शहरी विकास, जल शक्ति, विद्युत और रेल से जुड़ी 28 परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस मौके पर बिहार के सीएम नीतीश कुमार भी मौजूद रहे।

## अंतरिक्ष मिशन एक्सिओम-4 की लॉन्चिंग टली, भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की उड़ान अब नई तारीख पर



नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को बताया कि एक्सिओम मिशन-4 (एक्सिओम-4) की प्रस्तावित लॉन्चिंग फिलहाल टाल दी गई है। यह मिशन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना होने वाला था, जिसमें भारत के शुभांशु शुक्ला सहित चार अंतरिक्ष यात्री सवार होने वाले थे। डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पोस्ट में बताया कि नासा ने फिलहाल 22 जून को निर्धारित संभावित लॉन्च तिथि से स्टैंड डाउन (वापस हटने) का फैसला लिया है। अब मिशन की लॉन्चिंग नई तिथि पर की जाएगी, जिसकी घोषणा जल्द ही की जाएगी। एक्सिओम-4 मिशन को अंतरिक्ष में भेजने की जिम्मेदारी निजी अमेरिकी कंपनी एक्सिओम-स्पेस की है, जो नासा के सहयोग से वाणिज्यिक अंतरिक्ष यात्राओं को अंजाम देती है। इस मिशन की खास बात यह है कि इसमें भारत के युवा वैज्ञानिक शुभांशु शुक्ला भी अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले हैं, जिससे देश में खासा उत्साह है। डॉ. सिंह ने कहा कि उन्हें जो जानकारी प्राप्त हुई है, उसके अनुसार मिशन को नई संभावित तिथि पर लॉन्च किया जाएगा। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि देरी के पीछे कोई तकनीकी या सुरक्षा कारण हो सकता है, जिसकी आधिकारिक पुष्टि नासा द्वारा की जाएगी। एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर कई वैज्ञानिक प्रयोग और अनुसंधान कार्य करेंगे। भारत के लिए यह मिशन इसलिए भी खास है क्योंकि यह निजी अंतरिक्ष उड़ानों में भारतीयों की भागीदारी को दशार्ता है और आने वाले समय में देश की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को गति देने में सहायक होगा। देशभर के वैज्ञानिक और अंतरिक्ष प्रेमी शुभांशु शुक्ला की इस उड़ान को लेकर उत्साहित हैं और अब सभी की नजरें नई लॉन्च तिथि पर टिकी हैं।

## लादेन को छिपाने वाली पाकिस्तान की गलती को अमेरिका नहीं भूलेगा: थरूर

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी



तिरुवनंतपुरम। आतंकी ओसामा विन लादेन को पनाह देने में पाकिस्तान ने कोई कसर नहीं छोड़ी थी। इससे अमेरिका आज भी नाराज है। इस मामले में पाकिस्तान की भूमिका की याद दिलाते हुए कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वॉशिंगटन ने डोनाल्ड ट्रंप और पाकिस्तानी सेना के जनरल आसिम मुनीर के बीच बैठक का उपयोग इस्लामाबाद को आतंकवाद का समर्थन न करने की सलाह देने के लिए किया होगा। थरूर ने कहा कि पाकिस्तानी सेना के जनरल को यह संदेश भेजना अमेरिका के हित में भी है क्योंकि पाकिस्तान ने ओसामा बिन लादेन को पनाह दी थी, जो हजारों लोगों की जान लेने वाले 11 सितंबर 2001 के आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार था। कांग्रेस सांसद ने यह टिप्पणी ट्रंप द्वारा मुनीर को दोपहर भोज पर आमंत्रित किए जाने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में यहां की। थरूर ने कहा कि उन्हें लगता है कि अमेरिका ने बातचीत के दौरान पाकिस्तान को आतंकवाद का समर्थन न करने, आतंकवादियों को पनाहगाह न देने तथा आतंकवादियों को भारत में न भेजने, उनकी मदद न करने, उन्हें प्रशिक्षित न करने, हथियार न देने और फंडिंग न करने के महत्व की याद दिलाई होगी। उन्होंने कहा कि यह संदेश कुछ अमेरिकी सीनेटरों और कांग्रेस सदस्यों द्वारा पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल को दिया गया है और उम्मीद है कि अमेरिका सरकार में सभी लोग ऐसा ही करेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा, ह्यह्यओसामा बिन लादेन ने 9/11 के हमलों में 2,000 से अधिक लोगों को मार डाला था। उसने दो प्रतिष्ठित अमेरिकी इमारतों को नष्ट कर दिया था। इसलिए, इन परिस्थितियों में, इस आदमी को छिपाने में पाकिस्तान की गलती कुछ ऐसी है जिसे अमेरिकी आसानी से नहीं भूल सकते। यह पूछे जाने पर कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात क्यों नहीं की, बल्कि पाकिस्तानी जनरल से मुलाकात की, थरूर ने कहा कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने किया, जो एक महत्वपूर्ण सम्मान था। उन्होंने कहा कि आमतौर पर संसदीय प्रतिनिधियों से देश के उप विदेश मंत्रियों जैसे वरिष्ठ अधिकारी मुलाकात करते हैं। थरूर ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुत पहले ही ट्रंप से मुलाकात कर चुके हैं। उन्होंने कहा, हमने बिलकुल वही संदेश दिया जो प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति को दिया था और हमारे संदेश को उपराष्ट्रपति तथा उप विदेश मंत्री ने किसी आपत्ति, असहमति या तर्क के बिना स्वीकार कर लिया। भारत-पाकिस्तान संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिका द्वारा कथित मध्यस्थता पर थरूर ने कहा कि भारत को इसे रोकने के लिए किसी तरह के अनुनय की आवश्यकता नहीं पड़ी, क्योंकि उसने यह स्पष्ट कर दिया था कि यदि पाकिस्तान रुकेगा, तो वह भी रुकेगा। उन्होंने कहा, यदि राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से कोई दबाव रहा होगा तो वह केवल पाकिस्तान पर रहा होगा। जब पाकिस्तान ने संघर्ष रोकने की पेशकश की तो हमने रोक दिया। इसलिए, किसी मध्यस्थता या हम पर किसी दबाव की कोई आवश्यकता नहीं थी।

**साइबर सेंटर** केंद्रीय मंत्री शाह ने दो टूक कहा, जंग से भारत को कोई खतरा नहीं ...

# वर्तमान में दुनिया में मची उथल-पुथल, भारत के लिए सुनहरा मौका

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। ईरान-इजरायल के बीच चल रहे युद्ध से भारत को कितना खतरा? इस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने करोड़ों देशवासियों को बड़ा संदेश दिया है। एक बातचीत के दौरान उन्होंने व्यापार, निवेश, अर्थव्यवस्था से लेकर दुनिया में चल रहे युद्ध पर दो टूक जबाव दिया है।

उन्होंने कहा है कि दुनिया में जो उथल-पुथल मची है, उससे भारत को कोई खतरा नहीं होगा। उनके अनुसार, भारत दुनिया भर में निवेश करने के लिए सबसे सुरक्षित और बेहतरीन जगह है। उन्होंने कहा कि भारत में स्थिर लोकतंत्र है, इतना ही नहीं हमारी सरकार की नीतियां एकदम साफ हैं। दुनिया में अभी जो सुरक्षा को लेकर चिंता है, यह देखकर भारत सबसे अच्छी जगह है। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि भारत में बड़ी संख्या में ग्राहक हैं। हमारे पास दिमाग और युवा हुनर की कोई कमी नहीं है। उनके अनुसार, दुनिया में जो उथल-पुथल हो रही है, हमारी सरकार भारत के लिए एक सुनहरा मौके के रुप में देख रही हैं।



बीजेपी के चाणक्य शाह ने माना कि कुछ परेशानियां जरूर हैं, लेकिन भारत उन परेशानियों से निपटने को तैयार है। उन्होंने कहा कि कोई भी देश बिना मुश्किलों का सामना किए आगे नहीं बढ़ा है। भारत भी तरक्की के रास्ते पर है और एक बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है।

शाह ने कहा कि अगर विकास दर 8 प्रतिशत तक नहीं पहुंचती है, तब भी भारत एक विकसित देश बनने का लक्ष्य हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि विकास दर को दुनिया की अर्थव्यवस्था के हिसाब से देखना चाहिए। आज के समय में भारत की विकास दर दुनिया की विकास दर से बहुत अलग नहीं हो सकती। भारत दुनिया की टॉप 10 अर्थव्यवस्थाओं के साथ सीधा मुकाबला कर रहा है, इसलिए विकास दर उसी के करीब रहेगी। शाह ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद हर देश की अर्थव्यवस्था धीमी पड़ी थी। लेकिन भारत ने न केवल अपनी विकास दर को बनाए रखा, बल्कि पिछले सात-आठ सालों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था भी रहा। उन्होंने कहा कि जब 8 प्रतिशत विकास दर का अनुमान लगाया गया था, तब दुनिया की आर्थिक स्थिति कुछ और थी।

कुछ लोगों का मानना है कि भारत से निवेश बाहर जा रहा है। इस पर शाह ने कहा कि यह अच्छी बात है कि भारतीय कंपनियां अपना कारोबार बढ़ा रही हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 11 सालों में एफडीआर (फॉरेन डायरेक्ट निवेश) 143 प्रतिशत बढ़कर 749 बिलियन डॉलर हो गया है। जबकि यूपीए सरकार के समय में यह आंकड़ा कम था। उन्होंने कहा कि हमें नकारात्मक माहौल नहीं बनाना चाहिए। हमें भारतीय कंपनियों के विस्तार की सराहना करनी चाहिए। एफडीआई का मतलब है जब कोई विदेशी कंपनी भारत में आकर पैसा लगाती है।

शाह ने कहा कि भारत सरकार देश को आगे बढ़ाने के लिए दिन-रात काम कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे देश के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि भारत बहुत जल्द दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा। भारत सरकार का लक्ष्य है कि देश को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाया जाए। इसके लिए सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है और लोगों को प्रोत्साहित कर रही है।

## गलवान झड़प के बाद पहली बार अगले सप्ताह चीन जाएंगे राजनाथ सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। चीन और भारतीय सैनिकों के बीच गलवान में हुई झड़प के बाद पहली बार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अगले सप्ताह 25 से 27 जून तक चीन की यात्रा पर जा रहे हैं। चीन के किंगदाओ शहर में आयोजित होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे। यह यात्रा 2020 के गलवान संघर्ष के बाद किसी भारतीय रक्षा मंत्री की चीन की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। एससीओ की इस बैठक में भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान, ईरान, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान सहित 10 देशों के रक्षा मंत्री हिस्सा लेंगे। इस दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग, आतंकवाद विरोधी उपायों और कनेक्टिविटी बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। राजनाथ सिंह इस बैठक के दौरान अपने चीनी समकक्ष एडमिरल डोंग जुन और रूसी समकक्ष आंद्रेई बेलौसोव के साथ द्विपक्षीय वार्ता कर सकते हैं। अक्टूबर 2024 में हुए भारत-चीन सीमा समझौते के बाद चीनी रक्षा मंत्री के साथ राजनाथ सिंह की पहली पहली मुलाकात होगी। उस समझौते के तहत पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव कम करने के लिए सैनिकों की वापसी और गश्त की बहाली पर सहमति बनी थी। इसके अलावा, राजनाथ सिंह कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान जैसे मध्य एशियाई देशों के रक्षा मंत्रियों से भी मुलाकात कर सकते हैं। हालांकि, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के साथ कोई द्विपक्षीय बैठक नहीं होगी। भारत ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने के कारण ऐसी कोई वार्ता संभव नहीं है। यह यात्रा भारत और चीन के बीच संबंधों को सामान्य करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अक्टूबर 2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद दोनों देशों ने कई विश्वास-बहाली के उपाय शुरू किए हैं। इनमें कैलाश मानसरोवर यात्रा की बहाली, नदियों के जल डेटा साझा करना, सीधी हवाई उड़ानों की बहाली और वीजा प्रक्रिया को आसान करना शामिल है। भारत ने चीन की एससीओ अध्यक्षता को भी समर्थन दिया है, जिसे हाल ही में नई दिल्ली में भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और चीनी उप विदेश मंत्री सुन वेइडॉन्ग के बीच हुई बातचीत में दोहराया गया। इसके अलावा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने दिसंबर 2024 में 23वें विशेष प्रतिनिधि बैठक के लिए चीन का दौरा किया था, और भारतीय विदेश सचिव ने जनवरी 2025 में बीजिंग का दौरा किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### बाघ ने मजदूर को मार डाला, शव को घसीटकर कुछ दूर ले गया, साथियों के शोर मचाने पर भागा

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** गंगापुर गांव में बुधवार सुबह धान की रोपाई लगाने के लिए खेत में गए मजदूर को बाघ ने अपना निवाला बना लिया। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। मझोला क्षेत्र के जादोपुर ग्रामसभा के गंगापुर गांव में बुधवार सुबह धान की रोपाई लगाने के लिए खेत में गए मजदूर को बाघ ने अपना निवाला बना लिया। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। बीसलपुर,पीलीभीत यूपी निवासी जितेंद्र सिंह (40) पुत्र विशराम सिंह सुबह करीब साढ़े पांच बजे अपने नौ साथियों के साथ सुनपहर निवासी जसवंत सिंह के खेत में रोपाई लगाने के लिए जा रहा है। सभी श्रमिक खेत में पहुंच गए थे लेकिन जितेंद्र कुछ दूर पीछे पंप पर पानी के रुक गया, तभी पीछे से घात लगाकर बैठे बाघ ने उस हमला कर दिया। अन्य मजदूरों के शोर मचाने पर बाघ जितेंद्र को घसीटता हुआ कुछ दूरी तक ले गया। मजदूरों को देखकर बाघ भाग गया, घायल को खटीमा उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया है ।जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अनुसूचित जनजाति आयोग के शिविर में 22 शिकायतों की सुनवाई

**गदरपुर, एजेंसी।** अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों को लेकर जनजाति आयोग की अध्यक्ष लीलावती राणा की अध्यक्षता में शिविर लगाया गया। संयुक्त मजिस्ट्रेट आशिमा गोयल, तहसीलदार लीना चंद्रा, आयोग के सदस्य बाबू सिंह तोमर और सुरेंद्र सिंह राणा की मौजूदगी में भूमि संबंधित, भूमि पर कब्जे और एनएच मुआवजे को लेकर 22 शिकायतें रखी गईं। तहसीलदार लीना चंद्रा ने बताया कि दस मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया और बाकी मामलों को जारी रखने की बात कही गई। उन्होंने बताया कि कुछ मामले वर्ष 2018-19 समय के थे, उनका भी निस्तारण करने का प्रयास किया गया। आयोग की अध्यक्ष राणा ने बताया कि अधिकारियों को मामलों की तुरंत सुनवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। वहां गौरव राणा, जितेंद्र सिंह, इंदु भट्ट, सुरजीत सिंह, सोमल सिंह, अमनदीप सिंह, राधिका अग्रवाल आदि थे।

### पांच दिवसीय एमएमटीटीपी प्रोग्राम 21 जुलाई से

**काशीपुर, एजेंसी।** आईआईएम काशीपुर में 21 से 25 जुलाई तक मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमएमटीटीपी) का आयोजन किया जाएगा। यह पांच दिवसीय कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में 'भविष्य के नेतृत्व का पोषण' विषय पर रहेगा। यह केंद्रीय, राज्य सरकार व निजी विश्वविद्यालयों और संस्थानों के शिक्षकों व संकायों के नेतृत्व कौशल को बढ़ाने के उद्देश्य से किया जाएगा। इस दौरान उन्हें केस स्टडी, समूह अभ्यास, नीति इनपुट, मुद्दों और चुनौतियों को समझने के लिए अंतरदृष्टि विकसित करना आदि विषयों पर जानकारी दी जाएगी। इस प्रोग्राम के लिए संस्थान की अधिकारिक वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया अभी जारी है।

### बिजली कटौती से समय काटना हुआ मुश्किल

**रुद्रपुर, एजेंसी।** जिला मुख्यालय इन दिनों बिजली कटौती का दंश झेल रहा है। उमस भरी गर्मी में रात में घंटों हो रही कटौती के कारण आमजन को सड़कों और छतों पर समय गुजारना पड़ रहा है। दिन-रात में अचानक हो रही कटौती से जनजीवन बेहाल है।घासमंडी में ट्रांसफार्मर फुंकने से 20 घंटे लोग गर्मी में परेशान रहे। रुद्रपुर शहर में इन दिनों अघोषित बिजली कटौती हो रही है। सोमवार रात आठ बजे रंपुरा, प्रीत विहार, आदर्श कॉलोनी, सिंह कॉलोनी, भूत बंगला, भदईपुरा सहित शहर के आधे हिस्से में आपूर्ति बाधित हो गई। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से परेशान होना पड़ा। लोग सड़कों पर टहल पर समय काटते रहे। करीब पौने 10 बजे बिजली आई। इसके बाद ठीक 11ः30 बजे फिर कटौती हो गई। रात में बिजली कटने से लोगों के सोने में खलल पड़ गई। करीब एक घंटे बाद आपूर्ति बहाल होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। घासमंडी निवासी मनोज ने बताया कि सोमवार की तड़के दो बजे ट्रांसफार्मर फुंक गया था। इसे रात दस बजे बदला गया। सिंह कॉलोनी के गुरसाब ने बताया कि कई दिनों से रात में सोने के समय कटौती का दौर चल रहा है। कॉलोनी के संजू ने बताया कि रात में कटौती से लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### चेयरमैन ने किया पर्वतीय समाज के श्मशान घाट का शिलान्यास

**बाजपुर, एजेंसी।** चेयरमैन गुरजीत सिंह गित्ते ने मंगलवार को लेवड़ा नदी किनारे राज्य वित्त आयोग से सात लाख रुपये की लागत से बनने वाले पर्वतीय श्मशान घाट का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि दो माह पहले पर्वतीय महासभा समिति के पदाधिकारियों ने दाह संस्कार में होने वाली परेशानियों से अवगत कराया था। इस पर पालिका बोर्ड ने सहमति से प्रस्ताव पारित किया। मंगलवार को पर्वतीय श्मशान घाट का निर्माण शुरू कर दिया गया। सुनील कुमार, कैलाश चंद्र जोशी, भगवंत सिंह मियान, बंशीधर मिश्रा आदि थे।

# उत्तराखंड अब घुड़सवारी में रचेगा इतिहास, महाराणा प्रताप के चेतक की प्रजाति का कर्मा करा रहा अभ्यास

**देहरादून, एजेंसी।**
उत्तराखंड में नेशनल गेम्स के बाद खेलों के क्षेत्र में एक नया अध्याय शुरू हो गया है. इसमें अब इक्वेस्ट्रियन यानी घुड़सवारी खेल विद्या भी जुड़ गई है. इसके लिए महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में तीन विशेष प्रजातियों के स्पोर्ट्स घोड़े खिलाड़ियों को ट्रेन करेंगे. ऐसे में अब उत्तराखंड में भी खिलाड़ी घोड़ों पर सवार होकर अपनी ताकत, संतुलन और जज्बे का परिचय देते नजर आएंगे.

उत्तराखंड में अब युवाओं के लिए खेलों की नई दिशा खुलने जा रही है. फुटबॉल, क्रिकेट और तमाम अन्य खेल विधाओं के साथ एक नई रोमांचक खेल विधा भी अब उत्तराखंड के खिलाड़ियों का इंतजार कर रही हैं. दरअसल, देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में अब सिर्फ एथलेटिक्स ही नहीं, बल्कि दौड़ते घोड़े भी नजर आएंगे.



देहरादून में लाए गए 6 अलग-अलग नस्ल के घोड़े- उत्तराखंड खेल विभाग ने इक्वेस्ट्रियन स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए एक खास घुड़सवारी ग्राउंड तैयार किया है. जहां युवा अब शो जंपिंग, ड्रेसाज और क्रॉस कंट्री जैसे अंतरराष्ट्रीय खेलों की ट्रेनिंग पा सकेंगे. जिसके लिए खेल विभाग की ओर से 6 अलग-अलग नस्लों के घोड़े लाए गए हैं. इनमें थोरब्रेड, वार्म ब्लड और मारवाड़ी जैसी शानदार ब्रीड शामिल हैं.

डॉक्टर पीयूष रतूड़ी की पहल पर शुरू हुई घुड़सवारी- महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में इक्वेस्ट्रियन यानी घुड़सवारी खेल की शुरुआत डॉक्टर पीयूष रतूड़ी जो कि पेशे से एक डेंटिस्ट हैं, उनकी पहल पर शुरू हुई है. डॉ. पीयूष रतूड़ी भले ही पेशे से एक डॉक्टर हैं, लेकिन उन्हें बचपन से ही घुड़सवारी का शौक है. इसी के चलते उन्होंने अपना एक प्राइवेट अस्तबल भी देहरादून में संचालित किया था.

अब उत्तराखंड खेल विभाग के विशेष प्रमुख खेल सचिव अमित सिन्हा के आग्रह पर उन्होंने महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में घुड़सवारी की शुरुआत की है. खेल विभाग की ओर से घुड़सवारी खेल के लिए तमाम अवस्थापनाएं विकसित की गई हैं तो वहीं अब 6 घोड़े भी यहां पर विशेष प्रजातियों के देश के अलग-अलग इलाकों से लाए गए हैं.

महाराणा प्रताप के चेतक प्रजाति का घोड़ा सबसे खास- महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में महाराणा प्रताप के प्रसिद्ध घोड़े चेतक प्रजाति का घोड़ा कर्मा सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र है, जो कि एक प्योर मेल नस्ल का स्वदेशी घोड़ा है. यह ऊंची कद काठी का बेहद खूबसूरत और नटखट घोड़ा है. यह मेवाड़ के मारवाड़ी प्रजाति का घोड़ा है.

मारवाड़ी घोड़ा, वही नस्ल है, जिसमें महाराणा प्रताप का घोड़ा चेतक भी शामिल था. इतना ही नहीं महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में मौजूद इस मारवाड़ी घोड़े कर्मा की खासियत बताते हुए डॉ. पीयूष रतूड़ी कहते हैं कि इतिहास में जितने भी राजा महाराजा हुए हैं, जब भी हाथी घोड़ों से जंग हुआ करती थी तो राजा और सेनापतियों के पास इसी प्रजाति के घोड़े हुआ करते थे.

डॉ. पीयूष रतूड़ी ने बताया कि इसे ज्यादा वार्म अप की जरूरत नहीं होती है. हमेशा फ्रेश रहता है और लंबे समय तक चल सकता है. विशेष तौर पर प्वॉइंटेड कानों की वजह से पूरी दुनिया में इस घोड़े को सबसे खूबसूरत बनाता है. वहीं, इसके अलावा महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में थरू ब्रीड के घोड़े जो कि विशेष तौर से रेस ट्रैक के घोड़े होते हैं और उसके बाद उन्हें गेम्स के लिए ट्रेन किया जाता है, वो मौजूद हैं. इसके साथ ही विदेशी ब्रीड के साथ मिक्स करने के बाद वार्म ब्लू प्रजाति के घोड़े भी यहां मौजूद हैं.

आईएमए में सैन्य कैडेट्स को ट्रेनिंग देने वाले कोच- उत्तराखंड में घुड़सवारी के खेल को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए एक स्पेशलाइज्ड कोच को खेल विभाग की ओर से नियुक्त किया गया है. आरवीसी सेंटर मेरठ से बतौर ट्रेनर रिटायर्ड सतेंद्र सिरोही को महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में इक्वेस्ट्रियन कोच के रूप में लाया गया है. सत्येंद्र सिरोही के बारे में जानिए- कोच एवं ट्रेनर सत्येंद्र सिरोही के अनुभवों की बात करें तो वे इक्वेस्ट्रियन में नेशनल खिलाड़ी रह चुके हैं. इतना ही नहीं वे देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी में भी सैन्य अधिकारियों को घुड़सवारी की ट्रेनिंग भी दे चुके हैं. आरवीसी सेंटर मेरठ से रिटायर्ड होने के बाद अब बतौर इक्वेस्ट्रियन कोच उत्तराखंड आए हैं. उत्तराखंड में इक्वेस्ट्रियन यानी घुड़सवारी खेलों की ज्यादा पहचान नहीं थी, लेकिन खेल विभाग अब इसे नई रफ्तार देने जा रहा है. तेज रफ्तार घोड़े की लगाम संभालना अनुशासन और आत्मविश्वास सिखाता है. यही बनाता है खिलाड़ियों के भीतर मजबूत मनोबल की बुनियाद. उत्तराखंड में अब खेल के मैदान बदल रहे हैं और घुड़सवारी जैसे खेल युवाओं के भविष्य को नई उड़ान देने जा रहे हैं. घुड़सवारी न सिर्फ ताकत और संतुलन सिखाती है, बल्कि आत्मविश्वास और मनोबल को भी नई ऊंचाई देती है. अब देखना ये है कि इस परंपरागत खेल को प्रदेश में कितनी रफ्तार मिलती है. महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में इक्वेस्ट्रियन के मेंटोर डॉ. पीयूष रतूड़ी के मुताबिक, प्रत्येक घोड़े के दाना पानी में प्रति माह 15,000 का खर्च आता है तो वहीं इसके रखरखाव करने वाले कर्मचारी तनख्वाह भी तकरीबन 15,000 रुपए है. घोड़ों की कीमत- वहीं, अगर घोड़े की कीमतों की बात की जाए तो थरू ब्रीड के घोड़े की कीमत इस वक्त 8 से 10 लाख से शुरू होती है और यह करोड़ तक जाती है. इसी तरह से मेवाड़ के मारवाड़ी घोड़े की कीमत भी 8 से 10 लाख से शुरू होती है, जो कि करोड़ तक जाती है. इसके अलावा हॉर्स रेस में इस्तेमाल होने वाले बेहद खास वॉर्म बल्ड घोड़े की कीमत 25 लाख से शुरू होती है, जो कि करोड़ तक जाती है. उत्तराखंड में खेल विभाग की ओर से मांगे गए इन घोड़ों में मारवाड़ी घोड़ा राजस्थान से लाया गया है तो वहीं थरू ब्रीड के घोड़े दिल्ली से मंगवाए गए हैं.

## कुमाऊं में ट्रेनिंग सेंटर बनाएगा टाटा ग्रुप, नैसकॉम भी करेगा बड़े काम

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
उत्तराखंड सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी गुरुवार को हल्द्वानी पहुंचे. जिला उद्योग केंद्र सभागार में उन्होंने कहा सेतु आयोग राज्य की विकास के लिए टाटा ग्रुप सहित कई बड़े सेक्टर के सहयोग कार्य कर रही है. टाटा ग्रुप के माध्यम से उत्तराखंड के किसानों के उनके उत्पाद खरीदने के लिए सहमति बनी है. इसके अलावा कुमाऊं यूनिवर्सिटी और टाटा ग्रुप के ताज होटल के बीच होटल मैनेजमेंट कोर्स के लिए अनुबंध होने जा रहा है. जिसके तहत टाटा ग्रुप अपना ट्रेनिंग सेंटर बनाएगी. इसके माध्यम से यहां के युवा होटल मैनेजमेंट का कोर्स कर सकेंगे. होटल मैनेजमेंट के कोर्स कर चुके 80त्न छात्रों को ताज ग्रुप अपने यहां जॉब भी उपलब्ध कराएगा. ताज होटल के ट्रेनिंग सेंटर खोलने के लिए कुमाऊं यूनिवर्सिटी जगह उपलब्ध कराएगी. जहां उत्तराखंड के बच्चे होटल मैनेजमेंट का कोर्स कर सकेंगे. सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर ने बताया आयोग के पहल से आईटी सॉफ्टवेयर कंपनी नैसकॉम के सहयोग से अगले सत्र में उत्तराखंड के सभी सरकारी डिग्री कॉलेज और उच्च शिक्षा के अलावा इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ꣳढ्ढ) कोर्स करने जा रहा है. जिससे उत्तराखंड के



युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की जानकारी हो सके. उन्होंने कहा आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सिक्योरिटी का है. उन्होंने कहा उत्तराखंड के देहरादून में गुजरात सरकार के सहयोग से एक स्टार्टअप हब बनाया जा रहा है. उत्तर भारत का सबसे मजबूत यू हब बनाने जा रहे हैं. स्टार्टअप हब के माध्यम से युवाओं को कंपनी बनाने की जानकारी देना, उनके स्टार्टअप को लीगल और फाइनेंसली मदद करने के साथ-साथ मार्केटिंग करने की भी व्यवस्था की जाएगी.

## विश्व योग दिवस पर दिल्ली में आसन करेंगी उत्तराखंड की हर्षिका, 8 साल की उम्र में जीत चुकीं 30 से ज्यादा मेडल

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
रबर डॉल के नाम से मशहूर 8 साल की हल्द्वानी की बिटिया हर्षिका रिखाड़ी ने योग के क्षेत्र में अनेक उपलब्धि हासिल कर उत्तराखंड के साथ साथ पूरे भारत वर्ष में अपनी नई पहचान बना ली है. हर्षिका रिखाड़ी योगिनी ने अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर योग के क्षेत्र में शीर्ष 21 भारतीय प्रेरक योगी में अपना नाम दर्ज करा कर एक बार फिर नया कीर्तिमान स्थापित किया.



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर परफॉर्म करेंगी हर्षिका - अब हर्षिका के खाते में एक और उपलब्धि जुड़ने जा रही है. 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर हर्षिका अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ के तत्वावधान में आयोजित योग महोत्सव में योग करेंगी. ये आयोजन देश की राजधानी नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में होगा.

योग महाशिखर सम्मेलन में सम्मानित हुईं हर्षिका- अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ के तत्वाधान में 15 जून को दिल्ली के लाजपत भवन ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय महाशिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया था. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सनातनी राजनेता एवं उद्योगपति डॉ अभिषेक वर्मा उपस्थित रहे. हर्षिका रिखाड़ी ने वहां अपनी आर्टिस्टिक योग प्रस्तुति भी दी. मुख्य अतिथि डॉ अभिषेक वर्मा और वहां उपस्थित सभी लोगों ने हर्षिका की योग प्रस्तुति को खूब सराहा. हर्षिका को 21,000 की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित भी किया.

ब्रांड एंबेसडर बनीं हर्षिका- इसके साथ ही हर्षिका के नाम पर एक और उपलब्धि भी जुड़ गई है. अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष योग गुरु मंगेश द्विवेदी ने हर्षिका को अपने महासंघ का ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है. इससे खुश हर्षिका के पिता भुवन रिखाड़ी ने कहा कि अब बेटी का अगला लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग के क्षेत्र में देश के लिए गोल्ड मेडल लाना है.

8 साल की हर्षिका जीत चुकीं 30 से ज्यादा मेडल- हल्द्वानी के रामपुर रोड देवलचौड़ के रहने वाली 8 वर्षीय हर्षिका जस गोविन पब्लिक स्कूल की कक्षा चार की छात्रा हैं. हर्षिका योग के क्षेत्र में उत्तराखंड ही नहीं बल्कि पूरे भारत में अपना लोहा मनवा रही हैं. हर्षिका कई राष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं. अगर हर्षिका रिखाड़ी के अब तक प्राप्त मेडलों की बात करें तो वो योग के क्षेत्र में 30 से ज्यादा मेडल और ट्रॉफी जीत चुकी हैं. इनमें 15 गोल्ड मेडल भी शामिल हैं. मात्र 8 साल की उम्र में हर्षिका 6 बार नेशनल लेबल पर परफॉर्म कर चुकी हैं और उसमें भी कई गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं.

## स्मार्ट मीटर लगने 5 महीने बाद शख्स को लगा झटका

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
डहरिया स्थित सीएमटी कालोनी निवासी भवानी राम को बिजली का नया स्मार्ट मीटर लगने के पांच माह बाद 2.62 लाख रुपये का बिल मिला है। प्रतिमाह जहां 1500 से दो हजार रुपये तक बिल आता था। वहीं, दो लाख से अधिक का बिल देख वह हैरान रह गए। ऊर्जा निगम से शिकायत करने पर जांच की गई तो पुराने मीटर की रीडिंग के आधार पर बिल जनरेट होने का मामला सामने आया। निगम और स्मार्ट मीटर लगा रही कंपनी पुराने मीटर की एमआरआइ कराने की बात कह रही है।

दरअसल, डहरिया निवासी भवानी राम के घर में जनवरी में स्मार्ट मीटर लगाया गया था। उन्हें इस माह अचानक 2.62 लाख रुपये बिल प्राप्त हुआ। इधर, मीटर लगा रही कंपनी के स्थानीय




अधिकारी हरीश तिवारी ने बताया कि बिल में गड़बड़ी का मामला उनके संज्ञान में आया था। ऐसे में बिजली का पुराना मीटर बदलते समय ली गई रीडिंग और मीटर के फोटो की जांच की गई। वर्तमान में आए बिल से मिलान करने पर पुरानी रीडिंग से गणना की बात सामने आई है। पुराने मीटर में रीडिंग इतनी कैसे पहुंची इसकी जांच तो ऊर्जा निगम स्तर पर होगी। लेकिन संभावना है कि मीटर जंप करने से ऐसा हुआ हो। उन्होंने बताया कि पांच महीने में संबंधित उपभोक्ता ने 872.5 यूनिट बिजली खर्च की है और उसी के अनुसार बिल जनरेट हुआ है।

दरअसल, डहरिया निवासी भवानी राम के घर में जनवरी में स्मार्ट मीटर लगाया गया था। उन्हें इस माह अचानक 2.62 लाख रुपये बिल प्राप्त हुआ। इधर, मीटर लगा रही कंपनी के स्थानीय अधिकारी हरीश तिवारी ने बताया कि बिल में गड़बड़ी का मामला उनके संज्ञान में आया था। ऐसे में बिजली का पुराना मीटर बदलते समय ली गई रीडिंग और मीटर के फोटो की जांच की गई। वर्तमान में आए बिल से मिलान करने पर पुरानी रीडिंग से गणना की बात सामने आई है। पुराने मीटर में रीडिंग इतनी कैसे पहुंची इसकी जांच तो ऊर्जा निगम स्तर पर होगी। लेकिन संभावना है कि मीटर जंप करने से ऐसा हुआ हो। उन्होंने बताया कि पांच महीने में संबंधित उपभोक्ता ने 872.5 यूनिट बिजली खर्च की है।

## अवैध मदरसा सील से भड़के लोग भाजपा पार्षद के घर पर धमके

**रुद्रपुर, एजेंसी।** पहाड़गंज में प्रशासन की ओर से अवैध मदरसा सीज करने के बाद सैकड़ो लोग सोमवार रात भाजपा पार्षद के घर धमक गए। उन्होंने घर के बाहर से ही पार्षद को गालीगलौज कर मारने की धमकी दी। पार्षद ने मामले में आरोपियों के खिलाफ पुलिस में तहरीर देने की बात कही है। एडीएम पंकज उपाध्याय की अगुवाई में सोमवार को पहाड़गंज पहुंची टीम ने 50 से अधिक अवैध भवनों को चिह्नित करने के साथ ही एक अवैध मदरसा सील कर दिया। इससे भड़के सैकड़ों लोग देर रात पार्षद नूरुद्दीन के घर जा धमके। घटना के समय पार्षद दिल्ली में थे। घर में परिजन मौजूद थे। पार्षद ने बताया कि पहाड़गंज के रहने वाले पांच लोग उनसे चुनावी रंजिश रखते हैं। उनके वार्ड में प्रशासन ने मदरसा सील किया था। इस पर पांचों लोगों ने मोहल्ले के लोगों को उनके खिलाफ भड़काया था। इन लोगों के भड़काने पर 100 से अधिक लोग उनके घर पर पहुंच गए थे। इन लोगों ने उनको घर के गेट पर खड़े होकर गालियां दीं और उनको जान से मारने की बात कही थी। मंगलवार की सुबह वे दिल्ली से घर लौटे तो घटना की जानकारी हुई। उनको आरोपियों से जानमाल का खतरा है। बताया कि घटना की सीसीटीवी फुटेज भी है। कुछ लोग पहचान में आ रहे हैं और बड़ी संख्या में लोग बाहर के भी हैं।

## बारिश से मतपेटियों को बचाने के लिए हों वाटरप्रूफ बैग की व्यवस्था -डीएम

**रुद्रपुर, एजेंसी।** राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों की वर्चुअल समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव शीघ्र होने हैं। इसलिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सभी तैयारियां शीघ्र पूर्ण कर लें। डीएम ने वर्षाकाल को देखते हुए मतपेटियों को कवर करने के लिए वाटरप्रूफ बैग के साथ ही वाटरप्रूफ टैंट की व्यवस्था का सुझाव दिया। निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि आरओ व एआरओ की तैनाती शीघ्र कर लें और स्ट्रॉन्ग रूम, मतगणना स्थल चिह्नित करते हुए आयोग को शीघ्र भेजें। उन्होंने संवेदनशील मतदेय स्थल चिह्नित कर सुरक्षा के प्लान भी तैयार करने के लिए कहा। मतदेय स्थलों का रूट चार्ट तैयार कर लें और पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। कहा कि निर्वाचन कार्मिकों की डाटा फीडिंग करते हुए नोडल अधिकारी भी तैनात कर लें।

## एंबुलेंस के इंतजार में आधा घंटे तक सड़क पर तड़पते रहे घायल

**लालकुआं (नैनीताल), एजेंसी।**
बरेली रोड के तीनपानी क्षेत्र से बहेड़ी में आयोजित विवाह समारोह में जा रहे बाइक सवार युवकों को लालकुआं में तेजी से आ रहे डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

जिसके बाद घायल युवक एम्बुलेंस के इंतजार में लगभग आधा घंटा तड़पते रहे। उसके बाद पहुंची 108 एंबुलेंस द्वारा उन्हें डॉ सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी को भेजा गया।

गुरुवार की दोपहर लगभग 1ः45 बजे तीनपानी बरेली रोड से बाइक में सवार होकर आ रहे पप्पू श्रीवास्तव उम्र लगभग 22 वर्ष एवं शुभम उम्र 25 वर्ष नगर के गुरुद्वारा के सामने पहुंचे ही थे कि तभी उनके पीछे चल रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

परिणाम स्वरूप दोनों युवक बुरी तरह




सड़क में गिर पड़े। एक युवक के पांव की एड़ी के ऊपर से ट्रक का टायर गुजर गया। जिससे वह पूरी तरह लहुलुहान हो गया। इस इस बीच मौका पाकर डंपर चालक डंपर लेकर फरार हो गया। और लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। कुछ ट्रांसपोर्टरों ने युवकों के मोबाइल फोन लेकर उनके परिजनों को फोन लगाकर घटना की जानकारी दी। तथा 108 एंबुलेंस को भी फोन किया।

दोनों युवक सड़क पर आधा घंटे तक तड़पते रहे। इसी बीच मौके पर कोतवाली पुलिस के जवान तरुण मेहता और आनंद पूरी पहुंच गए। करीब आधे घंटे बाद पहुंची 108 एंबुलेंस में दोनों घायलों को डॉ सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी को रवाना किया।

परिणाम स्वरूप दोनों युवक बुरी तरह सड़क में गिर पड़े। एक युवक के पांव की एड़ी के ऊपर से ट्रक का टायर गुजर गया। जिससे वह पूरी तरह लहुलुहान हो गया। इस इस बीच मौका पाकर डंपर चालक डंपर लेकर फरार हो गया। और लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। कुछ ट्रांसपोर्टरों ने युवकों के मोबाइल फोन लेकर उनके परिजनों को फोन लगाकर घटना की जानकारी दी। तथा 108 एंबुलेंस को भी फोन किया।

दोनों युवक सड़क पर आधा घंटे तक तड़पते रहे। इसी बीच मौके पर कोतवाली पुलिस के जवान तरुण मेहता और आनंद पूरी पहुंच गए। करीब आधे घंटे बाद पहुंची 108 एंबुलेंस में दोनों घायलों को डॉ सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी को रवाना किया।

# दिल्ली की जनता को समझ आ गया है, भाजपा एमसीडी में सरकार बनाने के लिए क्यों छटपटा रही थी? : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली,पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने भाजपा के संबंध में एक बड़ा खुलासा करते हुए बताया, कि भारतीय जनता पार्टी की ही एक महिला निगम पार्षद ने भारतीय जनता पार्टी के साउथ जॉन के चेयरमैन उमेद फोगाट पर बड़े आरोप लगाते हुए कहा, कि उमेद फोगाट ने उस महिला पार्षद से अश्लील बातें की, गंदे इशारे किए और जब बात नहीं बनी तो उस महिला पार्षद को गंदी-गंदी गालियां दी। भाजपा की उस महिला पार्षद ने अपने आरोपों में यह भी कहा कि उमेद फोगाट ने खुद उस महिला पार्षद से यह बात कही थी, कि साउथ जॉन का चेयरमैन बनने के लिए उसने अपनी ही पार्टी को 70 लाख रुपए की रिश्वत दी है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आज पूरी दिल्ली की जनता को यह बात समझ आ गई होगी, कि आखिर भारतीय जनता पार्टी नगर निगम में अपनी सरकार दोबारा स्थापित करने के लिए क्यों इतनी छटपटा रही थी। उन्होंने कहा कि अब लोगों को यह मालूम हो गया है कि बतौर पार्षद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी नगर निगम के सदन में क्यों हंगामा किया करती थी, क्यों माइक तथा अन्य संपत्तियों को तोड़ने का काम करती थी। सौरभ भारद्वाज ने भाजपा की उस महिला पार्षद द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में जानकारी साझा करते हुए बताया, कि उस महिला पार्षद ने केवल यह आरोप ही नहीं लगाए है, बल्कि वर्तमान में दिल्ली नगर निगम के मेयर राजा इकबाल सिंह को लिखित रूप से चिट्ठी देकर इस बात की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि महिला पार्षद के द्वारा यह शिकायत 18 जून को दिल्ली नगर निगम के मेयर को लिखित रूप में दी गई है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इस मामले के संबंध में जो जानकारियां मिल रही है, उसके मुताबिक मेयर साहब को इस मामले की जानकारी है और कल भाजपा के कई बड़े-बड़े नेताओं को भी इस मामले से अवगत कराया गया है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अखबारों में छपी खबर के मुताबिक मेयर राजा इकबाल सिंह ने कहा है, कि हम दोनों पार्षदों से बातचीत करके इस मामले का हल निकालेंगे। उन्होंने कहा यहां यह प्रश्न उठता है, कि यह कोई घर का आपसी मामला नहीं है, यह एक आपराधिक मामला है, उन्होंने कहा कि किसी महिला से अश्लील बातें करना, गंदे इशारे करना, गाली गलोज करना और उसे जान से मारने की धमकी देना पूर्ण रूप से एक आपराधिक मामला है, मेयर राजा इकबाल सिंह बताएं कि उन्होंने इस मामले में अब तक दोषी व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर क्यों नहीं करवाई? सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सदन का मेयर सभी का संरक्षक होता है। जब एक महिला पार्षद ने लिखित रूप से किसी व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, तो यह मेयर का कर्तव्य था, कि वह तुरंत प्रभाव से उसकी शिकायत का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करता। परंतु भाजपा के मेयर राजा इकबाल सिंह ने उस महिला की शिकायत पर कार्रवाई करने की बजाय मामले को दबाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि साथ ही साथ भारतीय जनता पार्टी के जो बड़े नेता इस मामले से अवगत थे, उन्होंने भी किसी प्रकार की कोई कार्रवाई के लिए आवाज नहीं उठाई। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा के मेयर राजा इकबाल सिंह तथा भाजपा के वह सभी नेता जो इस मामले की जानकारी रखते थे, उन सब पर भी मामले को छुपाने और दबाने के जुर्म में कार्रवाई की जानी चाहिए। शिकायत में लिखी दूसरी बात के संबंध में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि शिकायत में कहा गया है, उमेद फोगाट ने साउथ जॉन का चेयरमैन बनने के लिए अपनी ही पार्टी को 70 लाख रुपए की रिश्वत दी। सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि यह भी कोई छोटा मामला नहीं है। यह मामला सीधे तौर पर भ्रष्टाचार से जुड़ा एक आपराधिक मामला है। सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि चेयरमैन का पद एक संवैधानिक पद होता है और उस पद को पाने के लिए किसी व्यक्ति द्वारा रिश्वत दिया जाना यह सीधा-सीधा भ्रष्टाचार का मामला है, इस मामले में सीबीआई से जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि 70 लाख रुपए की राशि एक बहुत बड़ी राशि होती है, इसमें पीएमएलए का मामला बनता है। ईडी को इसकी जांच करनी चाहिए की इतना पैसा उमेद फोगाट के पास कहां से आया और किस व्यक्ति को उमेद फोगाट ने साउथ जॉन का चेयरमैन बनने के लिए यह पैसा दिया, इन सब की जांच होनी चाहिए। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि एक जॉन के चेयरमैन के पद के लिए 70 लाख रुपए की रिश्वत दिया जाना इस बात की ओर इशारा करता है, कि अब उस जोन में लूट का तंत्र शुरू किया जाएगा।

# सरकार का लक्ष्य हर नागरिक के जीवन में सहूलियत, समृद्धि लाना: रेखा गुप्ता

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि विकास का अर्थ सिर्फ योजनाएं नहीं बल्कि हर गली, हर कॉलोनी और हर नागरिक के जीवन में सहूलियत और समृद्धि लाना है। श्रीमती गुप्ता ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा, आज शालीमार बाग विधानसभा के कस्तूरबा पॉलिटेक्निक, पीतमपुरा से लेकर अंबेडकर नगर के रैन बसेरा तक चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और कई नई परियोजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जो समस्याएँ वर्षों से समाधान की राह देख रही थीं, उनकी दिशा में आज एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। क्षेत्र में 17 लाख एवं 27 लाख की लागत से दो नए पम्प हाउस का लोकार्पण किया गया, जो जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान देंगे। साथ ही हैदरपुर गांव में नए नाले, सीवर और सड़कों का कार्य तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारा संकल्प है कि दिल्ली में विकास का अर्थ सिर्फ योजनाएं नहीं, बल्कि हर गली, हर कॉलोनी और हर नागरिक के जीवन में सहूलियत और समृद्धि लाना है। दिल्ली को सुंदर, व्यवस्थित एवं सुविधासम्पन्न बनाना है। उन्होंने कहा कि आज शालीमार बाग में आत्मयोग संस्थान द्वारा आयोजित योग, ध्यान एवं चिकित्सा शिविर में सहभागी होकर योग के गहन अनुभव से आत्मिक शांति और ऊर्जा की अनुभूति हुई। योग भारत की अद्वितीय सांस्कृतिक धरोहर है, जो न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को स्थिरता और आत्मा को चेतना प्रदान करता है। यह अनुशासन, संतुलन और आत्म-संवाद का अमूल्य माध्यम है। श्रीमती गुप्ता ने कहा, कल (21 जून) को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिल्ली के 11 प्रतिष्ठित स्थलों पर मैं स्वयं, मेरे कैबिनेट सहयोगी और दिल्ली के सांसदगण, आम नागरिकों के साथ मिलकर योग साधना करेंगे। आप सभी से आग्रह है कि अधिकतम संख्या में इस अभियान से जुड़ें और एक भारत, स्वस्थ भारत के संकल्प को जन-जन का उत्सव बनाएं।

## संक्षिप्त खबरें

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दिल्ली मेट्रो का बदला समय

नई दिल्ली, । अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 21 जून को दिल्ली में सभी लाइनों पर सुबह 4 बजे से मेट्रो चलेगी। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के मुख्य कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल के मुताबिक शनिवार को दिल्ली में जगह-जगह योग दिवस का आयोजन सुबह 6 बजे से शुरू हो जाएगा। इसलिए गंतव्य तक पहुंचने के लिए सुबह 4 बजे से ही सभी लाइनों पर मेट्रो सेवा शुरू हो जाएगी। सामान्य दिनों में मेट्रो सेवा सुबह 6 बजे से सभी लाइनों पर शुरू होती है, लेकिन शनिवार को योग दिवस के लिए सुबह 4 बजे से 30-30 मिनट के अंतराल पर मेट्रो ट्रेन का परिचालन शुरू हो जाएगा। हालांकि दो घंटे के बाद सुबह 6 बजे से सामान्य दिनों की तरह निर्धारित अंतराल पर मेट्रो उपलब्ध होंगी।

### दिल्ली में टेलीफोन के खंभों के कारण अतिक्रमण : श्याम सुन्दर अग्रवाल

नई दिल्ली,। पूर्व महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल ने संचार मंत्री ज्योतिराज सिंधिया को ईमेल के माध्यम से पत्र भेजकर दिल्ली की गलियों में लाखों पुराने टेलीफोन के खंभों को हटाने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा दिल्ली में लाखों की संख्या में पुराने टेलीफोन के खंभे एवं टेलीफोन बॉक्स लगे हुए है नई टेक्नोलॉजी आने के कारण अब इनका कोई भी उपयोग नहीं है इनकी आड़ में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हो रहा है। श्याम सुन्दर अग्रवाल ने कहा एक एक खंभे की कीमत हजारों रुपए की है जिसके कारण कुछ असामाजिक तत्व इन्हे काटकर ले जाकर कबाड़ियों को बेच रहे है। इन्हे किसी एजेंसी के माध्यम से शीघ्र जड़ से हटाया जाए तो विभाग को करोड़ों रुपए का राजस्व प्राप्त होगा एवं इसकी आड़ में होने वाले अतिक्रमण से राहत मिलेगी। श्याम सुन्दर अग्रवाल ने कहा केबल ऑपरेटर इन खंभों का इस्तेमाल अपने कनेक्शन करने के लिए कर रहे है जिसके कारण इन खंभों पर तारों का जंजाल लगा रहता है बारिश के मौसम में करंट आने पर कई बार दुघटनाएं भी हो चुकी है इसलिए इनको तुरंत हटाया जाना चाहिए।

### दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने मुखर्जी नगर वार्ड में डेंगू एवं मलेरिया जागरूकता अभियान का किया शुभारंभ


नई दिल्ली,। दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने शुक्रवार को नागरिकों को डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के प्रति जागरूक करने के लिए डेंगू एवं मलेरिया जागरूकता अभियान की शुरूआत मुखर्जी नगर वार्ड में किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर राजा इकबाल सिंह ने मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए सावधानीपूर्वक उपायों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर एंटी डेंगू व मलेरिया ऑपरेशन चलाया जा रहा है। महापौर ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनसामान्य को इन रोगों की रोकथाम के उपायों की जानकारी देना और स्वच्छ, मच्छर मुक्त वातावरण बनाए रखने के महत्व को उजागर करना है। उन्होंने आरडब्ल्यूए सदस्यों से अपील की कि वे मच्छर नियंत्रण के लिए सक्रिय रूप से सहयोग करें। इस अवसर पर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एल. आर. वर्मा, जोनल उपायुक्त अंशुल सिरोही, मुखर्जी नगर के रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यगण तथा बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

# भाजपा वालों को काम नहीं करना आता, इसलिए एफआईआर का खेल खेलते रहते हैं : मनीष सिसोदिया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को भाजपा पर तीखे हमले बोले। उन्होंने कहा कि भाजपा वालों को काम नहीं करना आता है। इसलिए एफ आई आर-एफ आई आर का खेल खेलते रहते हैं। दिल्लीवालों ने भाजपा को काम करने के लिए जनादेश दिया है, लेकिन उसे कोई काम करना नहीं है। भाजपा की सरकार बीते 100 दिनों में बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत किसी भी क्षेत्र में कोई काम नहीं किया। इसलिए भाजपा यह जांच निजी स्कूलों की खुली लूट, पावर कट और पानी की किल्लत से परेशान दिल्लीवालों का ध्यान भटकाने के लिए करवा रही है। जैसे पहले जांच के कुछ नहीं निकला और वैसे ही आगे भी नहीं निकलेगा। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मिडिया से बातचीत के दौरान कहा कि दिल्ली में शानदार स्कूल बने और शिक्षा के क्षेत्र में बहुत शानदार काम हुआ, यह पूरा देश जानता है। भाजपा ने राजनीति से प्रेरित होकर अपनी एजेंसियों का दुरुपयोग करके इसमें एफआईआर दर्ज करवाई है। यह पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित मामला है। भाजपा ने पिछले 10 सालों में सभी एजेंसियों का दुरुपयोग करके ह्वआपह्व के हर नेता की पूरी कुंडली खंगाल डाली, लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिला। भाजपा केवल फर्जी एफआईआर करती है और फिर मामला चलता रहता है। इस मामले में भी यही होगा, कुछ नहीं निकलेगा। मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने उनके ऊपर ये आरोप लगाए थे और जब उन्होंने मनोज तिवारी पर मानहानि का मुकदमा किया, तो वह जमानत पर बाहर हैं। इन आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है और यह पूरी तरह से झूठा मामला है। भाजपा यह सब इसलिए कर रही है क्योंकि दिल्ली की जनता ने उसे दिल्ली के लिए काम करने का जनादेश दिया है। मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा वालों को काम करना नहीं आता। उन्हें स्कूल, अस्पताल, मोहल्ला क्लीनिक बनाना नहीं आता; उन्हें सड़कें, बिजली, पानी ठीक करना या बारिश का प्रबंधन करना नहीं आता। पिछली एक बारिश में पूरी दिल्ली का बुरा हाल हो गया है। सड़कें टूटी पड़ी हैं और पूरी दिल्ली में पावर कट हो रहे हैं। प्राइवेट स्कूल वालों ने लूट मचा रखी हैं। यहां तक कि भाजपा के कट्टर समर्थक भी रो रहे हैं कि उन्हें प्राइवेट स्कूल वाले लूट रहे हैं। मनीष सिसोदिया ने कहा कि ऐसे में भाजपा जनता का ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के फर्जी केस करती है और एफआईआर-एफआईआर खेलती है। पहले भी कुछ नहीं निकला था, और इस बार भी कुछ नहीं निकलेगा, लेकिन भाजपा जनता का मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए ये केस करती है। मनीष सिसोदिया ने कहा कि पूरी दिल्ली में भाजपा के किसी कार्यकर्ता को समझ नहीं आ रहा है कि उनकी सरकार दिल्ली में क्या करने वाली है या क्या कर रही है। भाजपा के कार्यकर्ता भी प्राइवेट स्कूलों के हाथों लुट रहे हैं। भाजपा के कट्टर समर्थक भी ट्वीट कर रहे हैं कि पावर कट से बुरा हाल है और दिल्ली में सड़कों का बुरा हाल हो गया है। एक बारिश में पूरी दिल्ली बेहाल हो गई है। भाजपा वाले केजरीवाल को गाली देने और एफआईआर कराने में व्यस्त हैं। उन्हें कुछ आता ही नहीं, बस फर्जी एफआईआर करना आता है। भाजपा वाले एफ आई आर-एफ आई आर खेलते रहें, लेकिन मैं तो काम करता हूं।

# योग और ध्यान-अभ्यास संत राजिन्दर सिंह जी महाराज



योग सृष्टि की शुरूआत से ही भारत की प्राचीन संस्कृति का एक अहम हिस्सा रहा है। प्राचीन काल के ऋषि-मुनियों ने योग के महत्त्व का जिक्र अनेक धर्मग्रंथों में किया है। ऋग्वेद में कई जगहों पर यौगिक क्रियाओं के विषय में जानकारी मिलती है। महर्षि पतंजलि ने योग की परिभाषा देते हुए कहा है कि श्योगष्चित्तवृत्तिनिरोधःश अर्थात योग के द्वारा हम अपने चंचल मन को भी काबू में कर सकते हैं। मनुष्य को जब भी कोई शारीरिक अथवा मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा है तो अपने शरीर को रोग मुक्त करने के लिए उसने किसी न किसी तरीके से योग द्वारा शरीर को स्वस्थ किया है और साथ ही साथ मानसिक शांति भी प्राप्त की है लेकिन आज के आधुनिक युग की इस भाग-दौड़ भरी जिंदगी में हमारे खान-पान व रहन-सहन में कई बदलाव आए हैं जिनके कारण हमें चिंता, तनाव, थकान और चिड़चिड़ापन जैसी अन्य कई बीमारियां घेर लेती हैं। शुरू-शुरू में तो हम अपने स्वास्थ्य की बिल्कुल भी परवाह नहीं करते क्योंकि आजकल की व्यस्त ज़िंदगी में किसी के पास इतना भी वक्त नहीं है कि वो अपने शरीर की ओर ध्यान दे लेकिन धीरे-धीरे यह छोटी-छोटी बीमारियाँ हमारे शरीर में ब्लड प्रेशर, शुगर, गठिया, मोटापा और माईग्रेन जैसी अनेक गंभीर रोगों को जन्म देती हैं। तब हम थोड़ा जागरूक होते हैं और हमारा ध्यान किसी योग की ओर जाता है क्योंकि केवल योग ही है जो इस प्रकार के रोगों को जड़ से खत्म कर सकता है। सिर्फ प्राचीन काल के योगियों ने ही नहीं बल्कि आज के आधुनिक युग के डॉक्टर्स ने भी इस बात को पूरी तरह साबित करके दिखाया है कि सिर्फ योग ही ऐसी रामबाण दवा है जिसके द्वारा हम शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं और यह हमें इस हलचल भरी दुनिया में मानसिक शांति भी प्रदान कर सकता है। अगर हम योग के फायदों का ज़िक्र करें तो हम पाएंगे कि योग के फायदों की सूची कभी न खत्म होने वाली है। जैसे प्रतिदिन योग करने से शारीरिक तंदुरुस्ती तो आती ही है, इसके अलावा इसके द्वारा सबसे ज्यादा मानसिक शांति मिलती है, जिससे कि हमारे अंदर का तनाव खत्म होता है बल्कि इसके द्वारा हमारा मन भी शांत रहता है। इसके साथ-साथ बड़ी से बड़ी बीमारी से लड़ने के लिए हमारे शरीर में रक्त का संचार सुचारू रूप से होता है, जिससे कि हमारे अंदर रोगों से लड़ने की ताकत बढ़ जाती है। योग से हमारी पाचन क्रिया भी दुरूस्त होती है, जिसके कारण हमारे अंदर ऊर्जा का विकास होता है और हमारा शरीर लचीला बनता है। नियमित योग करने से जीवन के प्रति उत्साह बढ़ता है और हमारे अंदर मनोबल की भी वृद्धि होती है। इस प्रकार योग के द्वारा हम अपने तन को ही नहीं बल्कि मन को भी स्वस्थ रख सकते हैं। योग के कई प्रकार हैं जैसे, हठ योग, प्राण योग, राज योग, कुंभक और ज्ञान योग आदि। जितने भी प्रकार के ये योग हैं इन्हें करने के लिए एक तो इनमें समय बहुत ज्यादा देना पड़ता है जोकि आजकल की व्यस्त दिनचर्या में मुमकिन ही नहीं है। दूसरे इन्हें करने के लिए शरीर का पूरी तरह से स्वस्थ होने के साथ-साथ लंबी उम्र का होना भी बहुत ही जरूरी है जोकि आज के युग में संभव नहीं है। ये सभी यौगिक क्रियाएं सिर्फ हमारे शरीर को स्वस्थ रखती हैं लेकिन सुरत शब्द योग एक ऐसी विधि है जोकि पूर्णतया आध्यात्मिक है और यह न सिर्फ हमारे तन व मन को बल्कि हमारी आत्मा को भी तंदुरुस्त रखता है। परम संत कृपाल सिंह जी महाराज ने इस सुरत शब्द योग के बारे में कहा है कि, ह्वअगर हमारी आत्मा तंदुरुस्त होगी तो हमारा मन और शरीर खुद-ब-खुद तंदुरुस्त हो जाएगा।ह्व सुरत-शब्द योग हमें समझाता है कि सुरत जो हमारी आत्मा का बाहरी रूप है जब वो प्रभु के शब्द के साथ जुड़ती है तो फिर जहाँ से हम आए हैं, पिता-परमेश्वर के घर वहाँ हम वापिस जा सकते हैं। जब हम प्रभु के शब्द के साथ जुड़ते हैं तो हम अंदर की दुनिया में जाने के लायक होते हैं और हमारी आत्मा का मिलाप परमात्मा से हो सकता है। यह अनुभव हमें शांति देता है, आनंद देता है और हमें मस्ती के आलम में लेकर जाता है क्योंकि अंदर की यात्रा प्रेम और खूबसूरती से भरी हुई है। सुरत-शब्द योग के जरिये हम अपना ध्यान जो इस वक्त बाहर की दुनिया में जा रहा है, उसे अंदर की दुनिया में लेकर जाते हैं। इसे मेडिटेशन, भजन-सिमरन और ध्यान टिकाना भी कहा गया है। इसका अभ्यास कोई भी कर सकता है चाहे वो छोटा बच्चा हो या बुजुर्ग, चाहे एक धर्म को मानने वाला हो या किसी दूसरे धर्म को, चाहे वो एक देश में रहता है या किसी दूसरे देश में। ये एक आसान तरीका है, जिसका अभ्यास तंदुरुस्त हो या बीमार कोई भी कर सकता है। इसे हम अपने घर या ऑफिस में भी कर सकते हैं। इसका प्रतिदिन अभ्यास करने से हमें हर जगह प्रभु का रूप दिखाई देने लगता है और फिर हमें यह अनुभव हो जाता है कि जो प्रभु की ज्योति मुझमें है, वही दूसरों में भी है तो हमारे अंदर एक बदलाव आता है। हमारे अंदर खुद-ब-खुद सभी के लिए प्रेम-भाव जागृत हो जाता है। हम एक शांति से भरपूर जीवन व्यतीत करते हैं। जिसके फलस्वरूप हमसे यह शांति धीरे-धीरे हमारे परिवार, समाज, देश में होती हुई संपूर्ण विश्व में फैलती है। ऐसा करके हम इस धरती पर स्वर्ग की कल्पना को साकार कर सकते हैं।

# दिल्ली के नाले जाम, केजरीवाल सरकार की विरासत बेनकाब: प्रवेश वर्मा



नई दिल्ली,। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा ने आम आदमी पार्टी (आप) की पूर्ववर्ती सरकार पर नालों की सफाई और बाढ़ प्रबंधन में विफलता का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला। वर्मा ने कहा कि उनकी सरकार सत्ता में आने के बाद हर दिन केजरीवाल सरकार की नाकामियों को उजागर कर रही है। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली में नालियां पूरी तरह जाम हैं, उनकी सफाई कभी नहीं हुई, और पिछले दस वर्षों में कोई ठोस जमीनी काम नहीं हुआ। वर्मा ने बताया कि वर्तमान में 70% पीडब्ल्यूडी नालों की सफाई पूरी हो चुकी है। उन्होंने आप नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें उपदेश देने के बजाय यह जवाब देना चाहिए कि उनके शासनकाल में नालों की नियमित सफाई क्यों नहीं हुई और बाढ़ प्रबंधन के लिए कोई दीर्घकालिक योजना क्यों नहीं बनाई गई। उन्होंने सवाल उठाया कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) और सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण विभाग (आईएंडएफसी) को करोड़ों रुपये आवंटित होने के बावजूद हर बारिश में दिल्ली जलमग्न क्यों हो जाती है। प्रवेश वर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, दिल्ली में सत्ता में आने के बाद से हर दिन हम नई सच्चाई को उजागर कर रहे हैं—नालियां पूरी तरह से जाम हैं, पाइपलाइनों की सफाई कभी नहीं हुई, और पिछले दस सालों में कोई जमीनी काम नहीं हुआ। यह केजरीवाल सरकार की असली विरासत है। उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा, अब तक 70 फीसदी पीडब्ल्यूडी नालियां साफ हो चुकी हैं। इसलिए हमें उपदेश देने के बजाय, आप नेताओं को जवाब देना चाहिए कि जब वे सत्ता में थे तो उन्होंने वास्तव में क्या किया। दिल्ली के नालों की हर साल ठीक से सफाई क्यों नहीं की गई? बाढ़ प्रबंधन के लिए कोई दीर्घकालिक योजना क्यों नहीं बनाई गई? डीजेबी और आईएंडएफसी जैसी एजेंसियों को करोड़ों क्यों आवंटित किए गए, लेकिन फिर भी हर बारिश के बाद शहर डूब जाता है? दिल्ली में बारिश के मौसम से पहले नालों की सफाई और बाढ़ प्रबंधन एक बार फिर चर्चा में हैं। आप सरकार पर अतीत में भी जलभराव की समस्या से निपटने में विफलता के आरोप लगते रहे हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी, तापमान में गिरावट दर्ज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में अगले पांच दिन झमाझम बरसात होगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट भी जारी कर दिया है। गुरुवार से ही अधिकतम और न्यूनतम तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, 20 और 21 जून की शाम और रात को हल्की से मध्यम बारिश, बिजली गिरने और तेज हवाओं की संभावना है। तापमान में भी गिरावट देखी जा रही है। आईएमडी के मुताबिक 20 जून को अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया है, जबकि 21 जून को अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है। जबकि ह्यूमिडिटी 80 से 82 प्रतिशत तक रहने वाली है। इसके बाद मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी करते हुए यह कहा कि 22 जून से 25 जून के बीच बादल छाए रहने के साथ-साथ मध्यम से भारी बारिश का सिलसिला बना रहेगा। मौसम विभाग की वेबसाइट पर जारी विस्तृत पूवार्नुमान के अनुसार, सुबह से लेकर रात तक हर चरण में गरज-चमक के साथ बारिश होगी। इस दौरान बिजली गिरने और तेज हवाओं की रफ्तार 30-40 किमी प्रति घंटा रह सकती है। इन दिनों तापमान में और गिरावट देखने को मिलेगी। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26-27 डिग्री सेल्सियस तक आ सकता है। इस पूरे सप्ताह मिडिटी 90 प्रतिशत तक बनी रहने की संभावना है, जिससे वातावरण उमस भरा बना रहेगा। एक तरफ जहां बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई है मौसम सुहाना बना हुआ है वहीं दूसरी तरफ दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे आमजन को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य रूप से गुरुग्राम, नोएडा और पूर्वी दिल्ली के कई निचले इलाकों में सड़कें पानी में डूबी हुई हैं। स्थानीय प्रशासन को जल निकासी के लिए टीमों को सक्रिय करना पड़ा है। हालांकि, राहत की खबर यह है कि 26 जून को मौसम साफ रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने इस दिन के लिए कोई चेतावनी नहीं दी है और आसमान आंशिक रूप से साफ रहने का पूवार्नुमान है। मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि वे अत्यधिक आवश्यक कार्यों को छोड़कर घर से बाहर निकलने से बचें, विशेष रूप से बिजली गिरने की आशंका के दौरान खुले स्थानों से दूर रहें। यातायात विभाग ने भी जलभराव वाले मार्गों से बचने की अपील की है।

# सीएम रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग में किया विकास कार्यों का उद्घाटन, बोलीं- आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाना लक्ष्य

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार पूरी तरह से एक्शन मोड में नजर आ रही है। शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शालीमार बाग पहुंचीं, जहां उन्होंने कई विकास कार्यों का उद्घाटन किया। साथ ही इलाके में जारी विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान सीएम रेखा गुप्ता ने प्रेमबाड़ी पुल से शालीमार बाग तक आने वाली सड़क के सौंदरीकरण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सड़क के किनारे दीवारों को ऊंचा किया जाएगा ताकि अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। साथ ही, उन्होंने कार्यकताओं और स्थानीय लोगों को दीवारों पर पोस्टर न लगाने की सख्त हिदायत दी। रेखा गुप्ता ने कहा कि विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं और शालीमार बाग को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। हमें इस काम में क्षेत्र की जनता का सहयोग चाहिए। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में चार स्थानों पर नए कूड़ा निस्तारण कॉम्पैक्टर लगाने का कार्य शुरू हो चुका है। सड़कों पर जमा कूड़े को इन कॉम्पैक्टरों के जरिए साफ किया जा रहा है। पूरे क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से स्वच्छता और विकास की योजनाएं लागू की जा रही हैं। काम होना चाहिए और अब उस दिशा में प्रगति हो रही है। हमारा लक्ष्य शालीमार बाग को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाना है। इस दौरान सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को भी पंजाब से दिल्ली आना होगा। दिल्ली को ऐसे भगोड़े नेताओं की जरूरत नहीं है। उन्हें अपने कुकर्मों की कीमत चुकानी पड़ेगी। हमारी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी और दिल्ली को स्वच्छ और पारदर्शी प्रशासन देगी। उन्होंने आगे कहा कि 21 जून को मैं यमुना के तट पर योग का अभ्यास करूंगी। दिल्ली में कई जगहों पर इसे त्यौहार की तरह मनाया जाएगा। दिल्ली सरकार इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग दिवस को विश्व पटल पर इस तरह से मान्यता दिलाई कि आज दुनिया का हर देश योग को अपना रहा है। भारत तभी समृद्ध हो पाएगा जब वह स्वस्थ रहेगा।


## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 77255171 | स्टील चिप्स | 120 एम टी | 14.07.2025 |
| 02 | 09253052 | एल्युमीनियम पेंट | 41908 लीटर | 14.07.2025 |
| 03 | 14240871 | रेड डाई पेनटरांट किट | 18585 सेट | 15.07.2025 |
| 04 | 77259040 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर मेटल लाइनर (टी 8748) | 3003060 नग | 17.07.2025 |
| 05 | 07253453 | सेकेंडरी स्प्रिंग (आउटर) | 230 नग | 17.07.2025 |
| 06 | 07251152 | हेड स्टॉक कम्पलीट | 86 नग | 18.07.2025 |
| 07 | 09253039 | किट ऑफ़ पिऊ पेंट्स | 576 सेट | 28.07.2025 |
| 08 | 09252120 | स्ट्राइकर कास्टिंग | 870 नग | 28.08.2025 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं.: 24/2025-2026 दिनांक 20.06.2025 1859/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है:–

| ई–कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-24-2025 | दिनांक 03.07.2025 को 11:00 बजे | नई दिल्ली (AGS Side) (PCCV), मेरठ कैंट (कंकनखेड़ा), आदर्श नगर (पी आर एस), कुरूक्षेत्र 1st Entry, दिल्ली 2nd Entry KGS Side (TW parking), बरेटा, मुरादनगर, खतौली, कुरूक्षेत्र (Site-1), कुरूक्षेत्र (Site-2), करनाल (375 वर्गमीटर), शाहबाद मारकंडा, गाजियाबाद (सिटी साइड), नया गाजियाबाद, कुरूक्षेत्र 2nd Entry, सबोली हाल्ट = कुल 16 साइटें |
| Parking-25-2025 | दिनांक 04.07.2025 को 11:00 बजे | दिल्ली, 2nd प्रवेश (KGS Side) (2850 वर्ग मीटर मिक्स्ड पार्किंग) = कुल 01 साइट |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | https://ireps.gov.in/ |
| ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:<br>1. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाएं भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होंगी।<br>2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान<br>3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता<br>4. आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण<br>5. फण्ड का लियन मार्किंग<br>6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation)<br>7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली – 110055, Email: pkg.delhidivision@gmail.com, Tel: 011-23743084 |

संख्या: 23 AC/393/E-Auction/Pkg/2025 दिनांक: 19.06.2025 1840/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, शनिवार, 21 जून, 2025


# 70 साल में सरकारी स्कूलों में 24 हजार कमरे बने थे ,आप सरकार ने 10 साल में ही विश्वस्तरीय 22700 कमरे बनाए : आतिशी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली,भाजपा द्वारा एक बार फिर जांच एजेंसियों का दुरुपयोग शुरू करने पर आम आदमी पार्टी ने तीखी हमला बोला है। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि भाजपा की चार इंजन की सरकार दिल्ली में हर मोर्चे पर फेल है। लिहाजा, वह जनता का ध्यान भटकाने के लिए ह्यह्यआपह्लह्ल नेताओं पर फर्जी केस लगा कर जांच करने का ड्रामा कर रही है। भाजपा से दिल्ली सरकार नहीं चल पा रही है, जिसके चलते दिल्लीवाले पावर कट, महंगी बिजली, पानी की किल्लत और जलभराव से परेशान हैं। बीते 10 सालों में भाजपा की जांच एजेंसियों ने आप नेताओं पर 200 से ज्यादा केस लगाए हैं, लेकिन आजतक भ्रष्टाचार का एक पैसे नहीं मिला है। आगे भी कुछ नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा मफिया से सांठगांठ कर भाजपा दिल्ली के शिक्षा मॉडल को बर्बाद करने के लिए सरकारी स्कूलों को बंद करना चाहती है। शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेसवार्ता कर आतिशी ने कहा कि आप के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को एक फर्जी क्लास रूम घोटाले के नाम पर एसीबी द्वारा पूछताछ के लिए शुक्रवार को बुलाया गया है। क्लास रूम घोटाले का लगा यह फर्जी और झूठा आरोप भाजपा के झूठे केसों की सीरिज में मात्र एक एपिसोड है। 10 साल से भाजपा की केंद्र सरकार और उसकी ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स, दिल्ली पुलिस समेत अलग-अलग एजेंसियों ने आम आदमी पार्टी के नेताओं पर झूठे और फर्जी केस लगाए हैं। आतिशी ने कहा कि पिछले 10 साल में भाजपा की एजेंसियों ने ह्यह्यआपह्लह्ल नेताओं पर 200 से ज्यादा केस लगाए हैं, लेकिन इन 10 सालों में ईडी, सीबीआई, दिल्ली पुलिस और एसीबी द्वारा सारी जांच, रेड और फाइलें देखने के बाद भी आम आदमी पार्टी के एक भी नेता से भ्रष्टाचार का एक भी पैसा आज तक नहीं मिला है। आम आदमी पार्टी का कोई भी ऐसा नेता नहीं हैं, जिसके घर पर सीबीआई, ईडी की रेड नहीं हुई है। आप के लगभग सभी बड़े नेताओं के बैंक लॉकर और खातों को खंगाला जा चुका है। आप नेताओं ने पैतृक गांव, ऑफिस हर जगह जाकर जांच की जा चुकी है, लेकिन भ्रष्टाचार का एक रुपया भी किसी नेता के पास नहीं मिला है। साथ ही, भाजपा की एजेंसियां आज तक किसी भी फर्जी केस में एक चवन्नी का कोई सबूत कोर्ट में पेश नहीं कर पाई हैं। आतिशी ने याद दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को जमानत देते समय केंद्र सरकार की एजेंसियों को कड़ी फटकार लगाया था। कोर्ट ने कहा था कि यह एजेंसियां पिंजरे में बंद तोते की तरह हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय जांच एजेंसीज को कहना था कि एजेंसियों को स्वतंत्र होना पड़ेगा। राजनैतिक भेदभाव के आधार पर काम नहीं करना है। लेकिन आज फिर से वही कहानी शुरू हो गई है। इस फर्जी क्लास रूम घोटाले की जांच के पीछे मुख्य कारण यह है कि 100 दिन में भाजपा की चार इंजन की सरकार हर सब्जेक्ट में फेल हो चुकी है। भाजपा से सरकार नहीं चल पा रही है। बिजली, पानी, निजी स्कूलों की बढ़ती फीस, बढ़ता अपराध, जल भराव समेत किसी भी विषय को देखें तो भाजपा की सरकार उसमें पूरी तरह से फेल है। आतिशी ने कहा कि पिछले 10 साल दिल्ली में 24 घंटे बिजली आ रही थी। लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद से लंबे-लंबे पॉवर कट लग रहे हैं। छतरपुर, मालवीय नगर, गोविंदपुरी, उत्तर नगर, पश्चिम विहार, बुराड़ी समेत दिल्ली का कोई इलाका नहीं है, जहां लंबे-लंबे पावर कट नहीं लग रहे हैं। अब तो दिल्ली में लोग भी कहने लगे हैं कि बारिश, आंधी या भीषण गर्मी होने पर बिजली कट जाएगी। हम 2025 के भारत में हैं, जहां देश की राजधानी दिल्ली में बारिश आने पर बिजली नहीं दे सकते। पावर कट के साथ ही बिजली के दाम भी बढ़ गए हैं। एनडीएमसी के इलाके में 50 फीसद से अधिक पीपीएसी शुल्क बढ़ गया है और लोगों के बढ़े बिल आने भी शुरू हो गए हैं। आतिशी ने कहा कि दिल्ली में पानी की त्राहि-त्राहि मची हुई है। एक तरफ सड़कों पर बारिश का पानी भर रहा है, लेकिन लोगों के घरों में नल से पानी नहीं आ रहा है। डीजेबी के इंजीनियर अपने कार्यालय पर ताला लगाकर बैठे हैं। क्योंकि पानी की किल्लत को लेकर डीजेबी के बाहर महिलाएं मटके फोड़ रही हैं। दक्षिणी दिल्ली में पिछले तीन दिन से पानी नहीं आ रहा है। क्योंकि भाजपा की सरकार लोगों को पानी देने में फेल है। जहां पानी आ भी रहा है, तो वह बहुत गंदा आ रहा है। एनजीटी ने भी दिल्ली जल बोर्ड से आ रहे पानी की जांच कराई और कहा कि पानी में जितने बैक्टिरिया हैं, उससे दिल्ली में महामारी फैल सकती है। एनजीटी ने पाया कि इस पानी के सेवन से गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, लीवर की बीमारियां हो सकती हैं। आतिशी ने कहा कि दिल्ली में जल भराव को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कह ही दिया है कि डेढ़ घंटे तक सड़क पर पानी भरना समान्य बात है।

# भाकियू ने लगाया पीड़ित पक्ष पर कार्यवाही का आरोप




प्रात: किरण संवाददाता

बछरायूं। थाना क्षेत्र में के गांव भगवानपुर भूड निवासी संजीदा व अजीम के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकताओं ने उपजिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से भाकियू के कार्यकताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि बीते दिनों दोनों पक्षों में जमीनी विवाद के चलते झगड़ा हो गया था जिसमें संजीदा पक्ष के लोगों ने अजीम के साथ मारपीट कर दी थी। जिसमें अजीम को काफी चोट आई थी आरोप है राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस ने उल्टा पीड़ित अजीम के खिलाफ ही गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकताओं ने ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 25 तारिक तक पुलिस मामले में निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही नहीं करती है तो भाकियू के कार्यकर्ता बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में गुरमीत सिंह, सौवीर सिंह, वचन सिंह, रोहताश सिंह आदि मौजूद रहे।

## आगजनी व लूटपाट में 19 पर एफआईआर, छह गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

नौगावां सादात। कार व बाइक की टक्कर के बाद बुधवार को नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर में भड़की हिंसा के मामले में 19 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। हरकत में आई पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र का गांव दौलतपुर बुधवार शाम अचानक सुलग उठा था। दरअसल, इस ग्राम पंचायत में पृथीपुर व मझरा दो गांव और जुड़े हुए हैं। गांव दौलतपुर निवासी इब्ने हसन ने बीती 10 जून को अपनी बेटी शबाना की शादी डिडौली के गांव कमालपुर निवासी जावेद के साथ की थी। शबाना इन दिनों अपने मायके आई हुई थी। बुधवार को जावेद पत्नी शबाना को लेने अपनी ससुराल आ रहा था। जब उसकी कार मझरा में पहुंची तो वहां गांव निवासी बब्लू सिंह व उसका दोस्त बाइक से कहीं जा रहे थे। कार और बाइक की मामूली टक्कर हो गई थी। जिसके बाद दोनों पक्षों हुई कहासुनी ने बड़े बवाल का रूप ले लिया था। बाइक सवार युवकों ने जावेद के साथ मारपीट की थी। कार में भी तोड़फोड़ की थी। बमुश्किल जान बचाकर वहां से भागा जावेद अपनी ससुराल पहुंचा था। इसके बाद मझरा गांव के युवकों और महिलाओं ने इब्ने हसन के घर पर धावा बोल दिया था। परिवार के लोगों को दौड़ा कर पीटा था, खुद को बचाने के लिए परिजनों ने घर से भागकर अपनी जान बचाई थी। तनाव को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया था। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में महेंद्र, अमन, काविंद्र, मीकू, जोगेंद्र, वीरेंद्र, नन्हे, खिद्दू, नौबहार, अक्षय, विक्की, महिलाल, शिवम, राजू, अजयपाल, हाजिराम, वीर सिंह, ठेकेदार राजेंद्र व अज्ञात के खिलाफ तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। चालान कर जिन्हें दोपहर में अदालत में पेश किया जाएगा।

## जुआरी फिनसर्व ने सहज, मूल्य-संचालित ब्रोकरेज योजनाएँ पेश कीं

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली : जुआरी फिनसर्व लिमिटेड ने संरचित, पारदर्शी विकल्पों के माध्यम से अधिक विकल्प प्रदान करते हुए व्यक्तिगत ब्रोकरेज योजनाएँ शुरू करने की घोषणा की है। इन्वेस्ट प्लसः मार्जिन ट्रेडिंग सुविधा (MTF) उपयोगकताओं के लिए डिजाइन की गई, यह अनोखी योजना एक कैलेंडर महीने के लिए 1 लाख तक की ब्याज-मुक्त ट्रेडिंग सीमा प्रदान करती है, जिसमें 15% प्रति वर्ष की प्रतिस्पर्धी पोस्ट-पीरियड दर है। इन्वेस्ट प्रोः कम डिलीवरी और इंट्राडे शुल्क चाहने वाले निवेशकों के लिए अनुशंसित है। इन्वेस्ट प्रोमैक्सः अनुभवी निवेशकों के लिए डिजाइन की गई, यह प्रदर्शन-लिंक्ड योजना पात्रता शर्तों के अधीन डिलीवरी टर्नओवर के आधार पर कम ब्रोकरेज दरें प्रदान करती है। ट्रेडमैक्सः उच्च-मात्रा वाले डेरिवेटिव व्यापारियों के लिए डिजाइन की गई, यह योजना इंट्राडे, फ्यूचर्स और विकल्पों के लिए 20 प्रति ऑर्डर पर फ्लैट-रेट ट्रेडिंग प्रदान करती है। सभी योजनाओं में बेजोड़ लाभः निःशुल्क खाता खोलना, पहले वर्ष के लिए शून्य अटउ, निःशुल्क कॉल और ट्रेड*, और एक समर्पित रिलेशनशिप मैनेजर।* नियम और शर्तें लागू लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, जुआरी फिनसर्व लिमिटेड के सीईओ अवनीश गुलाटी ने कहा, योजनाओं को विभिन्न निवेशकों की अपेक्षाओं के अनुरूप डिजाइन किया गया है, जिसमें लचीलेपन, सरलता और लागत-दक्षता पर जोर दिया गया है। जुआरी फिनसर्व में हम निवेशकों को ऐसे समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो उनकी बदलती वित्तीय आवश्यकताओं के अनुरूप हों। अपनी नई ब्रोकरेज योजनाओं के साथ हमारा लक्ष्य निवेश को सरल बनाना, प्रदर्शन को पुरस्कृत करना और निवेशक की यात्रा के हर चरण में मूल्य प्रदान करना है। यह केवल नई सुविधाओं के बारे में नहीं है, बल्कि इस बारे में भी है कि हम अपने ग्राहकों को कैसे जोड़ते हैं और सक्षम बनाते हैं। हम जवाबदेही के माध्यम से संबंध बना रहे हैं और इन पेशकशों के साथ, जुआरी फिनसर्व दीर्घकालिक धन और स्थिरता के निर्माण में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत कर रहा है। जुआरी फिनसर्व के बारे में: जुआरी फिनसर्व लिमिटेड, जुआरी इंडस्ट्रीज लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। कंपनी अपनी वेबसाइट और डिजिटल एप्लिकेशन, जुआरीमनी ट्रेडिंग ऐप और जुआरीमनी एमएफ इन्वेस्ट ऐप के माध्यम से वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करती है, जो क्रमशः निर्बाध ट्रेडिंग और म्यूचुअल फंड निवेश को सक्षम बनाती है।

## ट्रक ने ओवरटेक करते समय बाइक में मारी टक्कर, बाइक चालक की मौत

प्रात: किरण संवाददाता

सैद नगली। थाना क्षेत्र के गांव चकुनी निवासी गजराज पुत्र हरकेश उम्र 35 वर्ष हसनपुर कोतवाली क्षेत्र गांव रजौहा निवासी राजमिस्त्री बबलू को बाइक पर बैठा कर उसके गांव छोड़ने गया था और वापस आते समय रात हसनपुर संभल मार्ग पर गांव भीकनपुर शर्की में सामने से आ रहे ट्रक ने ट्रैक्टर को ओवरटेक करते समय बाइक में टक्कर मार दी जिसमें बाइक चालक गजराज की मौके पर ही मौत हो गई सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा मौत की सूचना मिलते ही परिवार में दौड़ी शोक की लहर जानकारी के अनुसार मृतक गजराज राजमिस्त्री बबलू के साथ मेहनत मजदूरी का कार्य करता था मृतक ने अपने पीछे पत्नी अंजलि सहित चार छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ा है

## मजदूर को बाइक ने मारी टक्कर, घायल

प्रात: किरण संवाददाता

हसनपुर। आम के बाग से घर लौट रहे मजदूर को बाइक ने टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। सैद नगली थाना क्षेत्र के गांव इकौंदा निवासी ताहिर आम के बाग में मजदूरी का कार्य करता है। बुधवार की देर रात वह खाना खाने के लिए पैदल घर जा रहा था। इस दौरान एनटी डिग्री कॉलेज के नजदीक बाइक ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप घायल हो गया। प्रभारी निरीक्षक ने तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई करने की बात कही।

## उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ ने किया नवागत डीआईओएस का स्वागत

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा।उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद अमरोहा का एक प्रतिनिधिमंडल संगठन के प्रदेशीय मंत्री डॉ0 जी0 पी0 सिंह और जिलाध्यक्ष स0 गुरनाम सिंह के नेतृत्व में नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 प्रवेश कुमार यादव से मिला तथा अमरोहा जिला विद्यालय निरीक्षक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर बुकें तथा फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 प्रवेश कुमार यादव ने संगठन के पदाधिकारियों से मुलाकात पर सभी का धन्यवाद दिया।और कहा कि विद्यालयों में बेहतर शिक्षण व्यवस्था मेरी प्राथमिकताओं में है। किसी भी शिक्षक/प्रधानाचार्य का कोई भी जायज काम नही रुकेगा, सभी का समय से निस्तारण करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। संगठन से भी कहा कि शिक्षण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ बनाने में अपना पूर्ण सहयोग करें। प्रदेशीय मंत्री डॉ0 जी0 पी0 सिंह ने सभी का परिचय कराया तथा साथ ही शिक्षकों/प्रधानाचार्यों की समस्यायों से भी अवगत कराया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जे0 एस0 हिन्दू इण्टर कॉलेज डॉ0 जी0 पी0 सिंह के अतिरिक्त जिलाध्यक्ष और प्रधानाचार्य सिख इण्टर कॉलेज नारंगपुर स0 गुरनाम सिंह, सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी अतुल कुमार शर्मा, जिला महामंत्री बालक राम, जिला कोषाध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष आसिम अब्बासी, जिला उपाध्यक्ष दानिश हबीब खान, जिला उपाध्यक्ष मनोज गौड़, जिला उपाध्यक्ष महिपाल सिंह, महिला उपाध्यक्ष और प्रधानाचार्या शर्मा देवी कन्या इण्टर कॉलेज चारु शर्मा, प्रधानाचार्या रामचंद्र खत्री हाई स्कूल डॉ0 प्रतिभा यादव, प्रधानाचार्या आले अहमद गर्ल्स इण्टर कॉलेज, सुहाना मंजूर, प्रधानाचार्य भगवत सरन इण्टर कॉलेज जोया विनोद कुमार, शीश पाल सिंह, एजाज हसन, सतीश कुमार, हीरा लाल, संदीप कुमार, डॉ0 योगेश कुमार आदि पदाधिकारी, शिक्षक और प्रधानाचार्य उपस्थित थे।

## जिला अध्यक्ष राज कुमार जैन का आभार जताया रोहताश नगर का बीएलए वन बनाने पर

नई दिल्ली, । बाबरपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राज कुमार जैन तथा रोहताश नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रही सुरेशवती चौहान के अनुमोदन पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने रामनिवास पांचाल को रोहताश नगर विधानसभा से कांग्रेस का बी.एल.ए.वन नियुक्त किया है। इससे पूर्व इस पद पर भारत कौशिक थे। गत दिनों रामनिवास पांचाल जिला कांग्रेस अध्यक्ष राज कुमार जैन का आभार व्यक्त करने जिला कांग्रेस के कार्यालय पहुंचे और राजकुमार जैन का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राम नगर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप भाटी , घोंडा विधानसभा के तहत ब्लाक प्रभारी अधिवक्ता राज कुमार शर्मा, अशोक नगर ब्लॉक अध्यक्ष प्रताप शर्मा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अशोक शर्मा, मंडलम अध्यक्ष तेजपाल सिंह, प्रेम नारायण वर्मा, सत्यवीर शर्मा, सुरेश शर्मा, सुनील पांचाल, प्रदीप शर्मा, कुसुम शर्मा, मंजू शर्मा, नत्थू सिंह, मंडलम अध्यक्ष राजबीर सिंह, राज कुमार शर्मा, संतोष कुमार, महेश कटारिया, विनोद गुप्ता ब्रज भूषण शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर राज कुमार जैन नें कहा रामनिवास पांचाल पुराने कार्यकर्ता है इनकी नियुक्ति से पार्टी को इनके अनुभव का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर रामनिवास पांचाल ने कहा पार्टी नें उनपर जो भरोसा जताया है वे उसपर खरा उतरने का प्रयास करेगें।

## महिला कोच के वायरल वीडियो का सच, सांप नहीं छिपकली

प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । दिल्ली मेट्रो का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें दावा किया गया कि महिला कोच में एक सांप घुस आया। वीडियो में महिलाएं चीखती-चिल्लाती दिख रही हैं। कुछ डर के मारे सीटों पर खड़ी हो गईं। इस हड़कंप ने हर किसी को हैरान कर दिया और सवाल उठने लगे कि आखिर मेट्रो में सांप कहां से आया। वीडियो वायरल होने के बाद डीएमआरसी का भी बयान सामने आया है ।डीएमआरसी ने इस मामले पर तुरंत एक्शन लिया और सच सामने लाया। डीएमआरसी के मुताबिक, गुरुवार शाम को यात्रियों की शिकायत मिलते ही ट्रेन को अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन पर खाली करवाया गया और उसे डिपो भेजा गया। वहां ट्रेन की बारीकी से जांच की गई, लेकिन कोई सांप नहीं मिला। हां, जांच के दौरान एक छोटी सी छिपकली जरूर नजर आई, जिसने शायद सारा हंगामा खड़ा किया। डीएमआरसी ने साफ किया कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा उनके लिए सबसे ऊपर है। जैसे ही यह मामला सामने आया उनकी टीम ने फौरन कार्रवाई की। डीएमआरसी ने यात्रियों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी असामान्य स्थिति की जानकारी तुरंत मेट्रो स्टाफ को दें।

## दिनदहाड़े 25 लाख की लूट का मामला सुलझा, दो गिरफ्तार



प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । उत्तर-पश्चिम जिले के केशवपुरम थाना पुलिस ने दिनदहाड़े हुई लूट की वारदात का खुलासा करते हुए दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से 9 लाख नकद, एक देसी कट्टा व जिंदा कारतूस, मोबाइल फोन, हेलमेट, एक चोरी की स्कूटी (फर्जी नंबर प्लेट के साथ) और एक कार बरामद की गई है। उत्तर-पश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान योगेश कुमार उर्फ कालू (33) और मुकेश कुमार उर्फ शनि (40) के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, दोनों आदतन अपराधी हैं और कई आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। खास बात यह है कि मुकेश थाना आदर्श नगर का घोषित बदमाश (बीसी) है। डीसीपी के अनुसार पांच जून को शिकायतकर्ता पश्चिम विहार निवासी सुनील कुमार (62) ने पुलिस को बताया कि वह अपनी कार से 25 लाख नकद और जरूरी दस्तावेज लेकर निकले थे। शिवाजी एन्क्लेव से अपने स्टाफ मुकेश को लेने के बाद वे चांदनी चौक के लिए रवाना हुए। रास्ते में कन्हैया नगर मेट्रो स्टेशन के पास ऑटो में बैठकर आगे बढ़े। तभी इंदरलोक सिग्नल के पास एक अज्ञात व्यक्ति ऑटो में चढ़ा, कट्टा दिखाकर बैग लूटा और अपने साथी की स्कूटी पर बैठकर फरार हो गया। पहले शिकायतकर्ता ने लूट की रकम पांच लाख बताई थी, लेकिन बाद में मानसिक तनाव के चलते गलती स्वीकार करते हुए बताया कि असल रकम 25 लाख थे। पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान पर मुकदमा दर्ज किया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण और गुप्त सूत्रों की मदद से दोनों आरोपितों की पहचान कर ली। उनकी गिरफ्तारी के दौरान 2, 500 नकद, शिकायतकर्ता का आधार कार्ड और कॉलेज आईडी भी बरामद हुई। पूछताछ में आरोपितों ने अपराध स्वीकार किया और बताया कि लूट की रकम का कुछ हिस्सा एलआईसी प्रीमियम और बैंक लोन चुकाने में खर्च कर दिया।

## झुग्गी-बस्तियों के पुनर्विकास के लिए धारावी मॉडल का अध्ययन कर रही सरकार : मुख्यमंत्री

प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार शहर में झुग्गी बस्तियों के पुनर्विकास के लिए मुंबई के धारावी मॉडल का अध्ययन कर रही है। उन्होंने कहा कि यहां की 675 झुग्गी-बस्तियों के पुनर्विकास की व्यवस्था करेंगे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिन लोगों को मकान मिल चुके हैं, उन्हें झुग्गियां छोड़नी पड़ेंगी। रेल लाइन पर झुग्गियां बनाने वालों के लिए सरकार कुछ नहीं कर सकती है। यह बातें मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को शालीमार बाग विधानसभा के कस्तूरबा पॉलिटेक्निक के निर्माण कार्य का उद्घाटन के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री ने आज पीतमपुरा से लेकर आंबेडकर नगर के रैन बसेरा तक चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण और कई नई परियोजनाओं का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट पर कहा कि जो समस्याएं वर्षों से समाधान की राह देख रही थीं, उन समस्याओं को समाधान की दिशा में आज कदम उठाया गया है। क्षेत्र में 17 लाख एवं 27 लाख की लागत से दो नए पंप हाउस का लोकार्पण किया गया, जो जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान देंगे। साथ ही हैदरपुर गांव में नए नाले, सीवर और सड़कों का कार्य तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि दिल्ली में विकास का अर्थ सिर्फ योजनाएं नहीं, बल्कि हर गली, हर कॉलोनी और हर नागरिक के जीवन में सहूलियत और समृद्धि लाना है। दिल्ली को सुंदर, व्यवस्थित एवं सुविधासम्पन्न बनाना है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने आज शालीमार बाग में आत्मयोग संस्थान द्वारा आयोजित योग, ध्यान एवं चिकित्सा शिविर में सहभागी हुईं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि योग भारत की अद्वितीय सांस्कृतिक धरोहर है, जो न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को स्थिरता और आत्मा को चेतना प्रदान करता है। यह अनुशासन, संतुलन और आत्मसंवाद का अमूल्य माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिल्ली के 11 प्रतिष्ठित स्थलों पर वे, दिल्ली सरकार के मंत्री और दिल्ली के सांसद, आम नागरिकों के साथ मिलकर योग साधना करेंगे। उन्होंने सभी से आग्रह है कि अधिकतम संख्या में इस अभियान से जुड़ें और ह्यएक भारत, स्वस्थ भारतह्ल के संकल्प को जन-जन का उत्सव बनाएं।

## ऑपरेशन कवच 8.0 के तहत उत्तर पश्चिम जिला पुलिस की बड़ी कार्रवाई

प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । उत्तर-पश्चिम जिले में अपराध पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन कवच 8.0 के तहत पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए 24 घंटे में 37 जगहों पर छापेमारी कर कई अपराधियों को गिरफ्तार किया और अवैध सामग्री जब्त की। डीसीपी भीष्म सिहं ने शुक्रवार को बताया कि ऑपरेशन कवच के तहत 13 नशा तस्करों को पकड़ा गया, जिनके पास से कुल 5.27 किलो गांजा बरामद हुआ। ये तस्कर इलाके में नशे की सप्लाई में लिप्त थे और लंबे समय से पुलिस की रडार पर थे। इसी क्रम में अवैध शराब के धंधे पर लगाम लगाते हुए, पुलिस ने 274 लीटर अवैध देसी शराब जब्त की और 19 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया। यह शराब आसपास के राज्यों से लाकर दिल्ली में सप्लाई की जा रही थी। वहीं अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान में, पुलिस ने चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जिनके पास से चार चाकू बरामद हुए। यह कार्रवाई संभावित हिंसक घटनाओं को रोकने के दृष्टिकोण से बेहद अहम मानी जा रही है। इसके अलावा गैम्बलिंग एक्ट के तहत, एक व्यक्ति को 1, 360 नकद व जुए से जुड़े सामान के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कई संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी कर अवैध जुआ गतिविधियों को रोका। डीसीपी ने उत्तर-पश्चिम जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। इस प्रकार की निरंतर कार्रवाई से न केवल अपराधियों में भय उत्पन्न हुआ है, बल्कि आम जनता में सुरक्षा की भावना भी बढ़ी है।

## योग, हमारी सांस्कृतिक पहचान और अच्छे स्वास्थ्य की मूलधारा है : राजा इकबाल सिंह




नई दिल्ली, । दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से एक दिन पूर्व सिविक सेंटर, सेंट्रल प्लाजा में योगाभ्यास किया। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास से आत्मिक संतोष की अनुभूति हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में योग के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि योग, हमारी सांस्कृतिक पहचान और अच्छे स्वास्थ्य की मूलधारा है। कुछ मिनट के योग अभ्यास करने से भारत को रोग मुक्त बनाया जा सकता है। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग आज वैश्विक मंच पर भारत की जीवनशैली का प्रतीक बना है। सिंह ने 21 जून को सभी दिल्लीवासियों से योग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आइए एक साथ मिलकर एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य का जश्न मनाएं। उन्होंने दिल्लीवासियों से कहा कि योग को अपनाएं, स्वस्थ दिल्ली बनाएं। इस अवसर पर स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा, नेता सदन प्रवेश वाही और निगामायुक्त अश्विनी कुमार सहित निगम अधिकारी उपस्थिति रहें। उल्लेखनीय है कि 11 दिसंबर 2014 को यूएनजीए ने एक प्रस्ताव पारित कर दिया और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। 21 जून इसलिए चुना गया क्योंकि ये उत्तरी गोलार्द्ध का सबसे लंबा दिन होता है और इसे आध्यात्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जाता है। पहली बार ये दिन 21 जून 2015 को मनाया गया था।

## देश ने पिछले 11 वर्षों में मजबूत और सशक्त राष्ट्र का स्वरूप लिया : प्रवेश साहिब सिंह

नई दिल्ली, ।दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने शुक्रवार को भाजपा-नीत राजग सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को समर्पित प्रदर्शनी का दौरा किया। प्रदर्शनी का आयोजन भारतीय जनता पार्टी की नई दिल्ली जिला इकाई ने किया है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने एक्स पोस्ट में कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने एक नए आत्मविश्वास, नए दृष्टिकोण और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ते हुए एक मजबूत और सशक्त राष्ट्र का स्वरूप लिया है। मोदी सरकार में गरीबों को छत मिली, महिलाओं को सम्मान, किसानों को मजबूती और युवाओं को नए अवसर प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी केवल मोदी सरकार की उपलब्धियों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं, आकांक्षाओं और बदलाव की कहानी को जीवंत रूप में प्रस्तुत करती है। प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार ने भी 100 दिन पूरे कर लिए हैं और हम दिल्ली की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए तेज गति से काम कर रहे हैं।

# सहरसा हवाई अड्डा के विस्तारीकरण को लेकर जिलाधिकारी नें किया निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिलाधिकारी दीपेश कुमार द्वारा शुक्रवार को हवाई अड्डा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण क्रम में जिलाधिकारी द्वारा हवाई अड्डा परिसर के माप के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई एवं भौगोलिक स्थिति का अवलोकन किया गया। इस संदर्भ में ज्ञात हो कि मुख्यमत्री के जिलांतर्गत सम्पन्न प्रगति यात्रा के दौरान जिलांतर्गत हवाई अड्डा पर छोटे विमानों के संचालन हेतु क्रियान्वित उड़ान योजना में समाहित करने के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध करने के संबंध घोषणा की गई थी। जिसको दिनांक 25 फरवरी को स्वीकृति प्रदान की गई है। निरीक्षण क्रम में जिलाधिकारी द्वारा उक्त वर्णित कार्य के क्रियान्वयन की दिशा में प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई एवं उपयुक्त दिशा निर्देश दिए गए। उक्त अवसर पर जिला भू अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे। ज्ञात हो कि केन्द्र सरकार के उड़ान योजना के तहत सहरसा हवाई अड्डा सें छोटे मोटे हवाई जहाज का परिचालन किया जाएगा। वही सहरसा, वीरपुर, मुंगेर, भागलपुर, पुर्णिया एवं मधुबनी हवाई अड्डा का विस्तार किया जा रहा है।

## अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड क्लीनिक के विरुद्ध अभियान व क्रियान्वयन का डीएम ने दिया निर्देश



सहरसा जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में प्रसव पूर्व निदान तकनीकी विनियमन एवं दुरुपयोग निवारण के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पीसी, पीएनडीटी अधिनियम के क्रियान्वयन व उल्लंघन और दंड और कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभिन्न हितकारको के बीच समन्वय के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। समीक्षा क्रम में अल्ट्रासाउंड क्लीनिक की स्थिति, निगरानी एवं गैर पंजीकृत क्लिनिकों के पहचान और कारवाई के संबंध में चर्चा की गई एवं सभी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक पी सी /पी एन डी टी अधिनियम अंतर्गत वर्णित प्रावधानों का पालन करे, इस हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा आगामी एक सप्ताह अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड क्लीनिक के विरुद्ध व्यापक स्तर पर अभियान क्रियान्वयन का निर्देश दिया गया है। शुक्रवार को आयोजित बैठक के दौरान नए अनुज्ञप्ति/नवीनीकरण, स्थान परिवर्तन/नए मशीन खरीदने संबंधित समेकित रूप से कुल 28 मामलों पर विचार किया गया है। आयोजित बैठक के अवसर पर सिविल सर्जन/अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसायटी/जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# अलौली नगर पंचायत में विभिन्न चौक चौराहे पर हाई मास्ट लाइट लगाने, सामूहिक व दिव्यांग शौचालय निर्माण करने की किया मांग

**नगर पंचायत में अपेक्षित विकास व गांधी का सपना साकार नहीं, निर्माण कार्य कुछ नहीं सिर्फ स्वच्छता अभियान तक ही सीमित**

प्रात किरण संवाददाता

अलौली। फरकिया मिशन देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने देवघट्टा चौक, यदुवंशी चौक, तीनबटिया चौक, कपूर्री ठाकुर टोल, उत्तरवारी टोल, मधुपुर चौक एवं दुर्गा मंदिर चौक, थरुवा टोल में हाई मास्ट लाइट लगाने की मांग जिलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत अलौली से किया है। श्री यादव ने कहा कि विभिन्न चौक चौराहे पर लाइट की व्यवस्था नहीं रहने से अंधेरे में कई प्रकार की घटना होते रहती है एवं होने की संभावना बनी रहती है। नगर पंचायत बनने के बावजूद नगर का सर्वांगीण विकास का सपना साकार नहीं हो पा रही है। स्वच्छ सुंदर शिक्षित विकसित नगर पंचायत की नारा डपोरशंखी साबित हो रही है। अलौली के चोउर में जल जमाव की निकासी हेतु उराही करने एवं नाला निर्माण करने, संबंधी योजना पारित होने, एवं राशि आवंटित होने के बावजूद




आदेश निर्गत के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं हो पाई है बारिश पड़ने से कार्य बाधित हो जाएगी, इसलिए समय रहते कार्य निष्पादन करने की मांग किया है।

समाजसेवी किरण देव यादव ने विभिन्न चौक चौराहे पर तथा विशेष कर पुस्तकालय चौक पर सामूहिक शौचालय तथा दिव्यांग शौचालय निर्माण करने की मांग किया है। चौक पर विशेष कर महिलाओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। श्री यादव ने कहा कि अलौली से ट्रेन चालू होने पर पुस्तकालय चौक एवं देवघट्टा रोड तथा ब्लॉक जाने वाली रोड काफी व्यस्त हो चुकी है। चौक पर सजने वाली दुकान से काफी कठिनाइयां होती है। विभिन्न सड़क अतिक्रमित है। जिससे आवाजाही में काफी कठिनाइयों होती है एवं सड़क जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे निजात दिलाने की प्रशासन से मांग किया। समाजसेवी किरण देव यादव ने कहा कि देवघट्टा चौक ऐतिहासिक चौक है। पूर्व में यह चौक धोबी घाट चौक कहलाता था, चुंकी देवघट्टा चौक से दक्षिण धोबी घाट हुआ करता था। वर्तमान में चौक पर भोला बाबा मंदिर, काली मंदिर एवं हनुमान मंदिर का निर्माण विगत पांच दशक पूर्व होने पर देवी देवता के दृष्टिकोण से देवघट्टा चौक कहलाया। उक्त चौक पर दीपावली के अवसर पर काली मेला का भव्य आयोजन विगत तीन दशक से हो रही है। वहीं पीपल बरगद वृक्ष के तले वट सावित्री पूजा करने हेतु महिलाओं का भी उमड़ती है। उक्त दृष्टिकोण से चौक पर हाई मास्ट लाइट एवं सामूहिक शौचालय का निर्माण करना अति आवश्यक है।

## शस्त्र दुकान पर अग्नेयास्त्र एवं कारतूसों का होगा भौतिक सत्यापन : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा जिलापदाधिकारी द्वारा आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2025 को स्वच्छ शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष माहौल में सम्पन्न कराने हेतु मधेपुरा जिलान्तर्गत एक मात्र शस्त्र दुकान प्रतिष्ठान मेसर्स बिहार गन हाउस के निरिक्षण के समय शस्त्रों के साथ अग्नेयास्त्र / कारतूसों का भौतिक सत्यापन किए जाने का आदेश दी गई है। इसके फलस्वरूप विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के निमित शस्त्र दुकान / प्रतिष्ठान मेसर्स बिहार गन हाउस के शस्त्रों एवं कारतुस का भौतिक सत्यापन दिनांक 25 जून 2025 से 28 जून 2025 तक करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी मधेपुरा एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मधेपुरा को आदेशित किया गया है। विगत तीन वर्षो का विक्रय आंकड़ा क्रेतावार शस्त्र अनुज्ञप्ति संख्या सहित प्रतिवेदन तैयार की जाएगी। मधेपुरा मेसर्स बिहार गन हाउस के व्यवस्थापक को आदेश दी गई है कि वे भौतिक सत्यापन के समय अपने स्थान पर उपस्थित रहेंगे एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को आपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे।

## पवन शर्मा का जनसंपर्क अभियान तेज, माई बहन मान योजना को लेकर जनता में जागरूकता



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा विधानसभा क्षेत्र में युवा राजद के महासचिव पवन शर्मा ह्यपानह्ल लगातार जमीन पर सक्रिय हैं और जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। वह गांव-गांव जाकर जनता से संवाद कर रहे हैं और उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जागरूक कर रहे हैं। पवन शर्मा अपने संपर्क अभियान के दौरान राजद तेजस्वी यादव की प्रमुख योजना माई बहन मान योजना को लेकर विस्तार से जानकारी दे रहे हैं, जिसके जरिए महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और सम्मानजनक जीवन देने की बात की जा रही है। इसके साथ ही पवन शर्मा जनता को महागठबंधन की भावी योजनाओं के बारे में भी बता रहे हैं, जिनमें 500 रुपये में गैस सिलेंडर, हर युवा को नौकरी का अवसर, 1500 रुपये मासिक वृद्धा पेंशन, 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली शामिल है। पवन शर्मा ने कहा अगर पार्टी का शीर्ष नेतृत्व मुझ पर भरोसा करता है, तो मैं सहरसा की जनता को जाम, जलजमाव और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं से निजात दिलाने का काम करूंगा। हमारी सरकार बनने पर जनता को उनके हक की हर सुविधा मिलेगी। महागठबंधन की सरकार बनने पर जो वादे किए गए हैं उन्हें हर हाल में लागू किया जाएगा। यही असली बदलाव है, यही असली विकास है। पवन शर्मा का यह जनसंपर्क अभियान युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच व्यापक समर्थन हासिल कर रहा है। उनकी सादगी, स्पष्ट दृष्टिकोण और जनसेवा की भावना उन्हें सहरसा की राजनीति में एक मजबूत विकल्प बना रही है।

## 21 जून को चाणक्य लॉ यूनिवर्सिटी में पंच सरपंच संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में डीजीपी लेंगे भाग : किरण देव यादव

प्रात : किरण संवाददाता



**● पूरे बिहार से 100 सरपंच प्रतिनिधि लेंगे भाग, सरपंच पर हो रहे झूठा मुकदमा हमला हत्या एवं पेंशन के मुद्दे पर होगी गंभीर चर्चा**

खगड़िया। पंच सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने बताया कि 21 जून को चाणक्य राष्ट्रीय लॉ यूनिवर्सिटी मीठापुर पटना में 10 बजे दिन से राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में चाणक्य लॉ यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर सह पंचायती राज न्याय पीठ के सदस्य एवं डीजीपी बिहार तथा संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमोद कुमार निराला सहित सभी जिला के अध्यक्ष एवं राज्य कमेटी के पदाधिकारीगण भाग लेंगे। श्री यादव ने बिहार के सभी जिला के अध्यक्ष, महासचिव, प्रदेश कमेटी के पदाधिकारी से राज्य स्तरीय कार्यशाला में अधिक संख्या में भाग लेने का अपील किया है। श्री यादव ने कहा कि कार्यशाला में सरपंच पर हो रहे झूठा मुकदमा, हमला, हत्या पर रोक लगाने तथा सम्मानजनक पेंशन चालू करने की मांग डीजीपी एवं न्याय पीठ के सदस्य से किया जाएगा। तथा ग्राम कचहरी को बेहतर उत्कृष्ट सफल संचालन हेतु विभिन्न मुद्दे पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला में प्रदेश संयोजक पुष्पेंद्र ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष किरण देव यादव, विधि सलाहकार अजय कुमार, वशिष्ठ निषाद, महेश राय, विनोद यादव, वीरेंद्र यादव, राकेश रंजन, सनी कुमार, अमित दुबे, रंजीत यादव, गीतांजलि कुमारी, रीता देवी, पप्पू रहमान, मनोज कुमार, विजय सिंह, सरपंच रंजू कुमारी, अनुराधा कुमारी, बंटी देवी, सक्रिय रूप से भाग लेंगे। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि आज आए दिन सरपंच पर झूठा मुकदमा हमला एवं हत्या किया जा रहा है। सुरक्षा नाम का कोई व्यवस्था नहीं है। सरपंच को थाना में सम्मान नहीं मिलता है। सभी थाना में नियमित तौर पर मासिक बैठक पुलिस पब्लिक प्रतिनिधि के साथ करने की जरूरत है। उक्त बैठक का आयोजन राज्य जिला एवं प्रखंड स्तर पर किया जाए। उक्त मुद्दे पर डीजीपी को संज्ञान लेने की जरूरत है। सरपंचों को शांति समिति की बैठक, थाना में जनता दरबार, एवं विधि व्यवस्था के मद्देनजर भागीदारी लेने की जरूरत है तभी न्याय के साथ विकास का उद्देश्य धरातल पर लागू होगा एवं ग्राम पंचायत सुंदर शिक्षित विकसित एवं शांति न्याय परक व्यवस्था के साथ एक नया समाज का निर्माण होगा एवं गांधी जी का सपना साकार होगा।

## नवनिर्मित सड़क व नाला का विधायक डॉ. आलोक रंजन ने किया उद्घाटन




प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगरनिगम वार्ड नंबर 37 में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत विधायक निधि से योजना अरुण मंडल के घर से ओम प्रकाश गुप्ता के घर की ओर जाने वाली पथ में सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का सदर विधायक व पूर्व मंत्री बिहार सरकार डॉ. आलोक रंजन ने उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि यह सड़क जर्जर अवस्था में रहने एवं जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी होती थी स्थानीय लोगों के द्वारा इस विषय की जानकारी प्राप्त हुई मैंने तुरंत विभाग को अनुशंसा भेजकर सड़क एवं नाला का शीघ्र निर्माण कराने को कहा था आज काफी प्रशन्नता हुई कि यह सड़क एवं नाला निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और मोहल्ला के निवासियों को इसका लाभ मिल रहा है लोगों को परेशानियों से निजात मिल चुका है। इसके अलावे मैंने मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना के तहत सहरसा नगर के कई महत्वपूर्ण सड़क एवं नाला निर्माण कार्य हेतु अनुशंसा भेजकर योजना की स्वीकृति प्रदान करवाई है जिसमें लगभग एक 20 करोड़ रुपये से कई सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो गया है कार्य आवंटन हो चुका है जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसके अलावा भी कई नई सड़क एवं नाला हेतु अनुशंसा भेजी गई है। जिसका प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष आशीष गुप्ता, भैरब झा, सिंको सिंहा, संतोष गुप्ता, शक्ति गुप्ता, राजेश गुप्ता, पप्पू गुप्ता , बिट्टू झा, वरुण झा, राकेश कुमार, पवन भगत, गोविंद पाण्डे, अभिनव सिंहा, बबलू पोद्दार, अभिजीत सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, गोविंद गुप्ता, डब्लू कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## नगर आयुक्त ने कहा- यह धोखाधड़ी का मामला, अभियंता ने नगर निगम को अंधेरे में रखा

प्रात : किरण संवाददाता




सहरसा नगर निगम सहरसा में एक बड़ा घोटाला सामने निकल कर आया है, जहां निगम के अधिकारियों ने एक ऐसे पूर्व कनीय अभियंता को 90 लाख रुपए का भुगतान कर दिया, जो तीन महीने पहले ही अपने मूल विभाग से विरमित हो चुका था। यह राशि मार्च, अप्रैल और मई 2025 में उसके खाते में हस्तांतरित की गई। जानकारी के अनुसार, कनीय अभियंता प्रवीण कुमार नगर निगम में अनुबंध पर प्रतिनियुक्त थे। वे मूल रूप से स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल सहरसा में संविदा पर कार्यरत थे। इसी दौरान बिहार व्य तकनीकी सेवा आयोग के तहत पथ निर्माण बर विभाग में उनका चयन हो गया। इसके बाद ।उन्हें 3 मार्च 2025 को ही क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल सहरसा से विधिवत है। रूप से विरमित कर दिया गया था। आश्चर्यजनक रूप से, नगर निगम कार्यालय ने अनुबंध की सेवा समाप्त होने और प्रवीण कुमार के विरमित होने के क बावजूद विभित्र योजना मदों की राशि उनके खाते में भुगतान करना जारी रखा। यह भी उल्लेखनीय है कि प्रवीण कुमार ने न तो निगम से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लिया और न ही निगम ने उन्हें औपचारिक रूप से अपनी सेवा से विरमित किया था। उक्त कनीय अभियंता नगर निगम की विभित्र योजनाओं में अभिकर्ता के रूप में कार्य करते थे। इसके बावजूद, नगर निगम ने उन्हें योजना अभिकर्ता मानते हुए 90 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। यह राशि मिट्टी, सोलिंग, रोड डलाई और नाला निर्माण जैसी योजनाओं के तहत दी गई। ये योजनाएं वार्ड संख्या 34, 8, 9, 43 और 30 में संचालित थीं, जिनके वे अभिकर्ता थे। प्रत्येक योजना की लागत 14.5 लाख थी। यहां यह बताना आवश्यक होगा कि नगर निगम क्षेत्र स्थित वार्ड 34 में नाला निर्माण के मुद्दे को लेकर पूर्व में काफी विवाद हुआ था। तकनीकी आधार पर इस नाला निर्माण में अनियमितता की चर्चा जोरो पर थी। उस समय जब अखबार ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया और नगर निगम प्रशासन से सवाल किया तो बताया गया था कि वार्ड कमिश्नर अपने मन से कार्य कर रहे हैं और यह नगर निगम के निर्देश पर नहीं हो रहा है। उस समय तत्कालीन कनीय अभियंता प्रवीण कुमार ही थे और उन्होंने स्वयं बताया था कि इस कार्य का भुगतान नहीं किया जाएगा। बावजूद इसके, कमीशन के लिए सभी की मिलीभगत से उसे भुगतान कर दिया गया। प्रवीण कुमार ने विरमित होने से पहले अपने मूल विभाग, क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल सहरसा को पत्र देकर यह सूचित कर दिया था कि उनका चयन पथ निर्माण विभाग में हो गया है। उन्होंने सभी आवश्यक कागजात और मापी पुस्तिका कार्यालय में जमा भी कर दी थी। नगर निगम ने अभिकर्ता मानते हुए प्रवीण को भुगतान जारी रखा, वार्ड 34 में बनाए गया नाला और कल्वर्ट इंजीनियर ने नहीं लिया था नो ड्यूज सर्टिफिकेट :झ सुशील कुमार इस पूरे मामले पर जब प्रातः किरण ने नगर आयुक्त सुशील कुमार मिश्रा से सवाल किया, तो उन्होंने इसे धोखाधड़ी का मामला स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि नगर निगम को अंधेरे में रखा गया और प्रवीण कुमार को निगम से भी विरमण के लिए आवेदन देना चाहिए था, साथ ही नो ड्यूज प्रमाणपत्र भी लेना चाहिए था। नगर आयुक्त ने बताया कि इस मामले में संबंधित कर्मी और प्रवीण कुमार दोनों से स्पष्टीकरण मांगा गया है और उनके विरुद्ध कार्रवाई की। प्रवीण कुमार ने विरमित होने से पहले अपने मूल विभाग, क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल सहरसा को पत्र देकर यह सूचित कर दिया था कि उनका चयन पथ निर्माण विभाग में हो गया है। उन्होंने सभी आवश्यक कागजात और मापी पुस्तिका कार्यालय में जमा भी कर दी थी। पथ निर्माण विभाग के आदेशानुसार उन्हें पटना सिटी पथ प्रमंडल गुलजारबाग में योगदान देना था। स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल सहरसा के कार्यपालक अभियंता ने 3 मार्च 2025 को उन्हें विरमित भी कर दिया था। इसके बावजूद, नगर निगम ने उन्हें योजना अभिकर्ता मानते हुए भुगतान जारी रखा। वहीं, जब इस संबंध में तत्कालीन कनीय अभियंता प्रवीण कुमार से सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि उन्होंने भुगतान के लिए नहीं कहा था और जब नगर निगम ने भुगतान कर दिया, तो इसमें उनका कोई दोष नहीं है।

## सहरसा में हवाई सेवा शुरू होने से शहर का होगा सर्वांगीण विकास : नीरज सिंह बबलू



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा बिहार सरकार की कैबिनेट ने मंगलवार को वीरपुर और सहरसा में हवाई अड्डों के विकास को मंजूरी दे दी। यह फैसला उड़ान योजना के तहत लिया गया है। वीरपुर को छोटे हवाई अड्डे यानी रीजनल कनेक्टिविटी हब के रूप में विकसित किया जाएगा। सहरसा में भी हवाई सेवाओं के विस्तार की दिशा में काम शुरू होगा। इस परियोजना के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नई दिल्ली और बिहार सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर सहमति बनी है। इस निर्णय पर बिहार सरकार के मंत्री और छातापुर विधायक नीरज कुमार सिंह ने खुशी जताई। उन्होंने कहा कि यह उनके लगातार प्रयास का नतीजा है। उन्होंने कहा कि जो वादा किया था, उसे पूरा कर दिखाया है। मंत्री ने कहा कि यह सिर्फ हवाई अड्डा नहीं, बल्कि छातापुर और सहरसा के सर्वांगीण विकास का प्रवेश द्वार है। सहरसा शहर में खुशी का माहौल है।

# राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक में जिला पदाधिकारी ने की विन्दुबार चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता




मुंगेर ।जिला स्तरीय राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिले में चल रहे राजस्व संबंधी कार्यों पर बिंदुवार चर्चा हुई। इस अवसर पर अपर समाहर्ता मनोज कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी पंकज कुमार गुप्ता सहित सभी अंचलाधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में प्रमंडलीय खेल मैदान की जमीन पर चर्चा करते हुए धरहरा अंचलाधिकारी द्वारा बताया गया कि 15 से 20 एकड़ जमीन का अधिग्रहण खेल मैदान के लिए किया जाना है। जिलाधिकारी ने कहा कि जमीन को चिन्हित करें और प्रपोजल भेजें। उन्होंने खेल भवन के लिए भी जमीन चिन्हित करने का निर्देश दिया। जिले के विभिन्न पंचायतों में बनने वाले पंचायत सरकार भवन की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कहा कि जिन अंचल के अधीन जमीन का चयन कर लिया गया है, वहां निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारम्भ करें। साथ ही जिन भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ है, उसे शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। अल्पसंख्यक कल्याण तथा जिला कल्याण कार्यालय के तहत जिन छात्रावास का निर्माण किया जाना है उसका प्रपोजल सभी अंचलाधिकारी को उपलब्ध कराएं, उसी के आधार पर सभी संबंधित क्षेत्र में स्थल चयन कर आवंटित कराएं तथा निर्माण कार्य शुरू करें। ऑनलाइन दाखिल खारिज की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कहा कि रिपोर्ट के अवलोकन के अनुसार राजस्व कर्मचारियों के पास अधिक आवेदन लंबित हैं, सभी सीओ इसकी जांच करें और यदि कर्मचारियों द्वारा अनियमितता बरती जा रही है तो उनके खिलाफ कार्रवाई करें। यदि कोई अयोग्य कर्मचारी हैं तो तत्काल उनके स्थान पर योग्य कर्मचारी को रख कर सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन करें। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक सप्ताह इसका रिव्यु करें और साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अद्यतन रिपोर्ट के साथ ही उपस्थित रहें। इसके अलावे परिमार्जन, ई-मापी के भी सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जितने भी आवेदन प्राप्त होते हैं, उसे तत्काल जांच कर निष्पादित करें। आवेदन को लंबित नहीं रखें। गवर्नमेंट लैंड म्यूटेशन के लंबित आवेदनों का भी शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए। लगन वसूली कि समीक्षा में उन्होंने कहा कि जितने भी बड़े बकायेदार हैं, उनकी सूची बना कर उन्हें नोटिस करें और लक्ष्य निर्धारित कर अधिक से अधिक लगान की वसूली करें। डीसीएलआर तथा सीओ के न्यायलय में लंबित मामलों पर उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए उसमें तेजी लाने और अधिक से अधिक निष्पादन की बात कही।

# मुक्ति धाम में अंचल कार्यालय नापी अभिलेख पर रोक लगाने के संबंध में डीएम को सौपा ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा शहर का एकमात्र शवदाह केन्द्र मुक्ति धाम में जबरन कब्जा रहे लोगों के विरुद्ध स्थानीय लोगों ने गुरुवार को डीएम को आवेदन देकर इस पर रोक लगाने की मांग की है। इस संबंध में रोहिन दास, बसंत कुमार शर्मा, संतोष शर्मा सहित अन्य नें बताया कि जिला मुक्तिधाम के जमीन को पतरघट अंचल के राजस्व कर्मचारी प्रभात कुमार द्वारा स्थानीय दलित महादलित एवं अति पिछडों को शवदाह करने से यह कहते हुए रोका जा रहा है कि उन्हाने जमीन खरीद कर ली है। ज्ञात हो उक्त स्थल पर स्थानीय दलित महादलित एवं अति पिछडों द्वारा पीढियों से शव दाह किया जाता रहा है एवं वर्तमान में हिन्द आस्था की प्रतीक माँ काली मंदिर का निर्माण स्थानीय लोगों के सहयोग से किया जा रहा है जो छत लेवल तक पहुँच गया है। ऐसे में स्थानीय लोगों के पीढियों से चलती आ रही आस्था एवं भक्ति को नाजायज तरीके से ठेस पहुँचाने का कार्य पतरघट अंचल के राजस्व कर्मचारी प्रभात कुमार द्वारा किया जा रहा है। जिससे स्थानीय लोगों में घोर आक्रोश व्याप्त है। चूंकि प्रभात कुमार राजस्व कर्मचारी के रूप में पतरघट में पदस्थापित एवं स्थानीय बटराहा में आवासित है। उन्हें भूमि संबंधी दलाली की अच्छी जानकारी है। जिसका लाभ उठाते हुए उनके द्वारा आम जनमानस के भावनाओं को ठेस पहुँचाने की नीयत से ऐसा किया जा रहा है। इसकी जानकारी स्थानीय दलित महादलित एवं अति पिछड़ों को तब हई जब जमीन मापी संबंधी अभिलेख सं०-273/2024-25, अंचल कार्यालय कहरा से प्रभात कुमार द्वारा निर्गत करवा लिया गया। जिसके अनुसार दिनांक 24 जून को पैमाईश की जानी है। जिससे लोग काफी आक्रोशित हैं। हिन्दू रीति रिवाज में शवदाह एक अतिमहत्वपूर्ण संस्कार है, जिसका शांतिपूर्ण सम्पन्न होना आवश्यक है, ताकि मृत आत्मा को शांति मिल सके। अंचल कार्यालय के अभिलेख सं०-273/2024-25 द्वारा नापी पर रोक लगायी जाय अन्यथा की स्थिति में स्थानीय दलित, महादलित एवं अति पिछड़े लोग उक्त जमीन पर दिनांक 24 जून को धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर समझे जायेंगे जिसकी सम्पूर्ण जबावदेही प्रशासन की होगी।

# विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के मौके पर खड़गपुर तारापुर के रास्ते नहीं आ पाएंगे श्रद्धालुओं की छोटी-बड़ी वाहन

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर )। पिछले 6 महीने से तारापुर खड़गपुर मुख्य सड़क निर्माण के कारण 20 दिन बाद शुरू हो रहे विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के मौके पर दक्षिण बिहार से जमुई खड़गपुर तारापुर के रास्ते उत्तर वाहिनी गंगा अजगैबीनाथ सुल्तानगंज आने वाले श्रद्धालुओं को इस रास्ते में भारी परेशानी का सामना करना होगा। गौरतलब है कि पिछले तीन दिनों से रुक रुक कर झमाझम बारिश के कारण इस मुख्य सड़क में राजा रानी तालाब से खड़गपुर के बीच बनाए जा रहे तीन नदियों पर तीन बड़ा पुल एवं राजारानी तालाब से तारापुर के बीच फिर तीन नदियों पर तीन बड़ा कूल 6 पुल के समीप संवेदक के द्वारा बनाए गए डायवर्सन हर रोज सड़क दुर्घटना को लेकर मौत का आमंत्रण दे रहा है। आस-पड़ोस के लोगों द्वारा बताया जा रहा है कि संवेदक के द्वारा डायवर्सन इतना कमजोर बनाया गया है कि पिछले तीन दिनों की बरसात में जो गाड़ियां इस सड़क मार्ग से निकलती है वह भगवान भरोसे छोटी बड़ी वाहनों पर सवारी से भरा जान जोखीम में डालकर 12 किलोमीटर की यात्रा तय कर रहे हैं। कब और किस समय छोटी या बड़ी वाहन नदी में लुढ़क जाए कहना बड़ा मुश्किल है । आगे बता दें कि तारापुर प्रखंड क्षेत्र के लोगों का जिला मुख्यालय मुंगेर जाने के लिए यह सड़क प्रमुख रूप से है ।मानसून प्रवेश करने के कारण रिमझिम बारिश को लेकर सड़क निर्माण का कार्य थोड़ी सी धीमी पड़ गई है ।इसके बावजूद भी पूरी तरह से टूटी सड़क में यात्री यात्रा करने से बाज नहीं आ रहे हैं ।

# औरंगाबादः विरासत, वेदना और विकास की पुकार



प्रकाश चंद्रा/ लेखक

बिहार का औरंगाबाद जिला जो केवल बिहार के नक्शे पर सीमित नहीं, बल्कि ऐतिहासिक गरिमा, सांस्कृतिक चेतना और जनसंघर्ष की जीवंत मिसाल है। मगध की विरासत से जुड़ा यह क्षेत्र एक ओर पौराणिक धरोहरों से समृद्ध है, तो दूसरी ओर विकास की दौड़ में पिछड़ने का दंश झेल रहा है। यह विरोधाभास हमें केवल आंकड़ों की कहानी नहीं सुनाता, बल्कि एक ऐसे समाज की पीड़ा और संभावनाओं की झलक भी देता है, जो लगातार बदलाव की ओर देख रहा है। लेकिन इन चुनौतियों के बीच आशा की एक नई किरण भी दिखाई देती है, जो जनता की चेतना, युवाओं की भागीदारी और सांस्कृतिक गौरव की भावना को एक साथ जोड़कर एक समृद्ध एवं विकसित समाज की परिकल्पना को साकार कर सकता है। जहाँ पगडंडियों पर इलाज ढूंढते हैं लोग, वहाँ सपनों को चाहिए सशक्त सहाराः आज जब राज्य और केंद्र सरकारें विकास को अपनी प्राथमिकता बना रही हैं, तब औरंगाबाद जैसे जिलों की वास्तविक तस्वीर को देखना और समझना जरूरी हो जाता है। यहाँ की चुनौतियाँ केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि लंबे समय से चली आ रही प्रशासनिक उपेक्षा, असमान वितरण और योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की खामियों का परिणाम हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की बात करें तो जिला मुख्यालय से दूर के गाँवों में आज भी स्वास्थ्य सेवाएं कच्ची पगडंडियों पर दम तोड़ते दिखती हैं। बेहतर स्वास्थ्य सेवा की आस लिए बुजुर्ग,युवा, महिला एवं बच्चें आज के इस दौर में सरकारी अस्पतलों की सेवा की जगह झोला छाप डॉक्टरों के दरवाजे पर कतार में दिख जाते हैं। प्रसव, टीकाकरण या आपात चिकित्सा की स्थिति में कई ग्रामीणों को समय और संसाधनों के अभाव में अपनों को खोना पड़ता है। सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर न दवाएँ हैं, न पर्याप्त स्टाफ और न ही कोई ऐसा कोरा कागज जिसपर स्वस्थ समाज की सुन्दर तस्वीर उकेरी जा सके। शिक्षा का हाल इससे अलग नहीं है। कई प्राथमिक विद्यालयों में नियमित शिक्षक नहीं हैं। बालिकाओं के लिए उच्च विद्यालयों की अनुपस्थिति एक बड़ी चुनौती है। डिजिटल शिक्षा के इस युग में भी यहाँ के बच्चे इंटरनेट और स्मार्ट उपकरणों से दूर हैं। सामूहिक चेतना, तकनीक और जन-सहभागिता के जरिए समाधानः लेकिन सवाल केवल समस्याओं का नहीं, समाधान की दिशा में उठाए जाने वाले जरूरी कदमों का भी है। औरंगाबाद को बदलने के लिए जरूरत है। स्थानीय जरूरतों के अनुरूप नीतियों के निर्माण और जन-सहभागिता आधारित मॉडल को अपनाने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य क्षेत्र में मोबाइल मेडिकल यूनिट, टेलीमेडिसिन की उन्नत सुविधा, आशा और सामुदायिक हेल्थ वर्कर को टेक्नोलॉजी से जोड़ने, और ब्लॉक स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सा सेवा की व्यवस्था उपलब्ध कराने की सोच एवं प्रतिबद्धता की सख्त जरूरत है। वहीं,शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल लर्निंग केंद्र, पंचायत स्तरीय पुस्तकालय, बालिकाओं के लिए विशेष शिक्षा प्रोत्साहन योजनाएँ, और सामुदायिक निगरानी की प्रभावशाली भूमिका से शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ सकती है। संस्कृति जो दे सकती है पहचान और आजीविका, वही आज उपेक्षा की शिकारः इनके साथ, औरंगाबाद की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना भी उतना ही आवश्यक है। यह जिला पर्यटन की दृष्टि से भी विशाल संभावनाएँ समेटे हुए है। सोन नदी के किनारे बसे गाँव, लोक कलाएँ, छठ महापर्व, मंदिरों की श्रृंखला और लोक परंपराएँ यदि सही ढंग से प्रस्तुत की जाएँ तो यह न केवल सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ाएंगी बल्कि युवाओं के लिए आजीविका का भी साधन बन सकती हैं। आखिर में, जरूरत इस बात की है कि औरंगाबाद को केवल एक पिछड़ा जिला कह कर छोड़ न दिया जाए, बल्कि इसे एक संभावनाशील प्रयोगभूमि के रूप में देखा जाए, जहाँ सामूहिक चेतना, प्रशासनिक इच्छाशक्ति और नीति नियोजन मिलकर बदलाव की मिसाल कायम कर सकते हैं। जिले के लोग अगर जागे तो तस्वीर बदल सकती है। इस बदलाव का सूत्रधार लोगों को ही करना होगा। इसके लिए शिक्षित, प्रगतिशील एवं समाज से जुड़े सही जनप्रतिनिधि का चुनाव सबसे प्रमुख है। जब तक चयनित जन-प्रतिनिधि स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, सड़क एवं पानी जैसे बुनियादी सेवाओं से जुड़े चुनौतियों को नजरंदाज करते रहेंगे तब-तक जिले का भविष्य उस अंधेरे में डूबा रहेगा जहाँ रौशनी की पहुँच संभव नहीं है।

# देश - प्रदेश में एक ही सरकार, विकसित बिहार और समृद्ध बिहार




बिहार प्रदेश और केन्द्र में एन डी ए की सरकार चल रही है । प्रदेश में सुशासन बाबू नीतीश कुमार तो देश में उदीयमान विकास पुरुष, अप्रतिम प्रतिभावान मोदी जी की सरकार निर्बाध गति से कार्यरत है। सामने 2025 का बिहार में विधान सभा का चुनाव दस्तक दे रहा है । भिन्न-भिन्न प्रकार के अटकलें लगाये जा रहे है ,अफवाहें फैलाए जारहे हैं। मगर एनडीए मजबूत गठबंधन के साथ देश और प्रदेश में विकास को गति दे रहा है । विशेष राज्य का दर्जा मिले न मिले उसके सारे सुख सुविधाएं किसी न किसी रूप में बिहार को विकसित राज्य बनाने की तरफ बढ रहा है । जब भी प्रधान सेवक जी का बिहार आगमन होता है ,किसी न किसी रुप में सहयोग की वर्षा करके चले जाते है । अभी फिर बिहार आएऔर 5900/ करोड की लागत से आवास ,शहरी विकास, जल शक्ति,विद्युत और रेल से जुड़ी 28 परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पण कर गए। इस सभा की अध्यक्षता मुख्य मंत्री श्री नीतीश कुमार एवं मुख्य अतिथि प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी थे।इन दो विभूतियों के बीच विशिष्ट अतिथि के रुप में माननीय राजपाल, बिहार श्री आरिफ मोहम्मद खां जी उपस्थित रहे । विकास पुरुष और सुशासन बाबू ने बिहार के विकास के निम्न आयामो पर प्रकाश डाला :- शहरी विकास हेतु अमृत योजनाः- अमृत 2.0 अंतर्गत 2183 करोड रुप के जलापूर्ति एवं सीवरेज परि- योजनाओं का शिलान्यास। इन परियोजनाओं के पू होने से आम जनता को स्वच्छ पेयजल तथा स्वच्छ शहर का समर्पण मिलेगा । निर्मल गंगा हेतु नममि गंगेकार्यक्रमः- नामित गंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत 1825/ करोड रुपए से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं 800 करोड रुपए से अधिक की नई परियोजनाओं का शिलान्यास। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से गंगा नदी और स्वच्छ होगी । गरीबों के लिए पी एम आवास योजनाः- प्रधान मंत्री आवास योजना ( शहरी ) अन्तर्गत53000/ करोड से अधिक लाभार्थियों को लगभग 540 करोड रुपए का हस्तांतरण। आवास विहीन शहरी गरीबों को पक्का मकान मिलेगा । ग्रीन ऊर्जा के लिए सौर ऊर्जा भंडारण :- विभिन्न ग्रिड उप -स्टेशन पर 135 करोड रुपए से 500 मेगावाट पावर क्षमता की बैट्री उर्जा। सौर उर्जा भंडारण प्रणाली के विकास होगा । उद्योगों को बढावा देने हेतु रेल इंजन निमार्णः- गिनी गणराज्य को लोकोक्ति फैक्ट्री , मढ़ौरा से पहला ह्य मेक इन इंडिया ह्य लोकोक्ति का निर्यात । तीन यातायात हेतु वंदे भारतः- पाटलिपुत्र और गोरख पुर के बीच वंदे भारत ट्रेन को हरि झंडी ।यात्रियों को तीव्र और आराम दायक यात्रा का लाभ मिलेगा । 2 घंटे से अधिक समय की बचत होगी । इस प्रकार हम पाते है कि 1990 से 2005 और 2005 से अब तक का कार्य स्वंय बोलता है कि किसके सरकार में कितना विकास हुआ। रोड, विद्यालय भवन,चिकित्सालय, बिजली सब से आबाज आती हैकि इनकी सरकार ने रोते बिहार को हँसता बिहार बनाया है। फिर भी अभी विकास की लम्बी दूरी तय करनी है। आशा ही नही अपितु पूर्ण विश्वास है कि इस बार 220 से ज्यादा सीट लेकर पुनः नीतीश जी सरकार बनाते है तो मोदी जी के सहयोग से विकास के सारे आयाम पूरे होंगे ।

# पशु-परिंदे ही नहीं - पेड़ भी करते हैं सूर्यग्रहण से पहले संवाद - स्प्रूस पेड़ पर हुआ वैज्ञानिक प्रयोग

**अनुभूति और स्मृति होता है, वह संवाद करता हैं और सामूहिक निर्णय लेता हैं। अब वैज्ञानिक वृक्षों के इस जैविक संवाद को और गहराई से समझने की दिशा में काम कर रहा हैं। भविष्य में यह अध्ययन पारिस्थितिकी की बेहतर समझ में मदद करेगा, वनों के संरक्षण के लिए नई नीतियां गढ़ेगा, और पेड़-पौधों के साथ मानवीय संबंधों को और गहरा करेगा। भारतीय संस्कृति में वृक्षों को जीवंत माना गया है। पीपल, बरगद, तुलसी आदि को पूजा जाता है। वेदों में कहा गया है - वनस्पतयः सोमराजानः वृक्षों में देवता का वास है। यह अध्ययन आधुनिक विज्ञान को उस प्राचीन ज्ञान के करीब लाता है, जिसमें वृक्षों को चेतन प्राणी माना गया है।**






**जितेन्द्र कुमार सिन्हा,**
लेखक

अब तक यह माना जाता था कि ग्रहण जैसी खगोलीय घटनाओं पर केवल जानवर, परिंदे या मनुष्य ही प्रतिक्रिया देते हैं। लेकिन हालिया शोध ने इस धारणा को पूरी तरह से बदल दिया है। अब वैज्ञानिकों ने प्रमाणित किया है कि वृक्ष- खासकर स्प्रूस (२स्त्र१४ी) जैसे पुराने वृक्ष, न केवल सूर्यग्रहण के प्रति प्रतिक्रिया करते हैं, बल्कि उसके कई घंटे पहले ही उसका पूवार्नुमान भी लगा लेता हैं। यह वृक्ष अपने जैव-विद्युत संकेतों से जंगल के अन्य पेड़ों को भी सचेत करता है। यह अध्ययन इटली के प्रसिद्ध पर्वतीय क्षेत्र डोलोमाइट्स में स्थित एक पुराने जंगल में किया गया। वैज्ञानिकों ने वहां मौजूद स्प्रूस पेड़ों पर विशेष सेंसर लगाए और उनकी जैव-विद्युत गतिविधियों को कई दिनों तक रिकॉर्ड किया। रॉयल सोसायटी ओपन साइंस पत्रिका में प्रकाशित इस अध्ययन में यह पाया गया कि ग्रहण से कुछ घंटे पहले ही इन वृक्षों में समन्वित विद्युत संकेत उत्पन्न होने लगे थे। वृक्षों में भी विद्युत संकेत होते हैं, जैसे मानव मस्तिष्क या हृदय में होते हैं। इन संकेतों को बायोइलेक्ट्रिक सिग्नल्स कहा जाता है। यह सिग्नल पेड़ों की जड़ों, तनों और पत्तियों के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान करता है। सूर्यग्रहण जैसी घटनाओं से पहले, वातावरण में अचानक होने वाले परिवर्तन (जैसे तापमान में गिरावट, प्रकाश का कम होना, हवा की नमी में परिवर्तन) इन संकेतों को उत्तेजित करता हैं। अध्ययन में पाया गया है कि वृक्षों की जैव-विद्युत गतिविधि ग्रहण के 3 से 4 घंटे पहले ही बदलने लगी थी। विद्युत संकेतों में आई यह गति पूरे जंगल में एक साथ फैल गई थी। पुराने पेड़ इस परिवर्तन को पहले पहचानता हैं और युवा पेड़ों को सतर्क करता है। इस अध्ययन की सबसे चौंकाने वाली खोज यह है कि पेड़ संवाद करता हैं। यह संवाद पूरी तरह विद्युत संकेतों और रासायनिक संप्रेषण पर आधारित होता है। प्रोफेसर मोनिका गागलियानो, जो इस अध्ययन की प्रमुख लेखिका हैं, कहती हैं कि ह्लपेड़ों की प्रतिक्रियाएं केवल जैविक नहीं, बल्कि संप्रेषणीय भी हैं। वह एक नेटवर्क की तरह कार्य करता हैं, जैसे एक जीवित इंटरनेट ह्व यह हङ्क्ष्ज्ञ ह्वी ही की अवधारणा को और भी बल देता है, जिसके अनुसार पेड़ भूमिगत कवक-जाल (८ूङ्क्ष१ि९'ल्ली३६ङ्क्ष१'२) के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़ा होता हैं और संदेशों का आदान-प्रदान करता हैं। अध्ययन में यह बात भी सामने आई है कि पुराने पेड़ सूर्यग्रहण के संकेतों को बेहतर ढंग से पहचानता हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि वृक्षों के पास दशकों की ह्यपर्यावरणीय स्मृतिह्व होती है। पुराने वृक्ष पहले संकेतों को ग्रहण करता हैं, फिर जैव-विद्युत तरंगों के माध्यम से संकेतों को प्रसारित करता है, युवा वृक्षों को संभावित पर्यावरणीय परिवर्तन के लिए तैयार करता हैं। यह एक पारिस्थितिक चेतना का प्रमाण है, जो कि जीव-जंतुओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि वनस्पतियों में भी विद्यमान है। सूर्यग्रहण के समय जंगल में वातावरण एकदम बदल जाता है। अचानक अंधकार छा जाता है, तापमान गिरता है, पक्षी चुप हो जाते हैं, जानवर अपने स्थानों में लौट जाते हैं। इसी दौरान पेड़ों में भी एक असामान्य विद्युतीय गतिविधि पाई गई है। वह अपनी जैव-विद्युत ऊर्जा को समेटने लगता हैं, जैसे किसी गहरी ध्यान अवस्था में जा रहे हो। वैज्ञानिकों ने बताया कि ग्रहण के समय वृक्षों की विद्युत गतिविधि चरम पर होता है।

यह व्यवहार सभी पेड़ों में एक साथ होता है, जो किसी समन्वित चेतना का प्रमाण है। वैज्ञानिकों ने पेड़ों पर जो सेंसर लगाए थे, वे ूि१ङ्क्षी ीू३१ङ्क्षी शील्ल२ङ्क्ष१२ थे। ये सेंसर पेड़ों के तनों में लगे होते हैं और प्रत्येक सेकंड उनके भीतर की विद्युत गतिविधियों को रिकॉर्ड करता हैं। इसके साथ ही मौसम से संबंधित डेटा (तापमान, आर्द्रता, प्रकाश की मात्रा) भी रिकॉर्ड किया गया। सेंसर से प्राप्त डेटा को कंप्यूटर में ीप्रिल्लिॅ करके सिग्नल एनालिसिस सॉफ्टवेयर से विश्लेषण किया गया। परिणाम चौंकाने वाला था। वैज्ञानिकों ने साफ तौर पर देखा कि ग्रहण के समय विद्युत सिग्नलों की आवृत्ति और तीव्रता दोनों ही अचानक बढ़ जाता है। जैसे मनुष्य आवाज से, परिंदे ध्वनि से, और कीड़े-फरमोन से संवाद करते हैं, वैसे ही वृक्ष जैव-विद्युत संकेतों का उपयोग करता हैं। यह संकेत उनके भीतर की कोशिकाओं में ह्यएक्शन पोटेंशियलह्व के रूप में उत्पन्न होता हैं। जब कोई बाहरी घटना होती है, जैसे तेज हवा चलना, तापमान का अचानक गिरना, सूर्यग्रहण जैसे खगोलीय परिवर्तन होना। तो यह पेड़ विद्युत संकेतों के रूप में प्रतिक्रिया करता है। यह संकेत बहुत तेजी से अन्य पेड़ों तक पहुंचता है और पूरा जंगल एक जैविक नेटवर्क की तरह समन्वित प्रतिक्रिया देता है। यह अध्ययन सिर्फ एक विज्ञान प्रयोग नहीं है, बल्कि यह वनस्पति विज्ञान की पारंपरिक धारणाओं को चुनौती देता है। यह संकेत करता है कि पेड़ चेतन होता हैं, उनमें अनुभूति और स्मृति होता है, वह संवाद करता हैं और सामूहिक निर्णय लेता हैं। अब वैज्ञानिक वृक्षों के इस जैविक संवाद को और गहराई से समझने की दिशा में काम कर रहा हैं। भविष्य में यह अध्ययन पारिस्थितिकी की बेहतर समझ में मदद करेगा, वनों के संरक्षण के लिए नई नीतियां गढ़ेगा, और पेड़-पौधों के साथ मानवीय संबंधों को और गहरा करेगा। भारतीय संस्कृति में वृक्षों को जीवंत माना गया है। पीपल, बरगद, तुलसी आदि को पूजा जाता है। वेदों में कहा गया है - वनस्पतयः सोमराजानः वृक्षों में देवता का वास है। यह अध्ययन आधुनिक विज्ञान को उस प्राचीन ज्ञान के करीब लाता है, जिसमें वृक्षों को चेतन प्राणी माना गया है। अब विज्ञान भी मानने लगा है कि पेड़ केवल लकड़ी का ढांचा नहीं है, बल्कि अनुभूतिपूर्ण, संवादशील प्राणी हैं। पेड़ हमारी पृथ्वी के मौन प्रहरी है। वह न बोलता हैं, न चलता हैं, परंतु उनकी संवेदनशीलता और सामूहिकता हमें सिखाता है कि किस तरह प्रकृति का हर घटक एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। सूर्यग्रहण जैसी घटनाएं सिर्फ आकाशीय तमाशा नहीं हैं, वह हमें यह याद दिलाने का माध्यम हैं कि हर जीवन रूप, चाहे वह पक्षी हो, जानवर हो या वृक्ष, प्रकृति की लयबद्ध धड़कन में भागीदार है। इस अध्ययन ने यह सिद्ध कर दिया है कि पेड़ भी प्रतिक्रिया देता हैं, चेतावनी देता हैं, और शायद हमें भी चेतावनी दे रहा हैं कि अगर हम इस मौन भाषा को न समझे, तो प्रकृति से जुड़ाव खो देंगे। स्प्रूस पेड़ों की यह मौन चेतना हमें यह बताता है कि विज्ञान की सीमाएं अब उन क्षेत्रों में प्रवेश कर रही हैं, जिन्हें कभी मिथक या कल्पना माना जाता था। यह न केवल विज्ञान की उपलब्धि है, बल्कि मनुष्य के लिए आत्मचिंतन का भी अवसर है कि क्या हम भी उस संवाद का हिस्सा बन पाएंगे जो हजारों साल से हमारे चारों ओर मौन रूप में चल रहा है?

# डिजिटल तनाव से मुक्ति में योग की भूमिका

**कार्यस्थल पर भी योग मानसिक स्पष्टता और टीम भावना को प्रोत्साहित करता है। कई वैश्विक कंपनियाँ ने योग और माइंडफुलनेस को कार्य संस्कृति में सम्मिलित किया है। इससे कर्मचारियों की उत्पादकता, मानसिक स्वास्थ्य और संबंधों में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। योग कोई धर्म, मत या पंथ नहीं, बल्कि यह मनुष्य को उसकी वास्तविक प्रकृति की ओर ले जाने वाला मार्ग है। यह शरीर को सजग, मन को शांत और आत्मा को प्रकाशित करता है। यह वह सेतु है जो शरीर को मन से, मन को आत्मा से और आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है। डिजिटल युग में, जब मनुष्य अपने अस्तित्व को स्क्रीन की रोशनी में खो देता है, तब योग ही वह प्रकाश है जो उसे भीतर की ओर लौटने का मार्ग दिखाता है। यही उसकी मुक्ति है, यही उसकी गति है और यही उसकी सच्ची उन्नति है।**





**निरंजन कुमार**
लेखक

डिजिटल युग की दौड़ में मनुष्य ने गति तो प्राप्त की परन्तु गहराई को खो दिया। हर पल सूचना से घिरा यह मानव जब अपने ही विचारों की भीड़ में खो जाता है, तब उसे स्वयं की तलाश होती है। वह मोबाइल की स्क्रीन पर अंगुली तो चलाता है, पर हृदय में शांति की अनुभूति नहीं कर पाता। तकनीकी विकास ने हमारे जीवन को सुविधाजनक तो बना दिया, लेकिन इस सुविधा के पीछे छिपा तनाव आज एक वैश्विक बीमारी का रूप ले चुका है। स्क्रीन के नीले प्रकाश में आंखें तो थकती हैं ही, साथ ही मस्तिष्क भी निरंतर सूचनाओं के दबाव में जर्जर होने लगता है। डिजिटल तनाव एक ऐसी मानसिक स्थिति है जिसमें व्यक्ति सामाजिक होते हुए भी स्वयं से दूर हो जाता है। उसके पास समय की कमी नहीं होती, पर स्वयं के लिए एक क्षण भी नहीं होता। इसी गहन संकट की घड़ी में योग ही वह आलोक है, जो मनुष्य को बाहरी कोलाहल से निकालकर आंतरिक मौन की ओर ले जाता है। योग, केवल व्यायाम नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की कला है। यह शरीर, मन और आत्मा के मध्य संतुलन की एक प्रक्रिया है। संस्कृत में ह्ययोगह्व शब्द ह्ययुजह्व धातु से उत्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ है जोड़ना। यह जोड़ आत्मा का परमात्मा से, मन का विवेक से, और श्वास का चेतना से है। पतंजलि के योगसूत्रों में कहा गया है ह्लयोगश्चित्तवृत्तिनिरोधः ह्व जब चित्त की सारी चंचलताएँ समाप्त हो जाती हैं, तभी योग की सच्ची अनुभूति होती है। योग का यह अर्थ है, अपने मूल स्वरूप में स्थिर हो जाना। यह स्थिरता ही आज के विखंडित मानसिक संसार को एक नया आयाम देती है। डिजिटल तनाव का स्वरूप बहुआयामी है। यह केवल सूचना की अधिकता से उत्पन्न नहीं होता, बल्कि उसमें निहित तुलना, प्रतिस्पर्धा, आकांक्षाएं और आभासी पहचान भी इसे जन्म देती हैं। सोशल मीडिया पर तुलना की प्रवृत्ति व्यक्ति को निरंतर आत्महीनता की ओर ढकेलती है। ह्यफोमोह्व अर्थात ह्यफियर ऑफ मिसिंग आउटह्व एक ऐसा मनोविकार बन चुका है, जिसमें व्यक्ति स्वयं की खुशी के बजाय दूसरों की उपस्थिति में अपनी अप्रासंगिकता को अनुभव करता है। यह स्थिति उसे धीरे-धीरे अवसाद और चिंता की ओर ले जाती है। वैज्ञानिक शोधों ने यह प्रमाणित किया है कि डिजिटल उपकरणों का अत्यधिक प्रयोग अनिद्रा, सिरदर्द, एकाग्रता की कमी और सामाजिक अलगाव जैसे लक्षणों को जन्म देता है। ऐसे में योग एक ऐसा विज्ञान बनकर सामने आता है, जो न केवल शरीर को सुदृढ़ करता है, बल्कि मन और आत्मा को भी संतुलित करता है। आसन शरीर की मांसपेशियों को शक्ति प्रदान करते हैं, प्राणायाम श्वास को नियंत्रित कर मस्तिष्क को शांति प्रदान करता है, ध्यान मन को वर्तमान में स्थिर करता है, और योगनिद्रा मानसिक विश्राम की चरम अवस्था है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने भी स्वीकार किया है कि योग तनाव हार्मोन ह्यकोर्टिसोलह्व को कम करता है, नींद की गुणवत्ता में सुधार करता है, और तंत्रिका तंत्र को सुदृढ़ करता है। योग का उल्लेख केवल आधुनिक विज्ञान में ही नहीं, बल्कि भारतीय परंपरा में भी अत्यंत प्राचीन काल से होता आया है। ऋग्वेद में कहा गया है ह्लऋतं च सत्यं चाभीद्धात्तपसोऽध्यजायत ह्व यह तप, ध्यान और संयम का ही रूप है, जिसे योग के माध्यम से साधा जाता है। उपनिषदों में योग को आत्मा की यात्रा बताया गया है, जिसमें इन्द्रियों का संयम, मन की स्थिरता और ब्रह्म के साथ एकत्व प्रमुख है। छान्दोग्य उपनिषद में उल्लिखित तत्त्वमसि तू ही वह ब्रह्म है यह अनुभूति योग साधना के द्वारा ही संभव है। भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण योग को जीवन का मूल मानते हुए अर्जुन को उपदेश देते हैं योगस्थः कुरु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा धनञ्जय । सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते। अर्थात कर्म में संलग्न रहो, परन्तु फल की आसक्ति को त्याग कर। यह समत्व की स्थिति ही योग है। यह उपदेश केवल युद्धभूमि में नहीं, बल्कि आज के मानसिक युद्धक्षेत्र में भी प्रासंगिक है, जहाँ व्यक्ति अपने ही विचारों से संघर्षरत है। रामायण में जब लक्ष्मण ने सीता हरण के पश्चात श्रीराम को दुख में डूबे देखा, तब उन्होंने कहा धैर्यं सर्वत्र साधनम्। यह धैर्य, यह आत्मविनियमन ही योग का स्वरूप है। वाल्मीकि रामायण में योगवशिष्ठ संवाद में योग की परिभाषा गहराई से की गई है, जहाँ मन को संसार से हटाकर आत्मा में स्थिर करने को योग कहा गया है। महाभारत में भी भीष्म पितामह योगबल से ही गंगापुत्र का देहत्याग करते हैं। उन्होंने कहा मनःप्रशमनोपायो योग इत्यभिधीयते ह्व अर्थात मन को शांत करने का उपाय ही योग है। यदि हम आधुनिक विज्ञान की भाषा में बात करें तो न्यूरोसाइंस यह सिद्ध कर चुका है कि योग और ध्यान से मस्तिष्क की न्यूरोप्लास्टी बढ़ती है, जिससे तनाव सहन करने की क्षमता, एकाग्रता और निर्णय क्षमता में सुधार होता है। एमिग्डाला, जो भय और तनाव का केंद्र है, उसका आकार ध्यान के अभ्यास से कम होने लगता है। साथ ही हिप्पोकैम्पस, जो स्मृति और सीखने से जुड़ा है, उसमें सक्रियता बढ़ती है। आज की जीवनशैली में, जहाँ मल्टीटास्किंग को दक्षता का प्रतीक माना जाता है, योग सिखाता है कि एक क्षण में एक कार्य पूरी एकाग्रता से करना ही सच्ची कुशलता है। ध्यान के माध्यम से भावनात्मक संतुलन, निर्णय क्षमता और रचनात्मकता में वृद्धि होती है। यह केवल ध्यान नहीं, बल्कि स्वयं से जुड़ने का माध्यम है। कबीरदास जी कहते हैं ह्लमन के हारे हार है, मन के जीते जीत ह्व यही भाव योग में भी प्रतिध्वनित होता है। जब व्यक्ति अपने ही मन को जीत लेता है, तभी वह बाह्य संसार में सच्ची स्वतंत्रता और सफलता का अनुभव करता है। बच्चों और युवाओं के लिए योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का साधन है, बल्कि ध्यान, प्राणायाम और योगासन उन्हें एकाग्रता, धैर्य और अनुशासन भी प्रदान करते हैं। डिजिटल यंत्रों से जुड़ी बेचैनी और चिड़चिड़ेपन से निपटने में योग एक सहज और प्रभावी समाधान है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह आत्म-संवाद और जीवंतता का माध्यम बन सकता है।

# नारी शक्ति की डिजिटल उड़ानः तरक्की की नई परिभाषा

**सावित्री ठाकुर**

वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक निर्णायक बदलाव की शुरूआत हुई, तभी से भारत ने डिजिटल प्रगति की एक नई दिशा पकड़ी। इन 11 वर्षों में ह्यडिजिटल इंडिया मिशनह्व जैसे जन-केंद्रित अभियानों ने करोड़ों नागरिकों के जीवन को प्रभावित किया है-विशेषकर महिलाओं के लिए यह परिवर्तन आत्मनिर्भरता, सशक्तिकरण और सम्मान की ओर एक ऐतिहासिक कदम साबित हुआ है। आज की 21वीं सदी में तकनीक सिर्फ शासन और अर्थव्यवस्था को ही नहीं, बल्कि सामाजिक संरचना को भी बदल रही है। और इस बदलाव की सबसे सशक्त मिसाल हैं वे महिलाएं, जो डिजिटल युग में नए अवसरों के साथ नई उड़ान भर रही हैं। पहले डिजिटल साक्षरता बड़े शहरों तक ही सीमित थी, लेकिन वहां भी इसकी पहुंच कम थी, और ग्रामीण महिलाओं के लिए तो तकनीक जैसे कहीं थी ही नहीं। लेकिन ह्यडिजिटल इंडियाह्व मिशन के तहत शुरू किए गए योजनाबद्ध प्रयासों ने इस तस्वीर को पूरी तरह बदल दिया है। विशेष रूप से 2017 में प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान ने करोड़ों ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल रूप से सशक्त किया है। अब वे स्मार्टफोन, इंटरनेट और डिजिटल टूल्स के माध्यम से सरकारी योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं, टेलीमेडिसिन और अन्य सुविधाओं का सीधे लाभ उठा रही हैं। इस अभियान के तहत 6 करोड़ से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें 53% से ज्यादा महिलाएं हैं। साथ ही, स्वयं सहायता समूहों को ऑनलाइन लेनदेन, उद्यमिता और वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए अवसरों से जुड़ पा रही हैं। 2014 में शुरू हुई प्रधानमंत्री जन धन योजना, जो खअट ट्रिनिटी (जनधन, आधार, मोबाइल) के साथ मिलकर विश्व का सबसे बड़ा वित्तीय समावेशन कार्यक्रम बन चुकी है, ने भारत में आर्थिक सशक्तिकरण की नई इबारत लिखी है। पहले जहाँ करोड़ों महिलाओं के पास बैंक खाते तक नहीं थे और सरकारी लाभ बिचौलियों के हाथों में चले जाते थे, वहीं अब जनधन, आधार और मोबाइल की ट्रिनिटी ने वित्तीय समावेशन को एक नई दिशा दी है। इस डिजिटल क्रांति के कारण महिलाएं सीधे डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (उइळ) के जरिए अपने बैंक खातों में योजनाओं का लाभ पा रही हैं। इससे पारदर्शिता के साथ-साथ महिलाओं की आर्थिक भागीदारी और पारिवारिक फैसलों में उनकी भूमिका भी मजबूत हुई है। डिजिटल कौशल और भविष्य की तैयारी तकनीक आधारित प्लेटफॉर्म्स ने शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं। स्किल इंडिया मिशन और ई-स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रमों से लाखों लड़कियों और महिलाओं को उनके मोबाइल पर अब प्रशिक्षण मिल रहा है। इससे वे बेहतर कौशल सीखकर आत्मनिर्भर बन रही हैं और नए रोजगार के अवसर प्राप्त कर पा रही हैं। यह बदलाव पहले के सीमित संसाधनों और पहुंच से कहीं अधिक व्यापक और सशक्त है। रहअ अट और उ्रूडरल्लअ जैसे पोर्टल्स ने महिलाओं को शिक्षा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया है, विशेषकर कोरोना महामारी के दौरान जब समस्त दुनिया ठहर सी गई थी। अब महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और कौशल विकास मंत्रालय की संयुक्त पहल के अंतर्गत 19 राज्यों के 27 जिलों में किशोरियों को डिजिटल साक्षरता के साथ-साथ रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में अग्रसर हो सकें। डिजिटल युग में महिला उद्यमिता को नया संबल एक समय था जब महिलाओं के छोटे व्यवसाय घर की चारदीवारी तक ही सीमित रहते थे और बाजार तक पहुंच बनाना एक बड़ी चुनौती थी। लेकिन बीते वर्षों में महिला-नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स और लघु उद्योगों की संख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है। महिला ई-हाट और ऋीट (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) जैसे मंचों के माध्यम से अब महिलाएं न केवल अपने उत्पाद ऑनलाइन बेच रही हैं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अपनी पहचान बना रही हैं। सोशल मीडिया, डिजिटल मार्केटिंग और ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम ने उन्हें एक उद्यमी के रूप में आगे बढ़ने और अपना ब्रांड खड़ा करने का आत्मविश्वास दिया है। स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा में तकनीक की भूमिका ढडरल्लअठ ट्रैकर, फ्छल पोर्टल और रिल्ल्ग्रीप्५ल्ल्र जैसे डिजिटल टूल्स ने माताओं एवं एवं बच्चों से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी को बेहद आसान और प्रभावशाली बना दिया है। अब आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा बहनें मोबाइल ऐप्स की मदद से लाभार्थियों की निगरानी, रिपोर्टिंग और सेवा वितरण का कार्य आसानी से कर पा रही हैं। महिलाओं की सुरक्षा लंबे समय तक एक ऐसा क्षेत्र रहा, जहाँ तकनीक और त्वरित सहायता तंत्र की गंभीर कमी महसूस होती थी। इस कमी को दूर करने के लिए मोदी सरकार ने एफ्ररर-112, पैनिक बटन और महिला सुरक्षा ऐप्स जैसे प्रभावशाली उपाय लागू किए, जिनसे अब महिलाएं सार्वजनिक स्थलों पर खुद को पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित महसूस कर रही हैं।

# टीबी के लक्षणों को छुपाने से नहीं जाँच कराने से होगा ईलाज: सीडीओ

●समय पर दवा नहीं लेने से होता है एमडीआर

## 2 हफ्ते से ज्यादा बलगम वाली खांसी हो तो सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में कराएं जाँच

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी के संदिग्ध मरीजों की निःशुल्क जाँच की जा रही है ताकि टीबी के मरीजों की जाँच कर पहचान हो सकें एवं उनका समुचित ईलाज करते हुए टीबी मुक्त बनाया जा सकें। इस सम्बन्ध में जिले के सीडीओ डॉ रमेश चंद्रा ने बताया की टीबी के लक्षणों को छुपाने से नहीं जांच कराने से ईलाज होगा, क्योंकि प्रायः देखा जाता है की लोग टीबी संक्रमित होने के बाद भी सरकारी अस्पताल में जांच व ईलाज कराने में संकोच करते है, इससे उनके साथ घर परिवार के लोगों को भी टीबी संक्रमण अपने चपेट में ले लेता है। इससे बचने के लिए जनसमुदाय को जागरूक किया जा रहा है की आसपास कहीं भी पुरानी खांसी, बुखार के मरीजों को देखे तो उनको नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया की हेल्थ एवं वेलनेस सेंटरों पर भी स्वास्थ्य मेला के आयोजन के दौरान लोगों को टीबी के लक्षण व इलाज के बारे में लोगों को करें जागरूक: सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्रों पर सीएचओ, आशा, नर्स व अन्य स्वास्थ्यकर्मी लोगों को टीबी के लक्षण व इलाज के बारे में जागरूक करें। उन्होंने बताया कि टीबी के लक्षणों की सही समय पर जांच जरूरी है। कभी-कभी टीबी के चार लक्षण मिलते है। जैसे कफ, बुखार, वजन घटना, रात में पसीना आना। इन सभी लक्षणों के होने पर सरकारी अस्पताल में टीबी की जांच की जाती है। टीबी शरीर के कई हिस्सों में हो सकता है। जैसे छाती, फेफड़ों, गर्दन, पेट आदि। टीबी का सही समय पर जांच होना बहुत ही आवश्यक होता है। तभी हम इस गंभीर बीमारी से बच सकते हैं। टीबी मरीजों को मिलता है निक्षय पोषण योजना का लाभ: जिला यक्ष्मा कार्यालय के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चेतन जयसवाल ने बताया कि टीबी को जड़ से समाप्त करने के लिए भारत सरकार ने 2025 तक लक्ष्य तय किया है। इस बीमारी को सार्थक ढंग से रोकने के लिए सरकार ने निक्षय पोषण योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत सभी टीबी मरीजों को इलाज के दौरान 1000 रुपये प्रति माह की मदद दी जा रही है, ताकि पोषण आहार का सेवन कर टीबी मरीज जल्द स्वस्थ हो सकें।

# जिलाधिकारी के जनता दरबार में 132 मामलों की हुई सुनवाई

## कई मामलों का हुआ ऑन-द-स्पॉट समाधान



प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित जनता दरबार कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को बारी-बारी से सुना। जनता दरबार में कई समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के जनता दरबार में 132 मामले आए। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया। जनता दरबार में कई तरह के मामले आए। जिसमें राजस्व, शिक्षा, आपूर्ति, आवास, स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या आदि शामिल हैं। जिलाधिकारी ने हर मामले को बहुत गौर से सुना और नियमानुसार समाधान की दिशा में आवेदन को आगे बढ़ाया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सुमित कुमार अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन रामानुज प्रसाद सिंह, वरीय उप समाहर्ता बेबी कुमारी,रोचना माद्री, स्थापना उप समाहर्ता अहमद अली, विशेष कार्य पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पेड़ से बाइक टकराई सवार जख्मी

लहलादपुर: जनता बाजार थाना क्षेत्र के चकदेह गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के निकट बुधवार की संध्या एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। जिस वह जमीन पर गिर पड़ा और जख्मी हो गया। आसपास के लोगों ने उसे उठाकर एक दरवाजे पर रखे चौकी पर सुलाया तथा 112 नंबर पर डायल कर स्थानीय पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने उस जख्मी को पीएचसी, लहलादपुर लाकर भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है. जख्मी सहाजितपुर थाना क्षेत्र के मौजेगांव निवासी अजीत ओझा बताया जाता है. समाचार प्रेषण तक इस संबंध में प्राथमिकी होने की सूचना नहीं थी.

### बारिश को ले शुक्रवार की शारीरिक दक्षता परीक्षा हुई स्थगित

छपरा। दो दिनों तक बारिश होने के कारण जयप्रकाश विश्वविद्यालय में चल रहे गृह रक्षकों की शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा शुक्रवार को स्थगित कर दिया गया। अत्यधिक बारिश होने के कारण जयप्रकाश विश्वविद्यालय के प्रांगण में पानी जमा हो गया था। पुनः शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस आशय की जानकारी वरीय जिला समादेष्टा बिहार गृह रक्षा वाहिनी सरन द्वारा दी गई।

### जांबाज पहलवान का बैटरी टेस्ट के साथ होगा चयन, सात जिलों के पहलवानों का होगा संगम : हरेंद्र सिंह मेयर

सहरसा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अन्तर्गत एकलव्य आवासीय योजना अन्तर्गत एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र हेतु प्रशिक्षु खिलाड़ियों का चयन ट्रायल अंडर 12 से 14 आयु वर्ग के बीच बालक/बालिका कुश्ती खेल का खेल भवन सहरसा में 22 जून को सुबह 9 बजे से किया जायेगा। जिसमें सात जिलों का पहलवानों का संगम होगा। जिसमें सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, खगड़िया एवं किशनगंज के सभी जांबाज पहलवान का बैटरी टेस्ट के साथ ट्रायल करके अधिक अंक प्राप्त करने वाले को चयनित किया जायेगा। ऐतिहासिक महाकुंभ का नजारा सहरसा जिला में पहली बार किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी एवं संघ पदाधिकारियों द्वारा किया जायेगा।इस खेल में तकनीकी पदाधिकारी बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय कोच अजय कुमार यादव, राम प्यारे यादव, यशवंत सिंह, उदय तिवारी, रामपूजन साहनी, रिपुंजय यादव सभी पहलवानों को बैट्री टेस्ट ट्राय कुश्ती कराने के पश्चात अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षु 30 बालक पहलवान व 30 बालिका पहलवानों को चयनित कर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण सूची को भेजा जायेगा।

### राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा को जान से मारने की धमकी देने की चंदन बागची ने किया निंदा

सहरसा। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश महासचिव सह पूर्व एनडीए विधानसभा प्रत्याशी चंदन बागची ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा की सड़क से सदन तक जनहित में हमेशा संघर्ष करने वाले एवं सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूती से लड़ने वाले राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री भारत सरकार सह राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा को जान से मारने की धमकी देने की करी निंदा करते हुए कहा कि जान से मारने की धमकी देने से उपेन्द्र कुशवाहा के जनहित और सामाजिक न्याय के बढ़ रहे रथ को रोका नहीं जा सकता। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री से माँग करते हुए कहा कि इस घटना की शीघ्र जांच अपने स्तर से करते हुए पर्दे के पीछे से रच रहे कुचक्र वालों का पदार्फाश करने का कृपा करें। और पदार्फाश होने पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के एक-एक कार्यकर्ता ऐसे तत्वों से हिसाब चुकता जरूर करेगा। राष्ट्रीय लोक मोर्चा का कार्यकर्ता लोकतंत्र में विश्वास करता है इसलिए लोकतांत्रिक तरीके से ही इसका जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग उपेंद्र कुशवाहा के सामाजिक न्याय की लड़ाई को कमजोर करना चाहता है लेकिन ऐसी धमकी से ना उपेंद्र कुशवाहा जी डरने वाले हैं ना उनके कार्यकर्ता डरने वाले है ईट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा।

# रोमांच से भरपूर है जंगल सफारी : सैलानी



बगहा। वीटीआर भ्रमण पर आने वाले पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र जंगल सफारी इनदिनों सैलानियों को खूब भा रहा है। सफारी के दौरान पर्यटकों को कभी भालू,कभी बाघ,गौर जंगली खुंखार भैंसा तो कभी तेन्दुओं के दर्शन हो रहे हैं।सिवान और मुजफ्फरपुर से वीटीआर की सैर पर आए पर्यटक स्वराज कुमार और अमित कुमार ने जंगल सफारी के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि जंगल में स्वतंत्र रूप से घूमते हुए भालू,बाघ और तेंदुए को करीब से देखना और उस पल को कैमरे में कैद करना अपने आप मे अविस्मरणीय व रोमांचकारी अनुभव है। रेंजर श्रीनिवासन नवीन ने बताया कि मानसून के सक्रियता पर जंगल सफारी का दौर अपने अंतिम चरण में चल रहा है। इसलिए पर्यटकों का वीटीआर परिक्षेत्रों में आगवन पूरे शबाब पर है।

# नेता प्रतिपक्ष के आवास के पास गोली चलना कोई गहरी साजिश तो नहीं: रोहिणी

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा,कार्यालय। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आवास के बाहर गोली चलने की घटना को लेकर राजद नेत्री सह सारण लोकसभा से पूर्व प्रत्याशी डॉ रोहिणी आचार्य ने सूबे के नीतीश सरकार पर बड़ा हमला बोली है। सारण जिला राजद प्रवक्ता हरेलाल यादव ने डॉ रोहिणी आचार्य के हवाले से बयान जारी कर कहा कि इस गोली कांड की घटना से किसी बड़े साजिश की अंदेशा लगती है। डॉ रोहिणी ने अपने हैंडल पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि पूर्ण रूप से अचेता अवस्था में है नीतीश कुमार की सरकार। सुरक्षा के दृष्टिकोण से राजधानी के सबसे संवेदनशील व महत्वपूर्ण इलाके में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आधिकारिक आवास के बाहर गोली चलने की घटना से ही बिहार की बदहाल बनाई जा चुकी कानून व्यवस्था की स्थिति उजागर होती है। बिहार में अपराधियों का तांडव सरकार के सिर चढ़ कर बोल रहा है, और सीएम नीतीश कुमार के साथ साथ पूरी सरकार कोमा में है, ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व ही नेता प्रतिपक्ष के काफिले में एक ट्रक के घुस जाने के कारण तीन पुलिसकर्मियों सहित चालक पूरी तरह जख्मी हो गए थे। डॉ रोहिणी आचार्य ने पीएम नरेंद्र मोदी के सारण प्रमंडल के सिवान में जनसभा करने पर तंज कसते हुए कहा है कि विगत बीस वर्षों से बिहार में एवं ग्यारह साल से केंद्र में शासन करने वाली एनडीए सरकार बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दी, इनके शासन काल में मढ़ौरा चीनी मिल नही खुला नाही बिहार से पलायन रुकी नहीं कोई उद्योग लगे और नाही बेहतर पढाई, दवाई और कमाई की कोई कारगर उपाय की गई। जब जब चुनाव आते हैं पीएम नरेंद्र मोदी और उनके कुनबे बिहार आकर लालू जी के पंद्रह वर्षों के शासन को कोसते हुए गाली देकर चले जाना ही इन भाजपाइयों के फितरत में है, जिसे बिहार की जनता भलीभांति जान चुकी है अबकी बार इनके झांसे और जुमले में फंसने वाली नहीं है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहर के 91 लाभार्थी को कराया गया गृह प्रवेश : नगर आयुक्त

## उप महापौर रागिनी कुमारी भी रही कार्यक्रम में मौजूद, चाभी मिलते हीं लाभुकों के खिले चेहरे




छपरा। प्रधानमंत्री आवास योजना ॒शहरी॒ के तहत छपरा नगर निगम में उप महापौर रागनी कुमारी एवं नगर आयुक्त सुनील कुमार पाण्डेय द्वारा 91 लाभुको का चाभी देकर गृह प्रवेश कराया गया। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम सिवान में है। प्रधानमंत्री आवास योजना ॒शहरी ॒ के तहत प्रधानमंत्री द्वारा सिवान से कुल 6684 लाभुकों को गृह प्रवेश सांकेतिक रूप से चाभी देकर कराया गया कनगर निगम छपरा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत कुल 91 लाभुकों को उप महापौर रागनी कुमारी एवं नगर आयुक्त सुनील कुमार पाण्डेय द्वारा चाभी देकर गृह प्रवेश कराया गया कइस कार्यक्रम में वार्ड 2 से चयनित लाभुक रिंकी देवी एवं सीता देवी, वार्ड 35 से रेखा देवी, वार्ड 41 से कमल राय एवं अनीता देवी को सांकेतिक रूप से चाभी देकर गृह प्रवेश कराया गया कइन लाभुकों को कुल 2 लाख रुपया चार किस्तों मे हस्तातंरित किया गया है कलाभुक द्वारा प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिनके कारण इनके सपनो का घर बन पाया ककार्यक्रम मे उप महापौर रागनी कुमारी, नगर आयुक्त सुनील कुमार पाण्डेय,उप नगर आयुक्त सुनील कुमार, नगर प्रबंधक वेद प्रकाश वर्णवाल, नगर मिशन प्रबंधक सुधीर कुमार हिमांशु, अर्चना सिंह, आवास के अभियंता शुभम, अंजन कुमार, सुनील कुमार, नसीम आरिफ, स्वयं सहायता समूह की महिलाये, सी. आर. पी. छोटी देवी, अनामिका कुमारी, रानी गुप्ता,मीणा देवी, सुशीला देवी, निशा सिंह, सीमा, सुषमा, मीरा देवी, स्वेता देवी, पिंकी देवी, बिमला देवी, स्वछता साथी दीपमाला कुमारी, वर्षा कुमारी, पूजा कुमारी, सुधीर कुमार, एवं नगर निगम के कर्मी उपस्थित थे

# कालाजार उन्मूलन को लेकर की-इनफार्मर का होगा उन्मुखीकरण

●जिले के सभी प्रखंडों के इनफार्मर को किया जायेगा प्रशिक्षित

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा। कालाजार उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कई महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। अब कालजार उन्मूलन को लेकर की-इनफार्मर का क्षमतावर्धन किया जायेगा। की-इनफार्मर झ यानी आशा कार्यकर्ता, ग्रामीण चिकित्सक, स्थानीय दवा दुकानदार, पूर्व मरीज और पंचायत प्रतिनिधि झ वे प्रमुख लोग हैं जो समुदाय स्तर पर कालाजार के लक्षणों की पहचान कर शुरूआती चरण में ही स्वास्थ्य विभाग को सूचना देते हैं। इन्हें सशक्त बनाने के लिए जिले के सभी प्रखंडों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिले के सभी प्रखंडों में की-इनफार्मर का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा माइक्रो-प्लान तैयार किया गया है। कालाजार मरीजों की पहचान कर ससमय इलाज कराना आवश्यकः इसको लेकर जिला वीबीडीसी डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने पत्र जारी कर सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया है। डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्राप्त कालाजार उन्मूलन को आगे भी उसी स्तर पर बनाएं रखने के लिए कालाजार के छिपे हुए मरीजों को जल्द से जल्द पहचान कर ससमय इलाज करवाना काफी महत्वपूर्ण है। जिससे संक्रमण को रोका जा सके। इसके लिए की-इनफार्मरों की उन्मुखीकरण काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कालाजार को जड़ से मिटाने के लिए जरूरी है कि हम उसके प्रत्येक संदिग्ध लक्षण की समय पर पहचान करें और प्रभावी उपचार को प्राथमिकता दें। समुदाय आधारित निगरानी को मिलेगी मजबूती इस पहल से समुदाय आधारित निगरानी प्रणाली को मजबूती मिलेगी। स्थानीय स्तर पर सक्रिय की-इनफार्मर ग्रामीणों को बीमारी के प्रति जागरूक करेंगे और संभावित मामलों को तुरंत स्वास्थ्य केन्द्र तक पहुंचाने का काम करेंगे। इससे न केवल कालाजार के मामलों में कमी आएगी बल्कि बीमारी के पुनः प्रकोप की संभावना भी न्यूनतम होगी। आम नागरिकों से अपील की है कि वे बुखार या अन्य संदिग्ध लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही न करें और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। इसके साथ ही की-इनफार्मरों के कार्य में सहयोग प्रदान करें, ताकि सारण जिला कालाजार मुक्त बन सके। चार प्रखंडों में पिरामल को मिली जिम्मेदारीः जिले के चार प्रखंडों में की-इनफार्मर को प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी पिरामल फाउंडेशन को दी गयी है। जहां पर पिरामल के प्रतिनिधि तकनीक सहयोग कर की-इनफार्मर को प्रशिक्षित करेंगे।

# शिक्षकों को सात सूत्री मांगो को लेकर 21 जून की तैयारी बैठक



बनियापुर । बनियापुर प्रखंड के पैगम्बरपुर पोखरा पर शनिवार बीस जून जो शिक्षकों के सात सूत्री मांगो को लेकर नगरपालिका चौक पर एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया है उसकी सफलता के लिए एक बैठक किया गया है, जहा संघ के नेताओं ने बनियापुर के सभी कोटी के शिक्षकों से आह्वान किया कि सुबह आठ से ग्यारह बजे के इस धरना कार्य मे सभी शिक्षक पहुंच अपनी मांगो के समर्थन मे धरना कार्यक्रम को सफल बनाना है जहा भारी संख्या मे शिक्षक शामिल हुए,शिक्षक नेताओं ने बताया कि सरकार जिस प्रकार शिक्षा के क्षेत्र मे विकास कर रही है,गुणवतपूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है उसी प्रकार शिक्षकों की समस्याओ के प्रति सजग रहना चाहिए शिक्षक को वेतन का ससमय नही मिलना,सेवा निरंतरता, वेतन निर्धारण, पोस्टिंग,वेतन विसंगति सहित कई अन्य समस्याओ से जूझ रहे है ,सरकार को अविलम्ब निर्णय लेना होगा।शनिवार को जिले पर सभी कोटी के भारी संख्या मे शिक्षकों के शामिल होने की संभावना है।

# योगा दिवस के पूर्व संध्या भारत स्काउट और गाइड ने निकाली जागरुकता रैली

प्रात: किरण संवाददाता




छपराः बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड बुधमार्ग पटना द्वारा छपरा शहर के सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल छपरा में आयोजित राज्य स्तरीय योगा उत्सव के तीसरे दिन योगा दिवस के पूर्व संध्या पूरे शहर में योगा पे जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमे बिहार के सभी जिले से आए हुए तमाम स्काउट और गाइड के द्वारा नारे लगाए गए।लगभग 550 के संख्या में भारत स्काउट और गाइड के स्वयंसेवको के द्वारा राहगीरों को जागरूक किया गया।जागरूकता रैली सीपीएस से निकलकर राजेन्द्र सरोवर होते हुए दरोगा राय चौक,थाना चौक, डाकबंग्ला चौराहा,नगरपालिका चौक होते हुए सीपीएस आके सम्पन्न हुआ। जागरूकता रैली को शिविर स्थल सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल छपरा से राज्य सचिव बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड बुधमार्ग पटना श्रीनीवास कुमार द्वारा हरी झंडी दिखा के रवाना किया गया।मौके पे जिला संगठन आयुक्त स्काउट सारण अमन राज,गाइड रीतिका सिंह सहित विभिन्न जिले से आए हुए स्काउट और गाइड, स्काउटर गाइडर महजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रहना है निरोग तो करें योग: डॉ अनिल कुमार



छपरा कार्यालय। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व छपरा के सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं संजीवनी नर्सिंग होम के संस्थापक डॉ. अनिल कुमार ने नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए एक प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने कहा, जीवन में यदि स्वास्थ्य है, तो सब कुछ है। पहला सुख झ निरोगी काया। डॉ. अनिल ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर बल देते हुए कहा कि योग सिर्फ एक क्रिया नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवनशैली है जो शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखती है। उन्होंने कहा, ॒योग को केवल दिखावे या फोटो खिंचवाने के लिए न करें, बल्कि अपने जीवन को स्वस्थ्य, सुखी और सफल बनाने के लिए इसे अपनाएं। उन्होंने यह भी बताया कि व्यक्ति चाहे कितना भी धनी क्यों न हो, यदि उसका स्वास्थ्य अच्छा नहीं है, तो वह जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित रहता है। स्वास्थ्य ही जीवन की कुंजी है। जब शरीर स्वस्थ रहता है, तभी मन प्रसन्न रहता है और व्यक्ति समाज व परिवार के लिए उपयोगी सिद्ध होता है,उन्होंने कहा। डॉ. अनिल कुमार ने युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी से अपील की कि वे योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और नशा, तनाव व बीमारियों से दूर रहें। इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आइए, हम सभी यह संकल्प लें कि योग को अपनाकर एक स्वस्थ भारत का निर्माण करें।

# एक पेड़ एक जिंदगी अभियान के तहत दर्जनों फलदार वृक्ष लगाकर वृक्षारोपन किया गया



प्रात: किरण संवाददाता

अमनौर प्रखण्ड के मिडिल स्कूल खोरी पाकर गोविंद के प्रांगण में एक पेड़ एक जिन्दगी के तत्वधान में शनिवार को वृक्षारोपण किया गया।लखनऊ हाई कोर्ट के अधिवक्ता सतेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में दर्जनों फलदार वृक्ष आम,अनार,बेल,आंवला,अमरूद का वृक्ष लगाया गया।इस अभियान में सरपंच प्रतिनिधि धीरज सिंह, उपसरपंच अतुल कुमार सिंह,उमानाथ सिंह, चंद्रभूषण सिंह, ई. गौरव सिंह उर्फ मंटू, जगदीश सिंह,शिक्षक नीरज कुमार शर्मा, प्रभात सिंह, समाजसेवी जे. के आरोही, जगदीश सिंह मुख्य रूप से भाग लिया।सभी ने इस वृक्षारोपण पहल की सराहना किया साथ इस सुखदायी अभियान से सभी को जुड़ने आह्वान किया।अधिवक्ता सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा भोजन पानी के अभाव में कुछ दिनों तक जीवित रह सकते है पर सांस लिए बगैर इंसान एक पल भी जीवित नही रह सकता।सांस के लिए शुद्ध हवा हमलोगों के लिए कितना जरूरी है स्वयं महसूस करे। वृक्ष जीवन के सुखदायी का परिचायक है।इससे वातावरण शुद्ध होता है।प्रदूषण की समस्या और उसका निवारण सकारात्मक रूप से वृक्षारोपण द्वारा ही साकार हो सकता है। सरपंच प्रतिनिधि धीरज कुमार सिंह ने कहा पेड़ है तो जीवन है।बीते कुछ सालों में हम सभी ने सांसों के लिए ऑक्सीजन की किल्लत देखी है।आज से हम हर लोगो को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित कर हर वर्ष पांच सौ पौधा लगवाने की कोशिश करूंगा।

### कुशवाहा के लिए रक्त बहाने की बात करने वाले सम्राट चौधरी कुशवाहा की हत्या बलात्कार पर चुप क्यों- विनय कुशवाहा

राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश सचिव वरिष्ठ नेता विनय कुशवाहा ने कहा कि बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने खुलेआम जनसभा से बोला था कि कुशवाहा समाज के लिए रक्त बहाने की जरूरत पड़ेगा तो सम्राट चौधरी आगे है। विनय कुशवाहा ने कहा कि रक्त बहाने की जरूरत नहीं बल्कि कुशवाहा समाज के दर्जनों नेताओं की हत्या हुई कुशवाहा समाज की लड़कियों के साथ बलात्कार हुआ लेकिन सम्राट चौधरी अब रक्त बहाने की बात तो दूर कुशवाहा समाज की हत्या करने वाले लड़की के साथ बलात्कार करने वाले अपराधियों को आज तक पकड़वाने का भी काम नहीं किया। जिस तरह के हाल के दिनों में प्रमुख कुशवाहा नेताओं की हत्या हुई जिसमें दीपक कुशवाहा दानापुर, रामाश्रय कुशवाहा सिवान, टाइगर कुशवाहा अंगारी अरवल, सुरभि कुशवाहा पटना, अयोध्या कुशवाहा अरवल, सत्यम कुशवाहा बिहटा सुदर्शन वर्मा पटना नीतू कुशवाहा डेहरी मनोज कुशवाहा मुजफ्फरपुर कुंदन पटना अकाली देवी नवादा गौरव कुशवाहा मुजफ्फरपुर अच्छेलाल कुशवाहा सिवान इसके साथ-साथ स्नेहा कुशवाहा सासाराम की बेटी को बलात्कार कर हत्या कर दिया गया यह लड़की बनारस में रहकर पढ़ाई कर रही थी

# लखीसराय पुलिस ने हाई प्रोफाइल दोहरे हत्याकांड के शूटर सहित मास्टरमाइंड को गिरफ्तार करने में पाई बड़ी सफलता

## एसपी अजय कुमार ने प्रेस वार्ता कर मामले का किया चौकाने वाला खुलासा

प्रात: किरण संवाददाता



लखीसराय !लखीसराय पुलिस ने चर्चित दोहरे हत्याकांड में बड़ी सफलता हासिल की है !पुलिस ने मुख्य शूटर सहित हत्याकांड के मास्टरमाइंड को अपने गिरफ्त में ले लिया है !प्रेस वार्ता कर मामले का चौंकाने वाला खुलासा करते हुए जिले के एसपी अजय कुमार ने बताया कि 2 दिन पूर्व जिले के पिपरिया थाना अंतर्गत बालीपुर ग्राम के वर्तमान मुखिया चंदन कुमार उर्फ डोमू एवं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि चंदन कुमार को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी इसके संदर्भ में पिपरिया थाना कांड संख्या-60/25 के अंतर्गत सात नामज एवं 5 से 7 अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था !उन्होंने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए इस घटना का सफल उद्वेदन हेतु एसडीपीओ शिवम कुमार के नेतृत्व में डीआईयू टीम के साथ एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया तथा घटना उपरांत कई पहलू पर जांच शुरू की गई ! छापामारी दल द्वारा तकनीकी एवं मानवीय सूचना संकलन के आधार पर शहर के महादेव सिनेमा हॉल में छापामारी किया गया ! इस दौरान सिनेमा हॉल के मैनेजर रमाकांत सिंह को पुलिस अभिरक्षा में लेते हुए पूछताछ की गई ! प्राप्त तकनीकी एवं मानवीय असूचना के आधार पर बख्तियारपुर स्टेशन के फोर लाइन के पास से कांड में शामिल मुख्य शूटर धीरज को गिरफ्तार किया गया जो कांड कार्य करने में पैसा प्राप्त कर राज्य से बाहर फरार होने के फिराक में था !तलाशी के क्रम में शूटर धीरज के पास से राशि- 1,53000 बरामद किया गया ! उसके निशानदेही पर घटना कार्य करने में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं उसके द्वारा प्रयुक्त देसी पिस्टल तीन जिंदा कारतूस के साथ बरामद किया गया !एसपी अजय कुमार ने पूरे मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि घटना में शामिल अन्य अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है !जल्द ही फरार शूटरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा !उन्होंने कहा की हत्या का मुख्य कारण भूमि विवाद है !उन्होंने कहा कि महज 48 घंटे में हाई प्रोफाइल हत्याकांड मामले का उद्वेदन जिले के पुलिस के लिए बड़ी सफलता है !

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



# हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों की संख्या बढ़ने से लोगों की होगी सहूलियत : सीता साहू

## 30 जून तक पटना के सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर होगी चिकित्सकों की नियुक्ति- पियूष रंजन

● शहरी एवं जिला स्वास्थ्य समन्वय कमिटी की हुई बैठक



प्रात :किरण संवाददाता

पटना : पटना स्थित एक निजी होटल में जिला स्वास्थ्य समिति एवं पीएसआई इंडिया की सौजन्य से शहरी एवं जिला स्वास्थ्य समन्वय कमिटी की बैठक आयोजित की गयी. बैठक की अध्यक्षता करते हुए पटना की महापौर सीता साहू ने कहा कि पटना में जल्दी ही हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों की संख्या बढ़ाई जाएगी. फिलहाल 21 सेंटरों के लिए पटना नगर निगम द्वारा जमीन उपलब्ध करा दी गयी है. इससे लोगों को अपने घरों के नजदीक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध होगी। बैठक में महापौर के साथ उप महापौर रेशमी चंद्रवंशी, दानापुर नगर परिषद की अध्यक्षा शिल्पी मेहता, क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक पियूष रंजन, जिला संचारी एवं गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रजनीश चौधरी, पीएसआई इंडिया के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक विवेक मालवीय, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रतिभा कुमारी, विश्व स्वास्थ्य संगठन से डॉ. एस.एम.त्रिपाठी एवं डॉ. कुमुद रंजन, कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. देव नारायण महतो सहित सूर्य क्लिनिक, पटना नगर निगम, जिला स्वास्थ्य समिति के प्रतिनिधि सहित पीएसआई इंडिया की टीम मौजूद रही। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक पियूष रंजन ने बताया कि राज्य में लगातार चिकित्सकों की नियुक्ति की जा रही है और 30 जून तक पटना के सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों की नियुक्ति हो जाएगी. इससे लंबे समय से कई केंद्रों पर रही चिकित्सकों की कमी पूरी हो पायेगी. उन्होंने कहा सामुदायिक सहयोग एवं जानकारी लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुँचाने में अहम भूमिका निभाती है। बैठक को संबोधित करते हुए कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. देव नारायण महतो ने कहा कि स्वास्थ्य एवं कृषि विभाग में आपसी समन्वय स्थापित कर जन स्वास्थ्य को और मजबूत किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि घर में सहजन से पौधों को लगाकर कई स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया जा सकता है. लेमन ग्रास घरों में लगा कर रखने से मच्छरों का प्रकोप कम हो जाता है। बैठक को संबोधित करते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. एस.एम.त्रिपाठी ने बताया कि पटना में 11 जगहों पर लड़कियों के लिए निशुल्क एचपीवी टीकाकरण की व्यवस्था है।गर्दनीबाग हॉस्पिटल, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शास्त्रीनगर, एनजीआरएच हॉस्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुलवारीशरीफ, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विकास भवन, अनुमंडलीय हॉस्पिटल दानापुर, गुरु गोबिंद सिंह हॉस्पिटल,पीएमसीएच, एम्स, एनएमसीएच एवं आईजीआईएमएस में निशुल्क एचपीवी टीकाकरण की व्यवस्था है। बैठक का संचालन पीएसआई इंडिया की ज्योति कुमारी ने किया. पीएसआई इंडिया के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक विवेक मालवीय ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## गुरुद्वारा बाललीला में गुरु नानकदेव यात्री निवास का 40 कमरा सितंबर तक तैयार



● जोड़ाघर व डिस्पेंसरी बनेगा, आगे 300 और रूम बनाने की है तैयारी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में 40 आधुनिक कमरा बनाकर इसी साल सितंबर तक पूरा हो जाएगा। इसी में जोड़ाघर और डिस्पेंसरी का निर्माण भी किया जाएगा। इसके बाद आगे 300 और कमरे का निर्माण कराया जाएगा। इसके बेसमेंट में लंगर हॉल, किचेन और रूम होगा। यह बात बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले संप्रदाय से जुड़े बाबा सुखविंदर सिंह एवं बाबा गुरविंदर सिंह ने कमरों का निरीक्षण करने के दौरान कही। दरअसल गुरुद्वारा बाललीला में प्रवेश करने के साथ ही बाईं ओर 40 आधुनिक कमरों का निर्माण कराया गया है। ढलाई और प्लास्टर का काम हो चुका है। रंग-रोगन और इंटीरियर का काम चल रहा है। इसका निरीक्षण बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले करके लौट चुके हैं। इस दौरान बाबा सुखविंदर सिंह और बाबा गुरविंदर सिंह ने इंजीनियरों की टीम के साथ निरीक्षण किया। बनने वाले सुविधा युक्त आधुनिक कमरे में लगने वाले बेड, पंखा, एसी, सजावट, लाइट, बाथरूम आदि के बारे में चर्चा किया गया। पूरा प्लान तैयार कर लिया गया है। इसी बने श्री गुरु नानकदेव यात्री निवास के नीचे में जोड़ाघर और संगतों के इलाज के लिए डिस्पेंसरी भी होगा। बाबा सुखविंदर सिंह ने बताया कि यह सब निर्माण इस साल सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद आगे में 300 और कमरे का निर्माण किया जाना है। इसमें बेसमेंट में लंगर हॉल, किचेन के साथ ही कमरे का निर्माण भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल पंजाब, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश से संगतों को पटना साहिब लाने और वापस पहुंचाने के लिए दो एसी बस की सुविधा जल्द बहाल होगी। फिलहाल दो एसी बस की सुविधा चल रही है। इसमें पंजाब, हरियाणा, राजस्थान व हिमाचल से आना-जाना हो रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत फतुहा में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी का हुआ उद्घाटन



फतुहा। शुक्रवार को नमामि गंगे के कार्यक्रम के तहत फतुहा के गढ़ोपक में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (07 एमएलडी) का उद्घाटन ऑनलाइन के द्वारा सिवान से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। वहीं फतुहा में शिलापट्ट का अनावरण लोजपा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव के द्वारा किया गया। इस संबंध में रंजीत यादव ने बताया कि मुख्य रूप से, यह गंगा नदी में प्रदूषण को कम करने में मदद करेगा, जिससे नदी के पानी की गुणवत्ता में सुधार होगा। इसके अतिरिक्त, यह क्षेत्र में जलनिकासी व्यवस्था को भी बेहतर बनाएगा। इस मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी विनय कुमार, पार्षद दीपक कुमार, अजीत कुमार, ठाकुर प्रसाद तांती, हैवी यादव, संतोष कुमार, मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, मुन्ना सिंह, अरविंद यादव, भास्कर पटवा, विजय वत्स, लोजपा जिला सचिव बैजनाथ पासवान, मनीषा कुमारी, लोजपा नगर अध्यक्ष अनिल चन्द्रवंशी एवं अन्य लोग मौजूद रहें।

### सिविल सर्जन ने नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर का किया निरीक्षण

फतुहा। शुक्रवार को पटना के सिविल सर्जन डॉ. अविनाश कुमार सिंह द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पूर्व में उद्घाटित दनियावां के तोप गांव में स्थित नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर का निरीक्षण किया गया एवं उनके द्वारा इस पीएचसी में स्वास्थ्य-सेवा में सुधार एवं विस्तार संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि मानवबल की कमी के कारण अभी कार्य आरम्भ नहीं हुआ है। जल्द ही यहां कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी और जल्द ही स्वास्थ्यकेंद्र का संचालन शुरू किया जाएगा। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ. एसएस राय मौजूद थे।

### दो कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद

दानापुर। नगर के रूपसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने गुरुवार को देर रात रुकनपुरा बकरी बाजार से 477 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो कार बरामद किया। सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप सिंह ने बताया कि रात्रि गश्ती के दौरान गुप्त सूचना पर कारवाई की गई थी। जिसमें दो ब्रांड की 477लीटर अंग्रेजी शराब और दो कार बरामद किया गया रूपसपुर थाना में मामला दर्ज कर आगे की अनुसंधान की जा रही है।

### फास्ट फूड दुकान में बिजली की शार्ट सर्किट से लगी आग, कई दुकान जलकर राख

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत तकिया पर पुलिस चौकी के पास शुक्रवार को अहले सुबह एक फास्ट फूड की दुकान में बिजली की शार्ट सर्किट से आग लगी।आग को जब-तक बुझाया जाता आसपास की तीन दुकानें उसकी लपट में आ गई। सूचना पाकर अग्निशमन दल भी पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से करीब एक घंटे बाद आग पर काबू पाया।फास्ट फूड के मैनेजर राजीव कुमार की मानें तो अगलगी में पांच लाख की संपत्ति जल गई।झुन्नू फ्रूट दुकानदार मो अजहर की दो लाख, जनरल स्टोर मालिक गुलाब चौधरी के ढाई लाख,फल दुकानदार फेकू चौधरी ने पचास हजार की संपत्ति जलने की बात कही है। सुबह सुबह हुई अगलगी की घटना से आसपास के दुकानदार भागते हुए पहुंचे जिस मार्केट में आग लगी, वहां तीन दर्जन के आसपास दुकानें हैं। सभी दुकानदार अपने अपने दुकान खोलकर सामान को सुरक्षित करने लगे अग्निशमन अधिकारी विजय कुमार यादव ने बताया कि अगलगी में हुई नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

### दहेज हत्या के फरार आरोपी गिरफ्तार

मसौढ़ी।लहसुना थाना क्षेत्र से दहेज हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है सूत्रों से जानकारी के अनुसार सितंबर 2023 में दहेज हत्याकांड में निशियामा गांव निवासी चंद्रजीत उर्फ करीलू के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया था'इस मामले में आरपी फरार चल रहा था जिसे लहसुना थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत के लिए जेल भेज दिया है।

## दो दिवसीय बिहार अंतर्राष्ट्रीय व्यापार एक्सपो 2025 में का हुआ समापन



प्रात :किरण संवाददाता

पटनाः पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने सिडबी और चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना के सहयोग से चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, मीठापुर परिसर में दो दिवसीय 19-20 जून 2025 को बिहार अंतर्राष्ट्रीय व्यापार एक्सपो 2025 (BITEX 2025), सीआईएमपी ऑडिटोरियम, पटना, बिहार कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। एक्सपो में कुल 20 स्टालों का प्रदर्शन किया गया था। जिसमें बिहार के जीआई उत्पाद जैसे मखाना, ओल्ड चंपारण मिट हाउस के मसाले, लीची, जदालू आम, गणेश खादी भंडार, मिथिला पेंटिंग, आदि शामिलकई एमएसएमई और स्टार्ट-अप ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए। कार्यक्रम का संचालन एवं समापन वरुण यादव रेजिडेंस ऑफिसर, के द्वारा किया गया। समापन पर प्रणब सिंह, रेसिडेंट डायरेक्टर, पीएचडीसीसीआई ने कहा कि यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम उद्योग, व्यापार और वाणिज्य के लिए एक अभिसरण बिंदु के रूप में कार्य करता है, जो पूरे देश और उससे परे से प्रतिभागियों को आकर्षित करता है, और बड़े पैमाने पर आर्थिक उन्नति को प्रज्वलित करता है।

## ट्रेन में यात्री के साथ पैसे नही देने पर मारपीट करने वाले एक मंगलामुखी को गिरफ्तार किया

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल रेल थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेल पुलिस ने दानापुर-बक्सर रेलखंड में ट्रेन अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस में एक यात्री के साथ पैसे नही देने पर मारपीट करने वाले एक मंगलामुखी को गिरफ्तार किया। इस संबंध में यात्री सुबोध कुमार के ब्यान पर मामला दर्ज किया गया। वही कुछ मंगलामुखी सदस्यो ने यात्रियो के साथ पैसा नही देने पर गलत व्यवहार करने वालो के विरूद्ध कार्रवाई में सहयोग करने की बात कही। बताया जाता है कि अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस पर यात्रा कर रहे पटना निवासी सुबोध कुमार के साथ दानापुर-बक्सर रेलखंड पर बिहिया के पास मंगलामुखी ने पैसे नही देने पर मारपीट करने की बात सामने आयी। जिससे सुबोध धायल हो गये। इस संबंध में सुबोध ने आरा में शिकायत दर्ज करायी। जिस पर कार्रवाई करते हुए एक मंगलामुखी



निशा कुमारी को गिरफ्तार किया गया। रेल एसपी अमृतेन्दू शेखर ठाकुर ने बताया कि गुरूवार को पटना निवासी सुबोध कुमार पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन से आरा आ रहे थे। बिहिया के निकट मंगलामुखी ने उनसे पैसे मांगे। पैसा देने से मना करने पर मंगलामुखी ने उनके साथ मारपीट की। आरा स्टेशन रेल थाना में पीडित ने शिकायत दर्ज करायी। जिस पर कार्रवाई करते हुए डीएसपी कंचन राज के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित सुबोध ने बताया कि करीब आधा दर्जन मंगलामुखी ने उन पर हमला किया। जिससे उसके गुप्तांग व शरीर में चोट आया। जिससे वे घायल हो गए। रेल एसपी ने बताया कि दानापुर-बक्सर और पटना-गया रेलखंड में पिछले कुछ महीनों से मंगलामुखी द्वारा यात्रियों से जबरन वसूली की घटनाएं की शिकायत मिली है। कुछ मंगलामुखी समुदाय के लोग ऐसी घटना को रोकने को लेकर सहयोग करने की पहल की है।

## जलस्तर बढ़ने के कारण मंगलवार को पीपापुल खोल दिया गया

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ साथ दियारा का लाइफ लाइन कहा जाने वाला पीपापुल की लाईफ घटती जा रही है।जिस तरह जलस्तर बढ़ रही है,उसको देखते हुए मंगलवार को पीपापुल खोल दिया गया।पीपापुल खुलते ही दानापुर से दियारा का सीधा सम्पर्क टूट जाएगा।अब दियारा के सभी सात पंचायत के लोगों को दानापुर आने जाने के लिए एक मात्र नौका का सहारा लेना पड़ेगा। अब अगले नवंबर महीने तक नौका ही दियारा के दानापुर प्रखंड के 6 व दिघवरा प्रखंड के एक पंचायत के लोगों को दानापुर आने के लिए साधन रह जाएगा। ठेकेदार ई विरेन्द्र कुमार ने बताया कि जलस्तर में वृद्धि होने के साथ ही इसे हटा दिया जाता है। वैसे विभाग ने 15 जून के बाद ही पीपापुल खोलने का निर्देश जारी कर दिया था।लेकिन जलस्तर व लोगों को सुविधा को ध्यान में रखते हुए पीपापुल को छोड़ दिया गया था।बताया कि जलस्तर में वृद्धि व बरसात को देखते हुए पीपापुल खोलने को काम मंगलवार से शुरू कर दिया गया है बता दें कि दियारा के दानापुर प्रखंड के अंतर्गतकासिमचक,पतलापुर,हेतनपुर,गंगहारा,पुरानी पानापुर व मानस पंचायत एवं दिघवारा प्रखंड के एक पंचायत अकिलपुर के लोगों को दानापुर आने जाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम पीपापुल है।

## पत्नी ने प्रेमी से मिलकर किया पति की हत्या



प्रात :किरण संवाददाता

मसौढ़ी !बर्फ कारोबारी की हत्या दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है।यहां एक पत्नी ने अपने प्रेमी से मिलकर अपने पति की हत्या करवा दी,नगर मुख्यालय स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में बीती 17 जून को मसौढी थाना क्षेत्र के रहमतगंज मुहल्ले निवासी सह बर्फ कारोबारी राजेश चौधरी को अज्ञात बदमाशों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।उक्त घटना में मृतक की पत्नी ममता देवी के बयान पर पांच लोगों के खिलाफ अपने पति की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था।हालांकि पुलिस ने इस हत्याकांड का खुलासा कर दिया, और आरोपियों के बारे में सुनकर हर कोई हैरान रह गया। मामले की जानकारी नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पटना परिचय कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी,उन्होंने बताया कि मेरे निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया।जिसमें मसौढ़ी थानाध्यक्ष अनिल कुमार अपर थानाध्यक्ष उत्तम कुमार झा आलोक कुमार व सशक्त बल को सम्मिलित किया गया।गठित पुलिस टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए, सीसीटीवी फुटेज व तकनिकी अनुसंधान के सहयोग से घटना में संलिप्त अप्राथमिक अभियुक्त मसौढ़ी थाना क्षेत्र के कैलुचक मुहल्ले निवासी मोहम्मद सुगन के पुत्र मोहम्मद लकी मृतक की पत्नी ममता देवी तारेगना डीह मुहल्ले निवासी स्व पंकज सिंह के पुत्र निशांत कुमार को गिरफ्तार किया गया है इस घटना में संलिप्त एक अन्य विधि विरुद्ध बालक जो लाइनर का काम किया था। उसको निरुद्ध किया गया है। मृतक की पत्नी का अफेयर कैलचुक निवासी मोहम्मद लकी से चल रहा था। मृतक की पत्नी व लक्की ने राजेश चौधरी की हत्या करने के लिए निशांत कुमार बीस हजार रुपए सुपारी दी थी,वही पुलिस इस घटना में अन्य जानकारी में जुटी हुई है।

## पालीगंज क्षेत्र संख्या 15 से जिला पार्षद के उम्मीदवार के रूप में नामांकन कराने पहुंची दिव्या गुंजन

पालीगंज। क्षेत्र के विकास तथा महिलाओं के उत्थान के लिए हमेशा तैयार हूँ तथा रहूंगी। ये बाते गुरुवार को पटना जिले के पालीगंज क्षेत्र संख्या 15 से जिला पार्षद के उम्मीदवार के रूप में नामांकन कराने पहुंची पालीगंज अनुमंडल कार्यालय से निकलने के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए भाजपा नेत्री दिव्या गुंजन ने कही। जानकारी के अनुसार पटना जिला के पालीगंज क्षेत्र संख्या 15 में पिछले कई महीनों से जिला पार्षद का पद रिक्त है। जिसकी चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया की शुरूआत हो चुकी है। इसी क्रम में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष दिव्या गुंजन ने पालीगंज क्षेत्र संख्या 15 से चुनाव लड़ने का मन बना ली है। उन्होंने गुरुवार को अपने हजारों समर्थकों के साथ पालीगंज के जलपुरा गांव स्थित अपने घर से बिभिन्न वाहनों पर सवार होकर पालीगंज अनुमंडल कार्यालय पहुंची।

## पौधा बांट कर योग दिवस पर भाग लेने को दिया आमंत्रण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पाटलिपुत्र परिषद की ओर से शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम के लिए लोगों को जागरूक और आमंत्रित करने के लिए शुक्रवार को प्रभातफेरी निकाली गई और पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया गया। पाटलिपुत्र परिषद के महासचिव संजीव कुमार यादव ने बताया कि पांच दिवसीय योग पूर्वाभ्यास में लोगों के बीच एक पेड़ मां के नाम पौधा वितरण किया गया।

योग दिवस का उद्घाटन बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव प्रातः 6 बजे रामदेव महतो सामुदायिक भवन परिसर में आयोजित अंतराष्ट्रीय योग महोत्सव का करेंगे। पौधा वितरण में योग शिक्षक सत्येंद्र कुमार, सीआईडी के सर्किल इंचार्ज जवाहर प्रसाद यादव, सतीश शर्मा, गणेश सरावगी, ओंकार प्रसाद यादव, सुमन कुमार, राहुल कुमार, अनिल कुमार, विनय कुमार, दयानंद सिंह, बलराम माथुरी, मो नैयर इकबाल, पप्पू कुमार आदि शामिल थे। वहीं झाऊगंज स्थित आर्य समाज मंदिर परिसर में योग शिविर में योगाचार्य डॉ कर्ण द्वारा मधुमेह और रक्तचाप से पीड़ित लोगों को विशेष रूप से योग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वार्ड 66 की पार्षद कांति देवी की देखरेख में आयोजित है। पूर्व पार्षद मनोज कुमार उर्फ गोप ने बताया कि प्रदीप काश, अधिवक्ता प्रदीप गुप्ता, दिलीप डिडवानिया आदि तैयारियों को अंजाम दे चुके हैं। इसके अलावा अन्य स्थान पर भी योगा का आयोजन किया है।

## खगौल कब्रिस्तान में पीसीसी सड़क का किया गया शुभारंभ



प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर नगर के खगौल। नगर के अंतर्गत छोटी खगौल, कब्रिस्तान में पीसीसी रोड का निर्माण नगर परिषद के द्वारा 6,07,600 के लागत से बनाया गया। इसका उद्घाटन नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार, सुनील कुमार पूर्व उपाध्यक्ष, वार्ड पार्षद पिंटू कुमार, के द्वारा फीता काटकर किया गया शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर नगर मोहम्मद शमसुद्दीन उर्फ पिंटू, छोटी खगौल जमा मस्जिद के इमाम सैयद ओवैस अहमद फिरदौसी मनेरी, अदनान सिद्दकी ईमाम मौलाना मो. मिफ्ताउर रब अशरफी, कब्रिस्तान कमिटी के मो. पिटू, मो. सज्जाद आलम, मो. विक्की एवं खगौल की अवाम और कई जाने माने लोगों ने शिरकत किये। इस अवसर पर अध्यक्ष सुजीत कुमार ने कहा कि कब्रिस्तान में सड़क बन जाने और पानी की व्यवस्था हो जाने से आने-वाले जो भी लोग हैं। यहां पर मिट्टी देने आते हैं उन लोगों को चलने में परेशानी हुआ करता था। अब वो समस्या नहीं रह जाएगा। मुझे लगता है आने वाले लोग जो भी मिट्टी देने आते है उनको यहां चलना आसान हो जाएगा। वही कब्रिस्तान कमिटी के सचिव मोहम्मद सज्जाद उर्फ गुड्डु और मोहम्मद शाहनवाज उर्फ रिंकूने लोगों को धन्यवाद दिया और कहा की इनके कर कमलों के द्वारा बनाया गया है। इस मौके पर मोहम्मद सुल्तान उर्फ विक्की, मोहम्मद पप्पू, वार्ड पार्षद पिंटू कुमार, मोहम्मद सद्दाब, मोहम्मद गुड्डु, मोहम्मद सेराज अहमद, मोहम्मद आफताब आलम, मोहम्मद कल्लू, मोहम्मद गोल्डन, आदम परवेज, ओम नंदन तिवारी, चंदू प्रिंस गुप्ता जी, मुकेश कुमार भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## कलयुग में नाम लेने से ही जीवन सफल हो जाता है : राम सुंदर शरण जी महाराज

### सदगुरु कबीर साईं मंदिर में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन




प्रात :किरण संवाददाता

पटना। मीठापुर अवस्थित कबीरपंथी आश्रम सह सदगुरु कबीर साईं मंदिर परिसर में महंथ ब्रजेश मुनि महाराज के पावन सानिध्य में साप्ताहिक सत्संग भजन का आयोजन किया गया। विदित हो कि इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पधारे महंत रामसुंदर शरण जी महाराज ने कहा कि ृकलयुग केवल नाम आधारा, सुमर सुमर नर होत ही पाराहृ। आगे कहा कि कलीकाल में रामनाम की महिमा अपरंपार है। इस युग में कलयुग के प्रभाव से कोई बच नहीं सकता, इसलिए भगवान ने नाम लेने से ही मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महंत बृजेश मुनि महाराज ने बताया कि मनुष्य को अपने कर्म पर भरोसा करना चाहिए। दूसरों पर आश्रित होकर काम करने वाला व्यक्ति कभी सफल नहीं हो सकता। सदगुरु कबीर साहब ने भी कहा था ृकर बहिया बल आपने, छार बीरानी आस। जाकर घर नदी बहै, सो कस मरै प्यासहृ। विदित हो कि इस दौरान मंचासिन अतिथियों का अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया। मौके पर अच्युतानंद शास्त्री, पत्रकार अमरेश कुमार सिंह, संत अशोक दास, करसन मुनि, संत महेश दास सहित महिला भजन गायन मंडली के रूबी प्रधान सहित कई अन्य लोग मौजूद रहें।

## मत्स्य कृषकों के लिए वरदान साबित हो रही तालाब मत्स्यिकी विशेष सहायता योजना

प्रात :किरण संवाददाता

पटना । राज्य सरकार द्वारा मत्स्य पालन को एक संगठित, समृद्ध और आत्मनिर्भर उद्यम के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही तालाब मत्स्यिकी विशेष सहायता योजना बिहार के मत्स्य कृषकों के लिए एक बड़ी सौगात साबित हो रही है। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग अंतर्गत निदेशालय मत्स्य द्वारा इस योजना का क्रियान्वयन राज्य भर में किया जा रहा है। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति, जनजाति तथा अत्यंत पिछड़े वर्ग के मत्स्य कृषकों को विशेष सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें रियरिंग तालाब का निर्माण, बोरिंग, पंपसेट/समरसिबल पंप की स्थापना, शेड निर्माण, यांत्रिक एरेटर, मत्स्य इनपुट इत्यादि को शामिल कर पैकेज सहायता स्वरूप में अनुदान प्रदान किया जा रहा है। राज्य के चयनित लाभार्थी मत्स्य कृषकों को प्रति एकड़ जलक्षेत्र की निर्धारित इकाई लागत 10.10 लाख के विरुद्ध 70 प्रतिशत राशि अनुदान के रूप में उपलब्ध कराई जा रही है। शेष 30 प्रतिशत राशि लाभार्थी द्वारा स्वयं अथवा बैंक ऋण के माध्यम से वहन की जाएगी। इससे छोटे और सीमांत मत्स्य कृषकों को मत्स्य पालन को आर्थिक रूप से लाभकारी व्यवसाय के रूप में अपनाने का अवसर मिल रहा है। इस योजना से जुड़े लाभ और प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक लाभार्थी पर या अपने संबंधित जिला मत्स्य कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। तालाब मत्स्यिकी विशेष सहायता योजनाृ न केवल राज्य के मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा दे रही है, बल्कि मत्स्य कृषकों की आयवृद्धि और जीवनस्तर सुधार की दिशा में भी एक प्रभावशाली पहल बनकर सामने आ रही है। सरकार की यह पहल बिहार में मत्स्य उद्योग के उज्जवल भविष्य की नींव रख रही है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शनिवार, 21 जून, 2025





# लोगों ने कहा मुझे एक्टिंग नहीं आती

**एक्ट्रेस अनुपमा परमेश्वरन की गिनती साउथ की टॉप अभिनेत्रियों में होती है। मलयाली होने के बावजूद अनुपमा ने तेलुगु सिनेमा में अपना एक अलग नाम कमाया है। अब अनुपमा सुरेश गोपी की फिल्म 'जानकी बनाम केरल राज्य' के साथ मलयालम सिनेमा में वापसी कर रही हैं। फिल्म के ऑडियो लॉन्च इवेंट में अनुपमा ने अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद किया।**

'जानकी बनाम केरल राज्य' के ऑडियो लॉन्च इवेंट में अनुपमा परमेश्वरन अपनी आलोचनाओं को लेकर भी खुलकर बात की। साथ ही करियर के शुरुआती दिनों को भी याद किया। अभिनेत्री ने कहा, कई लोगों ने मुझे मलयालम में यह कहते हुए खारिज कर दिया कि मुझे अभिनय करना नहीं आता। मुझे बहुत ज्यादा टार्गेटेड ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा। लोगों ने जानबूझकर मेरी आलोचना की और मुझे निशाना बनाया। इन सबके बावजूद इस फिल्म के निर्देशक प्रवीण नारायणन ने मुझे मुख्य किरदार के रूप में कास्ट किया। इस फिल्म में एक दिल है और वह जानकी है। मुझे उसे सौंपने के लिए प्रवीण नारायणन का धन्यवाद।

## सुरेश गोपी ने की अनुपमा की तारीफ

अभिनेता सुरेश गोपी ने अपनी को-स्टार अनुपमा परमेश्वरन की तारीफ की। उन्होंने अनुपमा की तुलना सिमरन, नयनतारा और असिन जैसी स्टार्स के साथ की। सुरेश गोपी ने कहा कि इन तीनों को भी शुरू में अनदेखा किया गया था, लेकिन बाद में वे स्टार बन गईं। अभिनेता-राजनेता ने विश्वास जताया कि अनुपमा भी उनकी तरह ही एक बड़ी स्टार बनेंगी। उन्होंने कहा कि वही निर्देशक जिन्होंने कभी मलयालम सिनेमा में अनुपमा की अनदेखी की थी, जल्द ही उनकी डेट्स के लिए उनका पीछा करेंगे।

## आखिरी बार 'कुरुप' में नजर आई थीं अनुपमा

अनुपमा परमेश्वरन ने कल्ट फिल्म 'प्रेमम' से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। उन्होंने 'टिल्लू स्क्वायर', 'ए एए' और 'कार्तिकेय 2' जैसी कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम किया। वो आखिरी बार 2021 में आई मॉलीवुड फिल्म 'कुरुप' में नजर आई थीं।



# दीपिका पादुकोण के 8 घंटे काम करने वाली डिमांड को सपोर्ट करती दिखीं बनिता

**कुछ वक्त पहले दीपिका पादुकोण ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' में केवल 6 से 8 घंटे काम करने के लिए शर्त रखी क्योंकि वह अपनी आठ महीने की बेटी पर भी ध्यान देना चाहती थीं। ऐसे में फिल्म से दीपिका को हटा दिया गया। आठ घंटे इंडस्ट्री में काम करने वाले मुद्दे पर कई सेलिब्रिटीज अपनी राय रख चुके हैं। इस लिस्ट में बनिता संधू भी शामिल हो चुकी हैं।**



## काम के घंटों पर रखी अपनी राय


हाल ही में स्क्रीन को दिए गए एक इंटरव्यू में बनिता संधू ने बताया कि वह करियर के शुरुआती दौर में ही प्रोड्यूसर के खिलाफ खड़ी हो गई थीं। दरअसल, उनसे एक फिल्म में लगभग 18 घंटे काम करवाया गया। बनिता कहती हैं, 'हॉलीवुड में एक्टर्स, क्रू के सपोर्ट में बहुत सी यूनियन हैं। वहां काम के घंटे तय हैं। मुझे लगता कि किसी की मेंटल हेल्थ को खराब करके, कोई काम करवाना चाहिए। आखिर, फिल्म में काम करना भी एक जॉब ही है, काम के बाद सबको पूरी नींद चाहिए। यह तो सबकी जरूरत है, अधिकार है। जब मैंने बॉलीवुड में काम करना शुरू किया, तो काफी घंटे काम किया। मुझे शुरुआत में लगा कि ऐसे ही काम होता है।' आगे चलकर इस बात का विरोध बनिता ने किया, जबकि उनको इस बात का अहसास था कि ऐसा करने पर वह इंडस्ट्री से ब्लैक लिस्ट भी हो सकती हैं।

## दिलजीत की इस फिल्म में दिखेंगी

जल्द ही बनिता संधू एक फिल्म 'डिटेक्टिव शेरदिल' में नजर आएंगी। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने एक डिटेक्टिव का रोल किया है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी।

## इन प्रोजेक्ट्स में बनिता आईं नजर

साल 2018 में 'अक्टूबर' फिल्म में बनिता संधू वरुण धवन के साथ नजर आईं। यह एक सीरियस लव स्टोरी वाली फिल्म थी। इसके अलावा वह ब्रिटिश सीरीज 'ब्रिजर्टन 3' में भी नजर आ चुकी हैं। बनिता ने बॉलीवुड के अलावा साउथ फिल्मों में भी काम किया है।



# टॉम एंड जैरी से अक्षय ने ली एक्शन की इंस्पिरेशन

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार अपने स्टंट्स खुद करने के लिए फेमस हैं। चाहे खिलाड़ी सीरीज में छतों से छलांग लगाना हो, या फिर ब्लू और हॉलिडे जैसी फिल्मों में पानी के अंदर और हवा में मुश्किल सीन करना। हाल ही में बातचीत में अक्षय ने बताया कि उन्हें ऐसे खतरनाक स्टंट्स करने की प्रेरणा कहां से मिलती है। इंटरव्यू में अक्षय ने बताया, क्या आप जानते हैं मैं इन स्टंट्स की प्रेरणा कहां से लेता हूं? यकीन नहीं करेंगे टॉम एंड जेरी से। मुझे टॉम एंड जेरी देखना बहुत पसंद है। मुझे लगता है ये शो बहुत वायलेंट है। हां, बच्चों के लिए बना है, लेकिन अगर ध्यान से देखें तो हर एपिसोड में जबरदस्त एक्शन होता है। हर एपिसोड 10-12 मिनट का होता है, और पूरा एक्शन से भरा होता है। मैंने इससे बहुत इंस्पिरेशन ली है।

अक्षय कुमार की सबसे बड़ा खिलाड़ी 1995 में रिलीज हुई थी। अक्षय ने कुछ सीन के उदाहरण देते हुए कहा, मुझे याद है एक बार टॉम हेलिकॉप्टर से लटक कर नीचे आता है और जेरी को पकड़ता है, ये मैंने सबसे बड़ा खिलाड़ी में किया था। एक सीन में टॉम प्लेन से लटकता है, वो मैंने खिलाड़ी 420 में किया। एक और सीन है जिसमें टॉम हेलिकॉप्टर के नीचे झूला बांधता है और जेरी के साथ बैठकर वाइन पीता है, ये मैंने खतरों के खिलाड़ी में किया था।

अक्षय बोले — शो से एक्शन के कई आइडिया मिल सकते हैं अक्षय ने आगे कहा, टॉम एंड जेरी से आप एक्शन के कई आइडिया ले सकते हैं। ये अब तक की सबसे बेहतरीन एक्शन फिल्म है जो मैंने देखी है। लोग इसे मजेदार समझते हैं, लेकिन असल में ये बहुत वायलेंट है। एक एपिसोड में टॉम पूरा घर बैट से तोड़ देता है! सोचिए, आप बच्चों को कितना वायलेंट शो दिखा रहे हैं!

अक्षय जल्द दिखेंगे कन्नप्पा में भगवान शिव के रोल में बता दें कि अब अक्षय कुमार कन्नप्पा नाम की फिल्म में भगवान शिव की खास भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म विष्णु मंचू और मोहन बाबू की है। इसमें प्रभास और मोहनलाल का कैमियो भी है। फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# पहली बार सलमान के साथ नजर आएंगी चित्रांगदा सिंह



चित्रांगदा सिंह हाल ही में अक्षय कुमार की फिल्म हाउसफुल 5 में नजर आई हैं। जल्द ही वह सलमान खान की आने वाली फिल्म में नजर आएंगी। यह फिल्म गलवान घाटी विवाद पर आधारित होगी। खबरें हैं कि सलमान खान ने फिल्म के लिए लीड एक्ट्रेस के तौर पर चित्रांगदा सिंह का चुनाव कर लिया है। चित्रांगदा सिंह को हजारों ख्वाहिशें ऐसी और देसी ब्यॉज में अच्छी अदाकारी के लिए जाना जाता है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक अपूर्व लखिया इस फिल्म का निर्देशन करेंगे। यही नहीं चित्रांगदा सिंह इन दिनों अपकमिंग फिल्म रात अकेली है में भी नजर आने वाली हैं। सलमान खान की फिल्म की शूटिंग जुलाई 2025 से शुरू होगी और अक्टूबर तक पूरी हो जाएगी।

# रवि तेजा की नई फिल्म की शूटिंग शुरू, कम समय में पूरी करेंगे फिल्म



रवि तेजा की फिल्मों की रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। उनकी अगली फिल्म मास जथारा है, जो 27 अगस्त 2025 को रिलीज होगी। साथ ही, वे किशोर तिरुमाला के निर्देशन में अपनी नई फिल्म आरटी76 पर काम कर रहे हैं। आरटी76 अभी फिल्म का अस्थाई नाम है। जानकारी के अनुसार, रवि अपनी इस नई फिल्म की शूटिंग कम समय में पूरी कर लेंगे। एक खबर के मुताबिक, आरटी76 की टीम पूरी शूटिंग सिर्फ 50 दिनों में खत्म करने की कोशिश कर रही है। टॉलीवुड में, जहां शूटिंग में आमतौर पर ज्यादा समय लगता है, यह एक बड़ा चैलेंज है। अगर वे ऐसा कर पाए, तो यह दिखाएगा कि कम समय में भी अच्छी क्वालिटी की फिल्म बनाई जा सकती है।

## फिल्म की स्टार कास्ट

सुधाकर चेरुकुरी के प्रोडक्शन और भीम्स सेसिरोलेओ के म्यूजिक से सजी आरटी76 पहले से ही चर्चा में है। रवि तेजा की फिल्म आरटी76 में उनके साथ केतिका शर्मा मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। रवि और केतिका के अलावा फिल्म में ममिथा बैजू और कयादु लोहार भी अहम भूमिका में नजर आ सकते हैं। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।



# मिर्जापुर के 'मुन्ना भैया' ही नहीं, इन किरदारों ने भी दिलाई दिव्येंदु शर्मा को पहचान

आपको 'मिर्जापुर' सीरीज के मुन्ना भैया तो याद ही होंगे। तीसरे सीजन में मुन्ना भैया का न होना हर किसी को खला। मुन्ना भैया के किरदार से घर-घर में मशहूर होने वाले दिव्येंदु शर्मा आज अपना 42वां जन्मदिन मना रहे हैं। 19 जून 1983 को दिल्ली में जन्में दिव्येंदु ने एफटीआईआई से एक्टिंग के गुर सीखे हैं। दिव्येंदु ने अपने करियर की शुरुआत साल 2007 में आई माधुरी दीक्षित की फिल्म 'आजा नचले' में एक छोटी सी भूमिका से की थी। इसके बाद दिव्येंदु को पहला बड़ा रोल मिला 2011 में आई फिल्म 'प्यार का पंचनामा' में। इसके लिए उन्हें अवॉर्ड भी मिला। इसके बाद दिव्येंदु कई फिल्मों में सपोर्टिंग रोल में नजर आए। दिव्येंदु को पहचान मिली 2018 में आई वेब सीरीज 'मिर्जापुर' से। इस सीरीज में उनके द्वारा निभाए गए मुन्ना भैया के किरदार ने उन्हें काफी फेमस कर दिया। मुन्ना भैया का किरदार दिव्येंदु के करियर का सबसे हिट किरदार है। लेकिन क्या आपको पता है कि मिर्जापुर के अलावा भी दिव्येंदु ने कई बेहतरीन भूमिकाएं निभाई हैं।

## मुन्ना भैया (मिर्जापुर)

2018 में आई प्राइम वीडियो की वेब सीरीज 'मिर्जापुर' में दिव्येंदु शर्मा ने मुन्ना भैया का किरदार निभाया है। वो सीरीज में एक खूंखार गैंगस्टर के बेटे के रोल में हैं, जो पावर में रहना चाहता है। यह सीरीज सुपरहिट हुई और दिव्येंदु के किरदार को काफी पसंद किया गया। इसके बाद 2020 में मिर्जापुर का दूसरा सीजन आया है। इस बार भी दिव्येंदु का मुन्ना भैया का किरदार उसी दमदार अंदाज में नजर आया। दूसरे सीजन में भी दिव्येंदु के अभिनय को सराहा गया। हालांकि, पिछले साल आए तीसरे सीजन में दिव्येंदु शर्मा नजर नहीं आए।

## लिक्विड (प्यार का पंचनामा)

2011 में आई कॉमेडी फिल्म 'प्यार का पंचनामा' में दिव्येंदु शर्मा ने निशांत अग्रवाल उर्फ लिक्विड का किरदार निभाया है। अलग-अलग प्रेम कहानियों को दिखाती इस फिल्म को काफी पसंद किया गया था। जबकि दिव्येंदु का किरदार लिक्विड भी लोगों में काफी हिट रहा था। मुन्ना भैया के अलावा दिव्येंदु का सबसे यादगार किरदार लिक्विड का ही है।

## ओमी (चश्मे बद्दूर)

फारूख शेख और दीप्ति नवल की साल 1981 में आई फिल्म 'चश्मे बद्दूर' का साल 2013 में इसी नाम से रीमेक आया था। इस फिल्म में तापसी पन्नू, अली फजल, दिव्येंदु शर्मा और सिद्धार्थ प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए थे। फिल्म की कहानी तीन दोस्तों की है। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा ने ओमी नाम का किरदार निभाया था। फिल्म लोगों को अच्छी लगी थी और ओमी के किरदार को भी काफी पसंद किया गया था।

## बलवंत यादव (द रेलवे मैन)

भोपाल गैस त्रासदी भारतीय इतिहास की एक सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है। साल 2023 में इसी त्रासदी पर आधारित एक वेब सीरीज आई थी 'द रेलवे मैन'। इस सीरीज में भोपाल गैस त्रासदी की रात रेलवे कर्मचारियों की भूमिका को दिखाया गया है। सीरीज में केके मेनन और आर माधवन जैसे कलाकारों के साथ दिव्येंदु शर्मा भी नजर आए हैं। सीरीज में दिव्येंदु ने बलवंत यादव नाम के एक चोर की भूमिका निभाई है, जो खुद को रेलवे पुलिस कर्मचारी के किरदार में ढाल लेता है। यह सीरीज हिट रही थी और दिव्येंदु के अभिनय की काफी तारीफ हुई थी।

## सुंदर मोहन त्रिपाठी (बत्ती गुल मीटर चालू)

दिव्येंदु शर्मा 2018 में आई शाहिद कपूर, श्रद्धा कपूर और यामी गौतम स्टारर फिल्म 'बत्ती गुल मीटर चालू' में सुंदर मोहन त्रिपाठी नाम के किरदार में नजर आए हैं। दिव्येंदु फिल्म में एक अहम किरदार में नजर आए हैं। यह फिल्म बिजली बिल में होते भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बात करती है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भले ही कुछ खास कमाल न दिखा पाई हो, लेकिन दिव्येंदु के अभिनय की जरूर काफी तारीफ हुई थी।

## इन किरदारों को भी मिली सराहना

इन प्रमुख किरदारों के अलावा दिव्येंदु शर्मा ने कुछ ऐसी भी फिल्में और सीरीज की हैं, जिनमें वो प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। भले ही वो फिल्में और सीरीज उतनी चर्चाओं में न रही हों, लेकिन दिव्येंदु ने इनमें शानदार अभिनय किया है। इन फिल्मों व सीरीज में 2022 में आई फिल्म 'मेरे देश की धरती' में निभाया गया अजय का किरदार, वेब सीरीज 'बिच्छे का खेल' में अखिल श्रीवास्तव का किरदार और फिल्म 'बदनाम गली' में निभाया गया रणदीप का किरदार शामिल है।




## थर्ड पार्टी मोटर इंश्योरेंस होगा महंगा, प्रीमियम में हो सकती है 10 प्रतिशत तक बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय थर्ड पार्टी मोटर बीमा के प्रीमियम बढ़ाने पर विचार कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, बीमा प्रीमियम में औसतन 10 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। कुछ नुकसान वाले क्षेत्रों जैसे कि कमर्शियल वाहनों के लिए यह वृद्धि अधिक हो सकती है। स्कूल बसों जैसी श्रेणियों के लिए, वृद्धि कम या बिल्कुल नहीं हो सकती है। इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार एक सूत्र ने बताया कि मंत्रालय और बीमा नियामक के बीच थर्ड पार्टी मोटर दरों को बढ़ाने के लिए बातचीत फिर से शुरू हो गई है।




बीमा कंपनियों ने सरकार और नियामक को पत्र लिखकर अप्रैल 2025 से 5 से 15 प्रतिशत की वृद्धि करने का अनुरोध किया था। उनका कहना था कि अदालती फैसलों, तत्काल दावों के भुगतान और महामारी के दौरान दावों के गलत चक्र के कारण दबाव बढ़ रहा है। एक वरिष्ठ उद्योग अधिकारी ने कहा कि दुर्घटना वर्ष के आधार पर, मोटर थर्ड पार्टी सेगमेंट में लगातार नुकसान हो रहा है। इसमें बड़ी वृद्धि की आवश्यकता है।

**थर्ड पार्टी मोटर कवर अनिवार्य-** मोटर वाहन अधिनियम के तहत थर्ड पार्टी मोटर कवर अनिवार्य है। इसके प्रीमियम की दरों को हर साल पुराने दावों के आंकड़ों के आधार पर संशोधित किया जाता है। मंत्रालय को बीमा नियामक के साथ परामर्श करके थर्ड पार्टी प्रीमियम के संबंध में आधार प्रीमियम और बीमाकर्ता की देनदारी निर्धारित करने का अधिकार है।

## भारत में बनेंगे लीप इंजन के टर्बाइन फोर्ज्ड पार्ट्स; बंगलूरू में होगा निर्माण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लि. (एचएएल) ने फ्रांस की इंजन निर्माता सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन के साथ एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत एचएएल भारत में लीडिंग एज एविएशन प्रोपल्शन (लीप) इंजन के लिए महत्वपूर्ण टर्बाइन फोर्ज्ड पार्ट्स का निर्माण करेगा और सफ्रान को सप्लाई करेगा। ये पार्ट्स, एयरबस ए-320 नियो और बोइंग-737 मैक्स जैसे विमानों में इस्तेमाल होने



वाले इंजन के लिए होंगे। इस साझेदारी से भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' नीति को बढ़ावा मिलेगा। एचएएल के बयान के अनुसार, इस समझौते को फ्रांस के ले-बॉरगेट में 55वें पेरिस एयर शो में अंतिम रूप दिया गया। समझौते पर एचएएल के एलसीए डिवीजन के महाप्रबंधक अब्दुल सलाम और सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन के उपाध्यक्ष (खरीद) डोमिनिक ड्यू ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता दोनों कंपनियों के बीच अक्तूबर 2023 और फरवरी 2025 में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन का विस्तार है। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डीके सुनील ने कहा, यह दीर्घकालिक साझेदारी अब उन्नत चरण में पहुंच रही है। हमें लीप इंजन की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में योगदान देने पर गर्व है। वहीं, डोमिनिक ड्यू ने कहा, एचएएल हमारी वैश्विक सोर्सिंग रणनीति में एक प्रमुख भागीदार बना हुआ है। यह समझौता भारत में हमारी औद्योगिक उपस्थिति, तेजी से बढ़ते नागरिक उड्डयन बाजार के लिए लीप इंजनों के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा।

**बंगलूरू में होगा निर्माण हैदराबाद में रखरखाव केंद्र-** इस अनुबंध के तहत हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, बंगलूरू स्थित अपनी अत्याधुनिक रिंग रोलिंग सुविधा में लीप इंजन के लिए फोर्ज्ड पार्ट्स बनाएगा, जिससे वैश्विक एयरलाइंस की बढ़ती मांग पूरी की जाएगी। सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है।

**पावरफुल इंडियाः चीन-यूएस के बाद बिजली उत्पादन में दुनिया में सबसे आगे निकला भारत**

# स्वच्छ ऊर्जा बनी भारत की बड़ी ताकत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत पिछले पांच वर्षों में बिजली उत्पादन क्षमता के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। बिजली उत्पादन वृद्धि में अब सिर्फ अमेरिका और चीन ही भारत से आगे हैं। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में कई कारणों से बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है। इनमें वाणिज्यिक एवं आवासीय स्थानों का विस्तार, एयर कंडीशनर (एसी) व अन्य घरेलू उपकरणों के इस्तेमाल में वृद्धि और उद्योगों की बढ़ती मांग शामिल है। इस मांग को पूरा करने के लिए भारत में सभी ऊर्जा स्रोतों से बिजली उत्पादन बढ़ाया गया है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि बिजली उत्पादन के इस विस्तार का प्रमुख चालक अक्षय ऊर्जा की ओर मजबूत झुकाव है, क्योंकि स्वच्छ ऊर्जा और विशेष रूप से सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) परियोजनाओं में बड़े स्तर पर निवेश किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले पांच वर्षों में भारत में गैर-जीवाश्म ऊर्जा परियोजनाओं में किए गए कुल निवेश में सौर पीवी की आधे से अधिक हिस्सेदारी रही। 2024 में भारत के बिजली क्षेत्र में किए गए कुल निवेश का 83 फीसदी हिस्सा स्वच्छ ऊर्जा पहलों पर खर्च किया गया।

### निवेश बढ़ाने में सरकारी नीतियों की बड़ी भूमिका

भारत के बिजली क्षेत्र में विदेशी निवेश बढ़ाने में सरकारी नीतियों का अहम योगदान है, जो बिजली उत्पादन (परमाणु ऊर्जा को छोड़कर) और ट्रांसमिशन बुनियादी ढांचे से जुड़े सभी क्षेत्रों में 100 फीसदी एफडीआई की अनुमति देती है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत के ऊर्जा क्षेत्र में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) में पिछले दो वर्षों में गिरावट देखी गई है।

## 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन लक्ष्य पाने के लिए सृजित करनी होगी व्यापक मांग

देश में 2030 तक 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लक्ष्य को पाने के लिए व्यापक स्तर पर मांग सृजित करना महत्वपूर्ण है। बेन एंड कंपनी, उद्योग मंडल सीआईआई और रॉकी माउंटेन इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत रणनीतिक क्षेत्रों के चयन, मिश्रण, सार्वजनिक खरीद का लाभ उठाने और निर्यात अवसरों के साथ तालमेल बिठाकर इस लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। हरित हाइड्रोजन को अपनाने से जुड़े जोखिम से निपटने के लिए कच्चे माल की लागत को कम करने समेत कई उपाय करने होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 तक तेल शोधन संयंत्रों से हरित हाइड्रोजन की मांग 20 लाख टन, उर्वरक क्षेत्र से 9 लाख टन और पाइप वाली प्राकृतिक गैस से एक लाख टन तक पहुंचने की उम्मीद है। निर्यात के मोर्चे पर हरित हाइड्रोजन निर्यात आठ से 11 लाख टन के बीच उत्पन्न हो सकता है।

## 16 अरब लॉगइन हुए लीक, एपल, गूगल जैसी कंपनियों के ग्राहकों के लिए बढ़ा खतरा


**वॉशिंगटन, एजेंसी।** साइबर सिक्योरिटी शोधकर्ताओं ने खुलासा किया है कि 16 अरब लॉगिन क्रेडेंशियल चोरी हुए हैं, जिनमें पासवर्ड भी शामिल हैं। यह तकनीकी इतिहास के सबसे बड़े लीक में से एक बताया जा रहा है। इस डेटा लीक से एपल, गूगल, फेसबुक, गिटहब, टेलीग्राम आदि प्लेटफॉर्म्स की किसी भी ऑनलाइन सेवा में सेंधमारी हो सकती है। यह जानकारी ऐसे समय सामने आई है, जब कई रिपोर्ट में 18 करोड़ रिकॉर्ड वाले रहस्यमयी डेटाबेस की मौजूदगी का पता चला है, जो एक वेब सर्वर पर असुरक्षित रूप से मौजूद है। रिसर्च में पता चला है कि यह एक बहुत बड़े लीक का सिर्फ कुछ हिस्सा हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शोधकर्ताओं ने 30 डेटासेट का पता लगाया है, जिसमें से प्रत्येक में 3.5 अरब रिकॉर्ड हैं। जिसमें सोशल मीडिया और वीपीएन लॉगिन के साथ ही कॉरपोरेट और डेवलपर प्लेटफॉर्म आदि जानकारी है।



# शेयर मार्केट में लिस्ट हुआ ओसवाल पंप्स का आईपीओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओसवाल पंप्स का आईपीओ शुक्रवार को शेयर बाजार में लिस्ट हो गया। लिस्टिंग पर कंपनी के शेयर 3.26 प्रतिशत प्रीमियम पर खुले। एनएसई पर शेयर 634 रुपये पर लिस्ट हुआ। बीएसई पर यह 632 रुपये पर लिस्ट हुआ। इश्यू प्राइस 614 रुपये था। ओसवाल पंप्स का आईपीओ 890 करोड़ रुपये का था। इसमें नए शेयर जारी किए गए थे। साथ ही, 497.34 करोड़ रुपये के शेयर बिक्री के लिए रखे गए थे। यह आईपीओ कुल 34.42 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

**किसने दिखाई ज्यादा दिलचस्पी-** क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स ने आईपीओ बुक कराने में सबसे ज्यादा दिलचस्पी दिखाई। उनका हिस्सा 88.08 गुना सब्सक्राइब हुआ। नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स का हिस्सा 36.70 गुना सब्सक्राइब हुआ। रिटेल




कैटेगरी में यह 3.60 गुना रहा। आईपीओ खुलने से पहले ही एंकर निवेशकों ने 416.20 करोड़ रुपये का निवेश कर दिया था।

**कैसा होगा शेयर का भविष्य-** एक्सपर्ट्स का मानना है कि कंपनी का भविष्य अच्छा है। मेहता इक्विटीज ने लिस्टिंग से पहले कहा था कि जिन निवेशकों को शेयर मिले हैं, वे इसे लंबे समय तक रखें। मेहता इक्विटीज का कहना है कि ओसवाल पंप्स के पास अब तक यानी अलग-अलग तरह के प्रोडक्ट्स हैं। ये प्रोडक्ट्स खेती, इंडस्ट्री और घरों में पानी के लिए इस्तेमाल होते हैं।

### कैसा है कंपनी का कारोबार

ओसवाल पंप्स साल 2003 में शुरू हुई थी। यह कंपनी करनाल में है। कंपनी ने सरकारी योजनाओं के तहत 26,000 से ज्यादा सोलर पंप लगाए हैं। यह 17 देशों में अपने प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट करती है। दिसंबर 2024 में खत्म हुए नौ महीनों में कंपनी ने 1,067 करोड़ रुपये का रेवेन्यू और 216 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया। इससे पता चलता है कि कंपनी अच्छा काम कर रही है।

**ईरान-इजरायल युद्ध से अडानी को बड़ा नुकसान**

# एक दिन में डूब गए 10 हजार करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान-इजरायल युद्ध का गौतम अडानी पर बड़ा असर पड़ रहा है। उनकी कंपनी अडानी पोर्ट्स के शेयर में पिछले 10 दिनों में करीब 10 फीसदी की गिरावट आई है। वहीं इससे अडानी की नेटवर्थ भी काफी कम हुई है। पिछले 24 घंटे में अडानी की नेटवर्थ में 10 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की कमी आई है।

अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन के शेयर में पिछले 10 दिनों में करीब 10 फीसदी की गिरावट आई है। इस गिरावट का सबसे बड़ा कारण ईरान-इजरायल का हमला है। दरअसल, पिछले हफ्ते ईरान ने इजरायल के तटीय शहर हाइफा को निशाना बनाते हुए कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी थीं। यहां हाइफा पोर्ट इजरायल का एक बड़ा बंदरगाह है जिसमें गौतम अडानी का अच्छा-खासा निवेश है। अडानी की कंपनी अडानी पोर्ट्स ने जनवरी 2023 में इजरायल के




गैडोट ग्रुप के साथ मिलकर हाइफा पोर्ट की 70 फीसदी हिस्सेदारी खरीद ली थी। यह सौदा करीब 1.18 अरब डॉलर में हुआ था।

**क्यों गिर रहे अडानी पोर्ट के शेयर-** इजरायल के आयात में हाइफा पोर्ट की 30 फीसदी हिस्सेदारी है। साथ ही हाइफा इजरायल एक बड़ा नौसैनिक अड्डा भी है। हमले में हाइफा पोर्ट को कोई नुकसान नहीं हुआ है और परिचालन सामान्य रूप से चल रहा है। हालांकि निवेशकों को डर है कि अगर ईरान हाइफा पोर्ट पर हमला बोलता है तो इससे पोर्ट को काफी नुकसान हो सकता है। हमले के कारण पोर्ट की व्यावसायिक गतिविधियां रुक सकती है और कंपनी को आर्थिक रूप से बड़ा नुकसान हो सकता है। इसके कारण निवेशक इसके शेयर बेचकर निकल रहे हैं।

### कितने गिरे शेयर?

10 जून को अडानी पोर्ट का शेयर 1473.80 रुपये पर बंद हुआ था। इसके बाद से इसमें लगातार गिरावट आ रही है। आज यानी शुक्रवार को यह शेयर 1336.80 रुपये पर खुला। शुरुआती कारोबार के दौरान यह 1334.80 रुपये तक गिर गया था। ऐसे में इसमें 10 जून से लेकर अब तक यानी इन 10 दिनों में करीब 10 फीसदी की गिरावट आ गई है।

### अडानी को कितना नुकसान?

शेयरों में गिरावट के चलते अडानी की नेटवर्थ में भी बड़ी कमी आई है। पिछले 24 घंटे में अडानी की नेटवर्थ 10 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा कम हो गई है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक पिछले 24 घंटे में अडानी की नेटवर्थ में 1.19 अरब डॉलर (करीब 10310 करोड़ रुपये) की कमी आई है। वह कुल 79.2 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के 20वें सबसे अमीर शख्स बने हुए हैं।

## मारन फैमिली का तकरार आया सामने, सन टीवी में हिस्सेदारी को लेकर बवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मारन फैमिली की आपसी लड़ाई अब खुलकर सामने आ गई है। केंद्र सरकार में मंत्री रह चुके और डीएमके के सांसद दयानिधि मारन ने अपने बड़े भाई कलानिधि मारन को लीगल नोटिस भेजा है। इस नोटिस में उन्होंने अपने बड़े भाई 'धोखेबाजी' से कंपनी को हड़पने का आरोप लगाया है। बता दें, कलानिधि मारन सन टीवी नेटवर्क के सन ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर और चेयरमैन हैं।

पूरा विवाद सन ग्रुप के शेयरों के अलॉटमेंट को लेकर है। सन टीवी नेटवर्क का साइज 24000 करोड़ रुपये का है। सन टीवी नेटवर्क लिमिटेड के शेयर 599.95 रुपये के लेवल पर खुले थे। कुछ ही देर में यह स्टॉक 3.99 प्रतिशत की गिरावट के बाद 589.05 रुपये तक लुढ़क गया।

**क्या चाहते हैं दयानिधि मारन-** कलानिधि मारन को भेज गए नोटिस में दयानिधि मारन ने सन टीवी नेटवर्क में सितंबर, 2003 के पहले की शेयरहोल्डिंग स्ट्रक्चर को बहाल करने की मांग की है।

**बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने लॉन्च किया 'फर्टिलिटी सर्कल' - फर्टिलिटी से जुड़ी स्पष्टता और इमोशनल मार्गदर्शन के लिए**

# भारत की पहली टोल-फ्री सपोर्ट लाइन

**भोपाल।** बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, भारत के तीन प्रमुख फर्टिलिटी नेटवर्क्स में से एक, ने फर्टिलिटी सर्कल (1800 123 1515) लॉन्च किया है - भारत की पहली टोल-फ्री और अनरिकॉर्डेड सपोर्ट लाइन। यह फर्टिलिटी काउंसलिंग सेवा पूरे भारत में अंग्रेजी और हिंदी में उपलब्ध है, और जल्द ही इसे क्षेत्रीय भाषाओं में भी शुरू करने की योजना है। यह सेवा उन लोगों के लिए है जो प्रेग्नेंसी की प्लानिंग कर रहे हैं, पेरेंट्स बनने की कोशिश कर रहे हैं, इससे संबंधी ट्रीटमेंट पर विचार कर रहे हैं या फर्टिलिटी समस्याओं से संबंधित मन में सवाल लिए हुए हैं।

### फर्टिलिटी सर्कल क्यों ज़रूरी है?

क्योंकि जब बात प्रेग्नेंसी या फर्टिलिटी समस्याओं से जुड़ी होती है, तो लोग अक्सर चुप रह जाते हैं। कई बार उन्हें समझ नहीं आता कि शुरुआत कहां से करें या किससे बात करें। एक आंतरिक सर्वे में पता चला कि इंफर्टिलिटी का सामना कर रहे 90% से अधिक लोग भावनात्मक दबाव महसूस करते हैं, लेकिन केवल 29% ही समय पर मदद लेते हैं। कई लोग मदद लेने में दो साल से भी अधिक

Birla Fertility & IVF


समय की देरी कर देते हैं, क्योंकि उन्हें शर्म, उलझन या सही जगह की जानकारी नहीं होती। फर्टिलिटी सर्कल, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ की वह पहल है जहाँ पूरी गोपनीयता के साथ, बिना किसी दबाव और जजमेंट के लोगों को फर्टिलिटी से संबंधित सही मार्गदर्शन मिलेगा। ग्लोबल रिसर्च के अनुसार हर तीन में से एक व्यक्ति फर्टिलिटी समस्याओं के कारण ज्यादा तनाव, चिंता या डिप्रेशन महसूस करते हैं। भारत में जो लोग फर्टिलिटी ट्रीटमेंट ले रहे हैं, उनमें यह तनाव सामान्य तरीके से गर्भधारण करने वालों के मुकाबले छह से सात गुना ज्यादा पाया गया है।

इसका प्रभाव इमोशनल स्ट्रेस से कहीं अधिक है, जिसमें आधे से अधिक लोगों ने जीवनस्तर की क्वालिटी में गिरावट रिपोर्ट की है और 38 प्रतिशत लोगों का कहना है कि इलाज के बोझ के कारण उन्होंने नौकरी छोड़ने तक का विचार किया है। अभिषेक अग्रवाल, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, ने कहा, हमने फर्टिलिटी सर्कल की शुरुआत की है ताकि लोग बिना डर, दबाव और किसी लागत के अपनी फर्टिलिटी संबंधी सभी समस्याओं और उलझनों पर खुलकर बात कर सकें।

# मोबाइल उद्योग ने पांच साल में घटाया 8 फीसदी उत्सर्जन, नेट जीरो लक्ष्य अब भी दूर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोबाइल उद्योग ने वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन घटाने की दिशा में अच्छा प्रयास किया है। उद्योग ने 2019 से 2023 के बीच अपने कार्बन उत्सर्जन में 8 फीसदी की कटौती की है। इस अवधि में मोबाइल कनेक्शन में 9 फीसदी और डाटा ट्रैफिक में चार गुना तक की वृद्धि हुई। हालांकि, नेट जीरो लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उद्योग को मौजूदा रफ्तार से दोगुनी तेजी से यानी 2030 तक हर साल औसतन 7.5 फीसदी की दर से कार्बन उत्सर्जन में कटौती करनी होगी।

ग्रुप स्पेशल मोबाइल एसोसिएशन (जीएसएमए) की ताजा रिपोर्ट मोबाइल नेट जीरो-2024 के मुताबिक, डाटा और कनेक्टिविटी की बढ़ती मांग के बावजूद मोबाइल उद्योग के कार्बन उत्सर्जन में 4.5 फीसदी की अतिरिक्त कमी आई है, जबकि वैश्विक स्तर पर यह चार



फीसदी बढ़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के सबसे बड़े मोबाइल बाजार चीन ने पहली बार 2024 में कार्बन उत्सर्जन चार फीसदी घटाया है, जबकि 2019 से 2023 के बीच इसमें 7 फीसदी की वृद्धि हुई थी। 5जी नेटवर्क वाले इस देश में अक्षय ऊर्जा का इस्तेमाल चार गुना बढ़ा है, जो उत्सर्जन में कमी का प्रमुख कारण है।

**7.5 की दर से 2030 तक हर साल करनी होगी कटौती लक्ष्य प्राप्त करने के लिए-** अक्षय ऊर्जा के उपयोग से उत्सर्जन में आई 1.6 करोड़ टन की कमी 2023 में मोबाइल कंपनियों की ओर से इस्तेमाल कुल बिजली में सौर और पवन जैसे अक्षय ऊर्जा स्रोतों की हिस्सेदारी बढ़कर 37 फीसदी पहुंच गई, जबकि 2019 में यह सिर्फ 13 फीसदी थी। इस बदलाव से कार्बन उत्सर्जन में 1.6 करोड़ टन की कटौती करने में मदद मिली है।

### वैश्विक हिस्सेदारी और क्षेत्रीय प्रदर्शन

जीएसएमए की क्लाइमेट एक्शन टास्कफोर्स में अब 77 मोबाइल ऑपरेटर शामिल हैं, जिनकी वैश्विक मोबाइल कनेक्शनों में 80 फीसदी हिस्सेदारी है।

क्षेत्रीय स्तर पर यूरोप ने उत्सर्जन में 56 फीसदी, उत्तर अमेरिका ने 44 फीसदी और दक्षिण अमेरिका ने 36 फीसदी तक गिरावट दर्ज की। एशिया और अफ्रीका में भी उत्सर्जन कम करने के प्रयास बढ़ रहे हैं।

# सात गोल्ड का मौका छूटा

## पांच फाइनल में हारे भारतीय तीरंदाज, 9 पदकों के साथ करना पड़ा संतोष



**सिंगापुर (एजेंसी)।** भारत के जूनियर तीरंदाजों के पास एशिया कप के दूसरे चरण में सात स्वर्ण पदक जीतने का मौका था लेकिन पांच फाइनल में हारने के कारण उन्हें अधिकतर स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस तरह से भारत ने प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, छह रजत और एक कांस्य सहित कुल नौ पदक जीतकर अपने अभियान का अंत किया। रिकर्व और कम्पाउंड स्पर्धाओं के 10 में से सात फाइनल में पहुंचने के बावजूद भारतीय तीरंदाज केवल दो बार पोडियम पर शीर्ष पर रहे। भारतीय खिलाड़ी जिस तरह से अपने से कम रैंकिंग वाले खिलाड़ियों से हारे वह वास्तव में चिंताजनक है। हमेशा की तरह ओलंपिक स्पर्धा के रिकर्व वर्ग में नतीजे विशेष रूप से चिंताजनक रहे जिसमें भारत एक भी स्वर्ण जीतने में असफल रहा। असल में टीम स्पर्धाओं में दो रजत पदकों के अलावा रिकर्व तीरंदाज खाली हाथ लौटे। क्वालिफिकेशन राउंड के बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष टीम फाइनल में जापान के खिलाफ आसानी से हार गई। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार तीन में से दो सेटों में 50 का आंकड़ा छूने में असफल रहे और सीधे सेटों में 6-0 से हार गए।

रिकर्व मिश्रित टीम फाइनल में भी यही कहानी रही। चौधरी और वैष्णवी पवार की चौथी वरीयता प्राप्त टीम इंडोनेशिया के खिलाफ पूरे मुकाबले में गलतियां करती रही। यदि रिकर्व वर्ग के परिणाम निराशाजनक थे, तो कम्पाउंड वर्ग ने कुछ राहत प्रदान की। भारत ने अपने दोनों स्वर्ण पदक इस वर्ग में जीते। शीर्ष वरीयता प्राप्त कुशल दलाल ने पुरुष व्यक्तिगत फाइनल में 22वीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ मैनन को 149-143 से हराकर अपनी प्रतिष्ठा को सही साबित किया। भारत को इस स्पर्धा में कांस्य पदक भी मिला, जिसमें 10वें वरीय सचिन चेची ने चौथे वरीय हिमू बछाड़ को कड़े मुकाबले में 148-146 से हराया।

महिलाओं की स्पर्धा में स्वर्ण पदक सुनिश्चित था क्योंकि इसके फाइनल में मुकाबला जो भारतीय खिलाड़ियों के बीच था जिसमें दूसरी वरीयता प्राप्त तेजल साल्वे ने पहली वरीय शानमुखी नागा साई बुड्डे को 146-144 से हराया। शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष कम्पाउंड टीम को तीसरी वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान ने 231-235 से हरा दिया। महिलाओं की कम्पाउंड टीम 232-232 से बराबरी पर रहने के बाद निचली रैंकिंग वाली मलेशिया से शूट-ऑफ में हार गई। शानमुखी और दलाल की मिश्रित कंपाउंड टीम को कजाकिस्तान से शूट-ऑफ में हार का सामना करना पड़ा।

## लाबुशेन वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की टीम से बाहर, स्मिथ भी नहीं खेल पाएंगे पहला टेस्ट



**ब्रिजटाउन (बारबाडोस) (एजेंसी)।** पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे मार्नस लाबुशेन को ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टेस्ट टीम से बाहर कर दिया है जबकि स्टीव स्मिथ भी चोटिल होने के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले सप्ताह से होने वाली श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा कि स्मिथ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच से बाहर रहेंगे क्योंकि पिछले सप्ताहांत लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ़ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उन्हें उंगली में चोट लगी थी। उनके वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए फिट होने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा कि किशोर सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास और विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंगलिस को स्मिथ और मार्नस लाबुशेन की जगह टीम में शामिल किया गया है। बेली ने कहा, 'हमने स्टीव और मार्नस की जगह जोश और सैम को मौका देने का निर्णय लिया है। हम उन्हें मौका देकर उत्साहित हैं। लाबुशेन का 104 टेस्ट पारियों में औसत 46.19 है, जिसमें 11 शतक और 23 अर्धशतक शामिल हैं। शीर्ष क्रम के इस बल्लेबाज का हाल में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट शतक 2023 में इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में लगाया था।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में उन्हें पारी की शुरुआत करने का मौका मिला, लेकिन वह 17 और 22 रन ही बना पाए। बेली ने कहा, 'अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में मार्नस इस टीम का एक महत्वपूर्ण सदस्य हो सकता है। वह समझता है कि उसका प्रदर्शन उस स्तर का नहीं रहा है जिसकी हम या वह उम्मीद करते हैं। ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट मैच बुधवार से खेला जाएगा।

तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी

## इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी, साई सुदर्शन का डेब्यू

**● भारतीय ओपनर्स राहुल-यशस्वी की फिफ्टी पार्टनरशिप ● हेडिंग्ले में 14 पारियों में पहली बार पहले 10 ओवर में विकेट नहीं गिरा**



**लीड्स (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है। भारत की तरफ से साई सुदर्शन ने डेब्यू किया और तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। करुण नायर 8 साल बाद टेस्ट क्रिकेट खेलेंगे।

तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का पहला मैच भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। शुक्रवार को मैच का पहला दिन है और पहले सेशन का खेल जारी था।

भारतीय टीम ने पहली पारी में बिना नुकसान के 55 रन बना लिए हैं। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की जोड़ी क्रीज पर है। दोनों फिफ्टी पार्टनरशिप कर चुके हैं। इस मैदान पर 7 मैचों की 14 पारियों में पहली बार हुआ है, जब 10 ओवर तक कोई विकेट नहीं गिरा। साई सुदर्शन डेब्यू कर रहे हैं। उन्हें चेतेश्वर पुजारा ने डेब्यू कैप दी। सुदर्शन भारत के 317वें टेस्ट प्लेयर बने हैं। वे 20 जून को टेस्ट डेब्यू करने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले राहुल द्रविड़, सौरव गांगुली और विराट कोहली ने इस तारीख को डेब्यू किया है। खास बात यह कि तीनों ने 100 या इससे ज्यादा टेस्ट खेले हैं।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर कहा, हम गेंदबाजी करेंगे। हेडिंग्ले एक बहुत ही अच्छा क्रिकेट विकेट है, हमने यहां कुछ बहुत अच्छे खेल खेले हैं। हम शुरुआती परिस्थितियों का उपयोग करने की कोशिश करना चाहते हैं। आने में बहुत समय लग गया, थोड़ा अजीब है कि यह सिर्फ दूसरी सीरीज है लेकिन हम तैयार हैं। यह मिश्रित रहा है, कुछ लड़कों ने काउंटी क्रिकेट खेला है, हमने तीन दिन वास्तव में अच्छा क्रिकेट खेला है। शीर्ष सात में सामान्य संदिग्ध, वोक्स, ब्रायडन और बाकी।

भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा, हम भी गेंदबाजी करते, पहले सत्र में थोड़ी मुश्किल हो सकती है लेकिन बाद में बल्लेबाजी करना अच्छा रहेगा। सूरज निकल चुका है, हमारे लिए यह एक अच्छी बल्लेबाजी डेक होनी चाहिए। तैयारी कमाल की रही है, हमने बेकेनहैम में अभ्यास मैच खेला, खिलाड़ी बहुत अच्छा महसूस कर रहे हैं। साई ने अपना डेब्यू किया, करुण आए। साई तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे।

### प्लेइंग 11

**इंग्लैंड** -जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर

**भारत** -यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), करुण नायर, रवींद्र जड़ेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा

## मेस्सी का फ्री किक पर गोल, इंटर मियामी ने दो बार के यूरोपीय चैंपियन को हराया



**अटलांटा (अमेरिका) (एजेंसी)।** स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेस्सी ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना पहला गोल फ्री किक पर किया जिससे इंटर मियामी ने दो बार के यूरोपीय चैंपियन पोर्टो पर 2–1 से जीत हासिल की। इंटर मियामी की टीम मध्यांतर तक 1–0 से पीछे थी, लेकिन टेलास्को सेगोविया ने दूसरे हाफ के दो मिनट बाद मार्सेलो वीगन्डट के क्रॉस पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद अर्जेंटीना के 37 वर्ष के खिलाड़ी मेस्सी का जादू देखने को मिला। उन्होंने फ्री किक पर खूबसूरत गोल करके फिर से यह साबित कर दिया कि उन्हें दुनिया के सबसे महानतम खिलाड़ियों में क्यों गिना जाता है। इससे पहले पुर्तगाल के क्लब को वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए शुरू से ही पेनल्टी किक मिली जिसे सामू ओमोरोदियन ने गोल में बदला। इन दोनों टीमों ने ग्रुप ए का अपना पहला मैच गोलरहित बराबर खेला था।

## हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमने कोहली के बिना ऑस्ट्रेलिया को हराया था : सैयद किरमानी



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत की नई टेस्ट टीम शुभमन गिल के नए नेतृत्व में इंग्लैंड में 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए तैयार है। महान भारतीय विकेटकीपर और 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य सैयद किरमानी ने टीम इंडिया को खुद पर विश्वास रखने और 1983 विश्व कप जीत और 2020–21 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐतिहासिक बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी सीरीज जीत से प्रेरणा लेने की सलाह दी है।

किरमानी ने कहा, हमारी 1983 की जीत उनके लिए प्रेरणा बने। टीम के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात खुद पर विश्वास रखना है। यह काफी सक्षम टीम है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जब हमने 2020–21 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, तो पहले टेस्ट के बाद कोहली के बिना यह आधी ताकत वाली टीम थी।

इंग्लैंड की परिस्थितियों में सबसे अनुभवी क्रिकेटरों की भी परीक्षा होती है, गिल का नेतृत्व पदार्पण देखने लायक होगा, खासकर अनुभवी रोहित शर्मा और विराट कोहली की अनुपस्थिति में जिन्होंने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी।

उन्होंने कहा, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि विराट और रोहित दोनों ही रोल मॉडल थे। उन्हें रातों–रात बदलना असंभव है, खासकर यह देखते हुए कि पहले दौरे पर अंग्रेजी परिस्थितियों में ढलना कितना मुश्किल है। लेकिन हमारे पास इंग्लैंड के खिलाफ खेलने का अनुभव रखने वाले कई खिलाड़ी हैं, जिनमें कप्तान गिल और केएल राहुल शामिल हैं। गौर हो कि भारत ने 2007 के बाद से इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 2025–27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में भारत का पहला असाइनमेंट भी होगा। भारत शुक्रवार को हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड में पहले टेस्ट में इंग्लैंड का सामना करेगा।

हाले ओपन टूर्नामेंट में उलटफेर

## वर्ल्ड नंबर-1 सिनर को 45वीं रैंक एलेक्जेंडर बब्लिक ने हराया, ज्वेरेव और एचेवेरी भी क्वार्टर फाइनल में

**कजाखस्तान (एजेंसी)।** कजाखस्तान के एलेक्जेंडर बब्लिक ने हाले ग्रास टूर्नामेंट में एक बड़ा उलटफेर करते हुए मौजूदा चैंपियन जैनिक सिनर को हरा दिया। वर्ल्ड के नंबर-1 खिलाड़ी सिनर को 45वीं रैंकिंग वाले बब्लिक ने 6-3, 3-6, 6-4 से मात दी। समर 2023 के बाद यह पहला मौका है जब सिनर को टॉप-20 से बाहर के किसी खिलाड़ी ने हराया है। सिनर ने फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में बब्लिक को केवल छह गेम में हराया था, लेकिन इस बार बब्लिक ने शानदार प्रदर्शन किया। अब तक दोनों 6 बार एक-दूसरे का आमना-सामना कर चुके हैं। बब्लिक ने कहा, हम टेनिस खिलाड़ी हर मैच जीतने की कोशिश करते हैं, लेकिन यह जीत खास है। मैंने पहली बार नंबर एक खिलाड़ी को हराया। बब्लिक अब क्वार्टर फाइनल में चेक गणराज्य के टॉमस मचाक से भिड़ेंगे, जिन्होंने हंगरी के फैबियन मारोजसान को 6-2, 6-3 से हराया।



**एलेक्जेंडर ज्वेरेव क्वार्टर फाइनल में पहुंचे** – वर्ल्ड नंबर-3 एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने इटली के लोरेंजो सोनेगो को तीन सेटों में 3-6, 6-4, 7-6 (7/2) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ज्वेरेव ने सोनेगो के खिलाफ अपनी पांचवीं जीत हासिल की। पहला सेट हारने के बाद ज्वेरेव ने दूसरे सेट में वापसी की और तीसरे सेट के टाईब्रेक में दबदबा बनाया। अब उनका मुकाबला इटली के फ्लावियो कोबोली से होगा। एक अन्य मैच में, अर्जेंटीना के 63वें रैंक के टॉमस मार्टिन एचेवेरी ने चौथी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को तीन घंटे के कड़े मुकाबले में 6-3, 6-7 (4/7), 7-6 (8/6) से हराया। एचेवेरी ने अंतिम सेट के टाईब्रेक में दो मैच पॉइंट बचाए और अब क्वार्टर फाइनल में रूस के करेन खाचानोव से खेलेंगे।

## बिहार टेबल टेनिस रैंकिंग टूर्नामेंट शुरू, पहले दिन पटना और मधेपुरा के खिलाड़ियों का दबदबा

**पटना (एजेंसी)।** 19 से 22 जून तक पाटलिपुत्र खेल परिसर के इंडोर स्टेडियम में हो रहे फर्स्ट बिहार स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के निदेशक सह सचिव रविंद्र नाथ चौधरी ने प्राधिकरण के पूर्व निदेशक संजय कुमार सिन्हा की उपस्थिति में प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया तथा प्रतिभागियों से मिलकर उनका अभिनंदन और उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर उनके साथ प्राधिकरण के उप निदेशक हिमांशु सिंह, क्रीड़ा कार्यपालक आनंदी कुमार, चंदन कुमार सिंह,टेबल टेनिस प्रभारी शाईका प्रवीण, टूर्नामेंट ऑब्जर्वर प्रदीप श्रीवास्तव, टूर्नामेंट मैनेजर अतानु चटर्जी , चीफ रेफरी प्रदीप मिश्रा ,सहायक रेफरी राहुल कुमार भी उपस्थित रहे।

अंडर 11,13,15,17,19 बॉयज,गर्ल्स सिंगल और मेंस,वीमेंस सिंगल की इस प्रतियोगिता में बिहार के 17 जिलों से 250 से ज्यादा खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं।



### पांच टेबल पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता के पहले दिन के परिणाम इस प्रकार रहे

- अंडर-11 गर्ल्स फाइनल - नीलांजना शर्मा (मुजफ्फरपुर) ने वैश्रनी कुमारी (पटना) को 3-0 से हराया
- सेमीफाइनल - नीलांजना शर्मा ने रजनी सिन्हा (पटना) को 3-1 से हराया।
- ..सेमीफाइनल-वैष्णवी कुमारी ने आराध्या (मधेपुरा) को 3-0 से हराया

**अंडर 11**

- लड़के का क्यूआर - विरद नारायण (पटना) ने नक्ष सोनी (मधेपुरा) को 3-0 से हराया
- शिवम (पटना) ने रेयांश राज कौशिक (मधेपुरा) को 3-0 से हराया।
- -मनन गुप्ता (मधेपुरा) ने आदित्य भानु (दरभंगा) को 3-0 से हराया
- ~उत्कर्ष रीगन (मधेपुरा) ने अर्नव राज (खगड़िया) को 3-0 से हराया

**अंडर-17**

- बॉय-स फोर्थ सीड प्लेयर हिमांशी (सहरसा) साहिल राज (पटना) 1-3 . से पराजित हुआ
- प्राथम राउंड~राजवीर सिंह (पटना) ने अतुल (खगड़िया) 3-1. से पराजित किया
- भविष्य सिंह (पटना) ने श्रेयांश (दरभंगा) को 3-0 से पराजित किया
- कृष्णलय राज (मधेपुरा) ने अनिकेत राज (पटना) को 3-0 से हराया
- ऋषिक स्वराज (पटना) ने मनदीप. गुप्ता (मधुबरी) 3-0 से पराजित किया।
- अंडर-17 बॉयज फर्स्ट राउंड
- आकाश केशरी (पटना) ने सिद्धांत वत्स (दरभंगा) को 3-0. से पराजित किया।
- आदित्य अननल (सहरसा) ने हेमंत राज (पटना) को 3-0 से पराजित किया
- फरजान अहमद खान (पटना) ने अमन (पश्चिम चंपारण) को 3-0 से पराजित किया
- कुमार दिन्यदर्श (पटना) ने वेद कर. झा (डार्लहंगा) को 3-0 से पराजित किया।

### अंडर-17 गर्ल्स का फर्स्ट राउंड

- कुमारी अनन्या (पटना) ने भारू प्रिया (खगड़िया) को 3-0 से हराया
- आरना सौरी (मुजफ्फरपुर) ने पंखुरी राज (खगड़िया) को 3-0 से हराया
- नूपुर बनर्जी ने प्रकाशिनी (वेस्ट चंपारण) को 3-0 से पराजित किया
- नव्या लक्ष्मी (पटना) ने मानसी (मधुबनी) को 3-0 से हराया
- अभिनंदिता (पटना)ने रीता (पश्चिमी चंपारण) को 3-0 से हराया।

# अपने फैसलों पर फोकस रखें शुभमन, बाहरी आवाजों पर ध्यान नहीं दे : तेंदुलकर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि भारतीय क्रिकेट में बदलाव के कठिन दौर में टीम की कमान संभालने जा रहे शुभमन गिल को उचित समय और सहयोग दिया जाना चाहिये और नए कप्तान को सलाह दी कि ड्रेसिंग रूम से बाहर की टिप्पणियों पर सोचे बिना वह अपनी रणनीति पर फोकस रखें। 25 वर्ष के गिल इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भारत के कप्तान होंगे। इस श्रृंखला के साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के नये चक्र की शुरूआत होगी।

भारतीय टीम अपने तीन सबसे अनुभवी खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के बिना उतरेगी जो टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट से पूर्व पीटीआई को दिये इंटरव्यू में तेंदुलकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि उसे (गिल को) समय देना होगा। उसे सहयोग देने की भी जरूरत है। भारत का कप्तान होना काफी दबाव वाला काम है और तेंदुलकर को पता है कि अलग अलग तरह के सुझाव सामने आयेंगे लेकिन उनका मानना है कि गिल इससे बखूबी निबट लेंगे।

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि कई तरह के सुझाव सामने आयेंगे कि उसे ऐसा करना चाहिये या वैसा करना चाहिये। इस तरह की बातें होंगी लेकिन उसे टीम की रणनीति पर फोकस करना चाहिए। ड्रेसिंग रूम में क्या बात हो रही है और क्या रणनीति उसके अनुरूप है। तेंदुलकर ने कहा, 'और जो भी फैसले हो रहे हैं, वे टीम के हित में हैं या नहीं और उसे किस पर ध्यान देना चाहिए। उसे बाहरी आवाजों पर ध्यान नहीं देना चाहिए जिसमें लोग कहेंगे कि वह अधिक आक्रामक है या अधिक रक्षात्मक या इसी तरह की बातें। लोग राय देते रहेंगे। आखिर में मायने यही रखता है कि ड्रेसिंग रूम में क्या हो रहा है और टीम के हित में वह क्या कर रहा है। यही अहम है, बाकी कुछ नहीं।

इंग्लैंड में 1990 से 2011 के बीच में पांच टेस्ट श्रृंखलायें खेल चुके तेंदुलकर का मानना है कि बल्लेबाजों को हालात के अनुरूप खुद को ढालना होगा। उन्होंने कहा, 'आपको हालात को भांपकर उसके अनुरूप बल्लेबाजी करनी होगी। जब आप हालात को समझते हैं तो मानसिक तौर पर उस तरह से अपनी रणनीति बना सकते हैं। एकतरफा ट्रैफिक नहीं हो सकता कि मेरा खेल ऐसा है और मैं तो ऐसे ही खेलूंगा।

तेंदुलकर ने कहा, 'बल्लेबाजों को लचीला रवैया रखना होगा। ऐसा नहीं करने पर भारी खामियाजा उठाना पड़ सकता है। आपको पता होना चाहिए कि कब आक्रामक खेलना है और कब रक्षात्मक। चुनौतियों के बावजूद भारत के पास काफी सकारात्मक पहलु हैं मसलन करूण नायर और बी साइ सुदर्शन जैसे बल्लेबाज भले ही इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट नहीं खेले हों लेकिन नॉर्थम्पटनशर और सर्रे के लिए काउंटी क्रिकेट खेल चुके हैं।

तेंदुलकर ने कहा, 'ये सभी इंग्लैंड में खेल चुके हैं। भले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो लेकिन इंग्लैंड में क्रिकेट खेला है। वे यहां की परिस्थितियों से अनभिज्ञ नहीं हैं। वे दक्षिण अफ्रीका में, न्यूजीलैंड में, आस्ट्रेलिया में खेल चुके हैं।

## तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी हुई लॉन्च, अब पटौदी के नाम पर मेडल देंगे

### सचिन ने कहा- टाइगर ने कई पीढ़ियों को प्रेरित किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** करीब तीन हफ्ते तक चले विवाद के बाद ईसीबी और बीसीसीआई ने तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी लॉन्च कर दी। इसी के साथ पटौदी ट्रॉफी को अधिकृत रूप से रिटायरकर दिया गया। दोनों देशों के क्रिकेट बोर्ड ने पटौदी परिवार के सम्मान में पटौदी मेडल देने का फैसला लिया है, जो इस सीरीज के विजेता कप्तान को दी जाएगी। 14 जून को अहमदाबाद प्लेन हादसे के बाद अनावरण स्थगित कर दिया गया था।

इस मौके पर दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने कहा- मुझे खुशी है कि उनके (टाइगर पटौदी) के सम्मान में एक पदक देने का फैसला किया गया है। पटौदी ट्रॉफी के रिटायरमेंट पर विवाद हो गया था। ऐसे में तेंदुलकर ने पटौदी की विरासत को कायम रखने की पहल की।

इस बार भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के विजेता को एक नई ट्रॉफी दी जाएगी, जो सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर होगी। यह दोनों दिग्गज खिलाड़ियों के सम्मान में एक नई पहल है। सचिन तेंदुलकर ने कहा-मुझे जैसे ही पता चला कि भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज के लिए ट्रॉफी का नाम बदला जा रहा है। मैंने दिवंगत मंसूर अली खान पटौदी के परिवार से बात की और उन्हें भरोसा दिलाया कि इस सीरीज से पूर्व कप्तान का जुड़ाव खत्म नहीं होगा। टाइगर पटौदी ने कई पीढ़ियों को प्रेरित करने में बड़ी भूमिका निभाई है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता।



जेम्स एंडरसन ने कहा-सचिन और मेरे नाम पर इस प्रतिष्ठित श्रृंखला का नाम रखना मेरे और मेरे परिवार के लिए गर्व की बात है। हमारे दोनों देशों के बीच प्रतिद्वंद्विता हमेशा से ही कुछ खास रही है, जो कभी नहीं भुलाने वाले पलों से भरी हुई है।

**तेंदुलकर–एंडरसन के नाम क्यों रखा गया नाम** – सचिन तेंदुलकर के नाम सबसे ज्यादा 200 टेस्ट मैच खेलना और सबसे ज्यादा 15,921 टेस्ट रन बनाने का रिकॉर्ड है। वहीं, जेम्स एंडरसन ने पिछले साल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। एंडरसन दूसरे सबसे ज्यादा 188 टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। वे टेस्ट में तीसरे सबसे ज्यादा 704 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

**2007 में 75 साल पूरे होने पर पटौदी ट्रॉफी नाम दिया था** – पटौदी ट्रॉफी 2007 में भारत के 1932 में अपने पहले टेस्ट की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए अस्तित्व में आई थी। 21 साल की उम्र में पटौदी सबसे कम उम्र के भारतीय टेस्ट कप्तान बने थे। उनके पिता इफ्तिखार अली खान पटौदी ने इंग्लैंड और भारत दोनों का प्रतिनिधित्व किया था।

**लीड्स में खेला जा रहा है पहला टेस्ट** – भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स में पांच टेस्ट मैच की सीरीज खेली जा रही है। अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम में 5 साल में दर्ज रेप के 43% केस निकले झूठे, कई महिलाओं पर ऐक्शन




**गुरुग्राम, एजेंसी।** दिल्ली से सटे गुरुग्राम में दुष्कर्म के मामलों को लेकर एक बेहद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। एक आरटीआई (सूचना का अधिकार) से पता चला है कि पिछले पांच सालों में दर्ज कराए गए दुष्कर्म के 43.6त्न मामले पुलिस की जांच में झूठे पाए गए। पुलिस द्वारा झूठा मामला दर्ज करवाने वाली कई महिलाओं के खिलाफ 182 के तहत कार्रवाई भी की गई। आरटीआई एक्टिविस्ट दीपिका नारायण भारद्वाज द्वारा लगाई गई आरटीआई पर मिले जवाब में बताया गया है कि 1 जनवरी 2020 से 18 दिसंबर 2024 तक गुरुग्राम पुलिस में दुष्कर्म के कुल 955 मामले दर्ज हुए। इनमें से 417 मामले (यानी 43.6त्न) सीधे तौर पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने की शिकायत पर आधारित थे। इसका मतलब है कि ऐसे मामलों में लड़का-लड़की पहले अपनी मर्जी से संबंध बनाते हैं, लेकिन बाद में शादी नहीं होने पर लड़की दुष्कर्म का आरोप लगा देती है। 417 मामलों में जांच करते हुए 236 एफआईआर में पुलिस को पीड़ित पक्ष के द्वारा लगाए गए आरोपों का कोई भी साक्ष्य नहीं मिला। ऐसे में पुलिस ने सभी मामलों को रद्द करने की सिफारिश की। कथित तौर पर झूठे आरोप लगाकर मामला दर्ज करवाया गया था। पुलिस द्वारा 96 मामलों में झूठा केस दर्ज करवाने वाली महिलाओं के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इसमें छह माह तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। वरिष्ठ वकील मनीष शांडिल्य ने कहां जब इतने सारे झूठे मामले दर्ज होते हैं, तो इससे पुलिस और अदालतों पर फालतू का बोझ पड़ता है। इससे न्याय प्रणाली के संसाधन बर्बाद होते हैं और असली यौन हिंसा के शिकार लोगों को न्याय मिलने में देरी होती है। कई बार तो मामलों को भी गंभीरता से नहीं देखा जाता। न्याय की पूरी प्रक्रिया कमजोर होती है।

### कर्नाटक सरकार ने लिया आवासीय योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 से बढ़ाकर 15 फीसदी करने का फैसला

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कांग्रेस शासित कर्नाटक की सिद्धरमैया सरकार ने मुस्लिमों पर फिर मेहरबानी दिखाई है। कर्नाटक मंत्रिमंडल ने 19 जून को राज्य में विभिन्न आवासीय योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी करने का फैसला किया है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए राज्य के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एच.के. पाटिल ने कहा, ''राज्य भर में शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में आवास विभाग द्वारा लागू की जा रही विभिन्न आवास योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है।'' उन्होंने कहा कि राज्य में अल्पसंख्यकों में बेघरों की बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। कांग्रेस सरकार द्वारा यह फैसला सरकारी सिविल ठेकों में 4त्न मुस्लिम आरक्षण संबंधी विधेयक पारित करने के कुछ सप्ताह बाद लिया गया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया गया है। मुख्य विपक्षी दल भाजपा सिद्धरमैया सरकार के इस फैसले से भड़क उठी है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र और विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने सरकार के इस फैसले की निंदा की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अतिरिक्त कोटा एससी/एसटी और ओबीसी समुदाय के सदस्यों के लिए बने घरों की संख्या को कम कर देगा और कहा कि भाजपा भविष्य की कार्रवाई के बारे में फैसला करेगी। अदालत का दरवाजा खटखटाएंगेः केंद्रीय मंत्री केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा, यह संविधान के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट ने भी धर्म आधारित आरक्षण को खारिज कर दिया है। इससे ओबीसी, एससी, एसटी और सामान्य जाति के गरीब लोगों का कोटा कम हो जाएगा। कर्नाटक सरकार तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है।

# महाराष्ट्र नगर निगम चुनावों से पहले उद्धव और राज ठाकरे में गठबंधन के मिल रहे संकेत

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र नगर निगम चुनावों से पहले उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे में गठबंधन के संकेत मिल रहे हैं। इस बात का इशारा खुद उद्धव ठाकरे ने दिया है। शिवसेना (उबाठा) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि वह नगर निगम चुनावों से पहले उनके चचेरे भाई राज ठाकरे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के साथ उनकी पार्टी के गठबंधन की संभावना को विफल करने की कोशिश कर रही है। उद्धव ने यह बातें दिवंगत बाल ठाकरे द्वारा गठित अविभाजित शिवसेना के 59वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक रैली को संबोधित करते कहीं। उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी को चेतावनी दी कि अगर उसने 'ठाकरे ब्रांड' को नुकसान पहुंचाया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

भाजपा पर साधा निशानाउद्धव ने कहा कि मराठी दलों के गठबंधन की संभावना को विफल करने के लिए होटलों और अन्य जगहों पर बैठकें की जा रही हैं। वह जाहिर तौर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ राज ठाकरे की शहर के एक पांच सितारा होटल में हाल ही में हुई बैठक का जिक्र कर रहे थे। ठाकरे ने नाना पाटेकर अभिनीत फिल्म 'प्रहार' का संवाद



दोहराते हुए कहा, 'लोग जो चाहते हैं, वही होगा। हम देखेंगे कि यह कैसे किया जाता है। भाजपा और एकनाथ शिंदे-नीत शिवसेना नहीं चाहती कि मराठी पार्टियां एकजुट हों। यदि आप ठाकरे ब्रांड को खत्म करने की कोशिश करेंगे, तो हम भाजपा को खत्म कर देंगे। मैं तैयार हूं। मैं भाजपा से कहना चाहता हूं.....जब आप मुझे लेने आएं.....अपने लिए एम्बुलेंस लेकर आएं।'

अटकलें हैं कि मुंबई और राज्य के अन्य हिस्सों में निकाय चुनाव के मद्देनजर दोनों ठाकरे चचेरे भाई गठबंधन कर सकते हैं। इस बीच, पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य में हिंदी को किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने मुंबई निकाय पर पार्टी का कब्जा बरकरार रहने का भरोसा जताते हुए कहा कि भाजपा निकाय चुनावों की पूर्व संध्या पर मराठी और हिंदी भाषी लोगों के बीच विभाजन पैदा करना चाहती है।

उद्धव ठाकरे ने दावा किया कि भाजपा के पास अपनी कोई विरासत नहीं है। उसे सरदार वल्लभभाई पटेल की एक विशाल प्रतिमा स्थापित करनी पड़ी, जिन्होंने देश का गृह मंत्री रहते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर प्रतिबंध लगाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार धारावी पुनर्विकास परियोजना के लिए मुंबई को अदाणी समूह को 'मुफ्त' में दे रही है। ठाकरे ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली प्रतिद्वंद्वी शिवसेना की रैली को 'चोरों का जमावड़ा' भी करार दिया।

# छत्तीसगढ़ में ब्लैकमेल करने वाले कपल के घर मिला करोड़ों का खजाना



**दुर्ग, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में सेक्सटॉर्शन का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जिसमें एक शातिर पति-पत्नी ने मिलकर भिलाई के एक बड़े सराफा व्यवसायी को ब्लैकमेल करते हुए उससे करीब दो करोड़ रुपए की वसूली कर ली। मामले का खुलासा तब हुआ जब आरोपी दंपति से परेशान होकर व्यापारी ने खुदकुशी करने की कोशिश की, लेकिन परिजनों ने उसे बचा लिया। जिसके बाद उसने अपने साथ हो रही ब्लैकमेलिंग की पूरी कहानी परिजनों को बता दी। तब जाकर मामला पुलिस तक पहुंचा और करोड़ों रुपए की अवैध वसूली के इस पूरे खेल का खुलासा हो गया। इस मामले को लेकर वैशाली नगर पुलिस ने आरोपी दंपति को गिरफ्तार कर लिया है। जिनकी पहचान नीलिमा यादव उर्फ नीलम लहरे और उसके पति आनंद के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी महिला ने व्यापारी को वीडियो कॉल करते हुए अपने कपड़े उतार दिए, जिसके बाद ज्वेलर बहक गया और उसके झांसे में आ गया। इसके बाद शातिर महिला ने पति के साथ मिलकर साजिश रचते हुए ज्वेलर को अपने घर बुलाया, जहां एक बार फिर उसे अपने जाल में फंसाते हुए महिला ने ज्वेलर का अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद पति-पत्नी मिलकर उसे ब्लैकमेल करने लगे और उससे लगभग 2 करोड़ रुपए की अवैध वसूली कर ली। इस रकम से उन्होंने आलीशान जिंदगी जीते हुए जमीन, बंगला, गाड़ी, ज्वेलरी खरीद लगी। आरोपियों ने पीड़ित कारोबारी को इतना प्रताड़ित किया कि छुटकारा पाने के लिए उसने आत्महत्या करने की कोशिश भी कर ली। ऐसे में परिजनों को जब इसकी जानकारी हुई तब जाकर मामला थाने पहुंचा। पुलिस के मुताबिक पीड़ित सराफा कारोबारी की भिलाई के वैशाली नगर में बड़ी ज्वेलरी की दुकान है। 4 साल पहले नीलिमा यादव उर्फ नीलम लहरे नाम की महिला सराफा व्यवसायी की दुकान में काम मांगने के लिए गई थी। इसी बीच नीलिमा ने बातचीत के दौरान व्यवसायी को अपने जाल में फंसा लिया। मोबाइल नंबर मांगकर उससे बातचीत करने लगी। इस बीच उसने वीडियो कॉल पर अश्लील हरकत भी की, जिससे व्यवसायी बहक गया। इसके बाद आरोपी महिला ने अपने पति के साथ मिलकर साजिश रचते हुए एक दिन व्यवसायी को अपने घर बुलाया और उसका अश्लील वीडियो बना लिया।

# गाजियाबाद से अहमदाबाद-इंदौर समेत 8 शहरों तक इंडिगो की सीधी उड़ानें 20 जुलाई से होंगी शुरू

**गाजियाबाद, एजेंसी।**
गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से अहमदाबाद और इंदौर के लिए उड़ान 20 जुलाई से शुरू होगी। इंडिगो कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी साझा की है। हिंडन एयरपोर्ट से अभी मुंबई, बेंगलुरु, गोवा, चेन्नई, कोलकाता, पटना, वाराणसी, भुवनेश्वर और जयपुर के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान उड़ान भर रहे हैं। वहीं, स्टार एयर के विमान किशनगढ़, नांदेड़ और आदमपुर जा रहे हैं। इसके अलावा बठिंडा और लुधियाना के लिए फ्लाई बिग की उड़ान चल रही है। इसी क्रम में अब इंडिगो ने 20 जुलाई से हिंडन एयरपोर्ट से 8 नए शहरों की उड़ान सेवा का शेड्यूल जारी किया है।

अहमदाबाद से हिंडन एयरपोर्ट के लिए रोजाना विमान उड़ेगा, जबकि हिंडन से अहमदाबाद के लिए सोमवार से शुक्रवार तक दिन में एक विमान और रविवार को दो विमान उड़ान भरेंगे। शनिवार को हिंडन से उड़ान नहीं मिलेगी। इसी तरह हिंडन से इंदौर के लिए रोजाना विमान उड़ान भरेगा और




इंदौर से हिंडन के लिए शनिवार को छोड़ कर बाकी दिन विमान सेवा मिलेगी। अहमदाबाद से विमान सुबह 8:55 बजे उड़ान भरेगा और सुबह 10:25 बजे हिंडन पहुंचेगा। वापसी में हिंडन से शाम 5:35 बजे यात्रा शुरू होगी और विमान शाम 7:05 बजे अहमदाबाद पहुंचेगा। डेढ़ घंटे की यात्रा के लिए सवा तीन हजार रुपये से भी कम में टिकट मिल रहा है। ट्रेन से अहमदाबाद पहुंचने में 12-20 घंटे तक का समय लगता है। इसके अलावा हिंडन से दोपहर 2:10 बजे विमान उड़ान भरकर दोपहर 3:30 बजे इंदौर पहुंचेगा। इसके अलावा वापसी में शाम 4:00 बजे यात्रा शुरू कर शाम 5:20 बजे हिंडन पहुंचेगा। डेढ़ घंटे की यात्रा के लिए कंपनी की साइट पर 4 हजार रुपये से भी कम में टिकट मिल रहा है।

### नोएडा की सोसाइटी से पिता के 3 दोस्तों ने 9 साल की बच्ची को अगवा कर किया रेप

**नोएडा , एजेंसी।** नोएडा सेक्टर-21 स्थित सोसाइटी स्थित एक घर में रहने वाले घरेलू सहायक की नौ वर्षीय बच्ची का अपहरण कर यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। बच्ची ने अपने पिता के ही तीन दोस्तों पर रेप का आरोप लगाया है। सेक्टर-20 थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, बच्ची अपने पिता, बड़े भाई और बहन के साथ सोसाइटी स्थित एक घर में बने कमरे में रहती है। वह पहली क्लास में पढ़ाई करती है। उसे 17 जून को पेट में दर्द और बुखार की शिकायत हुई घर में दवा देने पर सुधार न होने पर पिता उसे चाइल्ड पीजीआई लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने बुखार की दवा लिखकर दी। पिता का कहना है कि बच्ची ने इसी दौरान डॉक्टर को बताया कि उसके साथ पूर्व में कई बार यौन उत्पीड़न की घटना हुई है। इस पर डॉक्टर चौंक गए। उन्होंने जांच के लिए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने वाले लोग गद्दार, राहुल गांधी पाकिस्तानी एजेंटः एकनाथ शिंदे

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को पार्टी की स्थापना दिवस के मौके पर विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने वाले लोगों को 'गद्दार' तक कह दिया। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पाकिस्तानी एजेंट भी कहा है। वहीं शिंदे ने शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे पर हिंदुत्व को त्यागने का आरोप लगाया है।

एकनाथ शिंदे वर्ली में एनएससीआई डोम में पार्टी के स्थापना दिवस समारोह के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करने पहुंचे थे। इस दौरान शिंदे ने कहा, हमें ऑपरेशन सिंदूर पर गर्व है। ये लोग हमारी सेना पर संदेह करते हैं, उन्हें हमारी सेना पर भरोसा नहीं है। उन्हें पाकिस्तान के सेना प्रमुख पर भरोसा है। हमारे सैनिकों की बहादुरी को सलाम करने के




बजाय वे हमारे हथियारों को हुए नुकसान के बारे में पूछ रहे हैं। इस तरह के सवाल उठाना देशद्रोह के बराबर है। राहुल गांधी और उनकी पार्टी के लोग पाकिस्तानी एजेंटों की तरह काम कर रही है।

उन्होंने आगे कहा कि भारतीय सेना पर सवाल उठाने वाले पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं और उन्हें पाकिस्तान से अवॉर्ड चाहिए। शिंदे ने कहा, जो लोग हमारे सशस्त्र बलों पर सवाल उठा रहे हैं और पूछ रहे हैं कि हमने कितने जेट खोए, आप पाकिस्तान की भाषा क्यों बोल रहे हैं? क्या आपको पाकिस्तान से मान्यता का प्रमाण पत्र या इनाम चाहिए?

उद्धव ठाकरे पर बरसे

शिंदे ने इस दौरान उद्धव ठाकरे पर भी निशाना साधा। उन्होंने उद्धव ठाकरे पर हिंदुत्व को त्यागने का आरोप लगाया। गौरतलब है कि उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे दोनों ने ही 1966 में बाल ठाकरे द्वारा स्थापित शिवसेना के 59वें स्थापना दिवस का जश्न मनाने के लिए मुंबई में अपनी पार्टियों की रैलियों को संबोधित किया। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का कार्यक्रम वर्ली के एनएससीआई डोम में आयोजित किया गया, वहीं शिवसेना (यूबीटी) की रैली सायन इलाके के षणमुखानंद हॉल में हुई।

एकनाथ शिंदे ने रैली के दौरान कहा, एक तरफ सत्ता की खातिर हिंदुत्व से समझौता करने वाले एक कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं वहीं हम यहां दिवंगत बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा पर आधारित एक कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। उन्होंने यूबीटी गुट पर हिंदुत्व और ठाकरे की विरासत को त्यागने का आरोप लगाते हुए कहा, वे गठबंधन के लिए इधर-उधर भाग रहे हैं। विनती कर रहे हैं।

# नेतन्याहू एक खुदगर्ज इंसान...; इजरायली प्रधानमंत्री ने ऐसा क्या कहा, जो देशवासी ही करने लगे आलोचना

**येरूसलम, एजेंसी।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू उस वक्त आलोचनाओं के शिकार हो गए। जब उन्होंने अपने बेटे की शादी में देरी को ईरान के साथ चल रहे जंग की निजी कीमत करार दिया। द गार्डियन की खबर के मुताबिक, इजरायल के कई लोगों ने उनकी इस टिप्पणी को बेतुका और खुदगर्ज बताया है। यह बयान तब आया जब नेतन्याहू बेर शेवा के सोरोका अस्पताल के सामने खड़े थे। एक दिन पहले ईरानी मिसाइल हमले में क्षतिग्रस्त हो गया था। नेतन्याहू ने गंभीर लहजे में बोलते हुए इजरायल की मौजूदा हालत की तुलना द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटेन पर हुई बमबारी, यानी ब्लिट्ज से की। उन्होंने कहा, यह मुझे ब्लिट्ज के दौरान ब्रिटिश लोगों की याद दिलाता है। हम भी एक ब्लिट्ज से गुजर रहे हैं। उन्होंने अपने परिवार की मुश्किलों को आम इजरायलियों की तकलीफों से जोड़ने की कोशिश की।

नेतन्याहू ने अपने बेटे अवनेर की शादी को दूसरी बार टालने का जिक्र किया। यह शादी सुरक्षा कारणों से स्थगित हुई। उन्होंने कहा कि इस देरी ने अवनेर की मंगेतर और उनकी बीवी सारा नेतन्याहू को भी गहरा दुख पहुंचाया। उन्होंने सारा को हीरो तक कह डाला, जो इस सदमे को बर्दाश्त कर रही हैं। उन्होंने कहा, कुछ लोग मारे गए, कुछ परिवार अपने प्रियजनों के गम में डूबे हैं, मैं इसकी कद्र करता हूं। लेकिन हर शख्स को निजी कीमत चुकानी पड़ रही है और मेरा परिवार भी इससे अछूता नहीं है। इस बयान की सोशल मीडिया पर तीखी आलोचना हुई। यह विवाद नेतन्याहू की साख पर और सवाल उठा रहा है, क्योंकि इजरायल मुश्किल दौर से गुजर रहा है और लोग अपने नेताओं से एकजुटता और संवेदना की उम्मीद कर रहे हैं। लोगों ने नेतन्याहू पर जंग की सच्चाई से कटे होने और अपनी छवि को जनता के दुख-दर्द से ऊपर रखने का इल्जाम लगाया। इजरायल के मुताबिक, इस जंग में अब तक 24 आम नागरिक मारे गए हैं। वहीं, अमेरिका के मानवाधिकार संगठनों का अनुमान है कि इजरायल के अचानक हवाई हमले में कम से कम 263 ईरानी नागरिकों की जान गई है। लोगों का गुस्सा तब और भड़का जब खबरें आईं कि नेतन्याहू अपने बेटे की शादी के लिए वक्त निकालने की योजना बना रहे हैं। यह शादी पहले नवंबर में होनी थी, लेकिन सुरक्षा कारणों से रद हो गई थी।

नेतन्याहू की पत्नी को हीरो कहने पर भड़का यूजर

एक यूजर ने नेतन्याहू की ओर से खुद की पत्नी को हीरो बताने पर आलोचना की। उन्होंने कहा, हीरो वो डॉक्टर हैं जो रात की शिफ्ट के लिए घर से निकलते हैं। हीरो वो टीचर हैं जो जूम और फोन कॉल्स के जरिए हमारे बच्चों को पढ़ाते हैं।

पत्रकार अमीर तिबोन ने भी आलोचना की और कहा, नेतन्याहू के इस लहजे से कोई हैरानी नहीं। जब निजी मिसाल की सबसे ज़्यादा जरूरत होती है, तब भी वो सबसे पहले अपनी फिक्र करते हैं।

### पाकिस्तान संसद में एमपी मुजाहिद अली ने भारत का नाम लेकर भड़काया गजवा-ए-हिंद का मुद्दा, कहा- एटम बम से ज्यादा है कलमे की ताकत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में गुरुवार (19 जून 2025) को सांसद मुजाहिद अली ने एक बेहद विवादास्पद और भड़काऊ भाषण देकर नया राजनीतिक बवंडर खड़ा कर दिया। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने हिंदू, ईसाई और यहूदी समुदायों को लेकर कट्टर विचार प्रकट किए और 'गजवा-ए-हिंद' जैसे अतिवादी इस्लामी विचारधारा का हवाला दिया। मुजाहिद अली ने दावा किया कि मुस्लिम विरोधी साजिशें रची जा रही हैं और गैर-मुस्लिम समुदाय फूट डालो और राज करो की नीति के जरिए इस्लामी समाज को कमजोर कर रहा है। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि इस्लाम की रक्षा के लिए 'खुरासान' से काली पगड़ी वाले लड़ाके उठेंगे और धर्म की रक्षा करेंगे — एक विचार जो इस्लामी हदीसों से जोड़ा जाता है। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इस भड़काऊ भाषण के दौरान संसद में मौजूद अन्य सांसदों ने मेज थपथपाकर उनका समर्थन किया। अली ने पाकिस्तान को 'इस्लामी दुनिया का हेडक्वार्टर' बताते हुए कहा कि पाकिस्तानी सेना का जोश खासतौर पर तब बढ़ जाता है, जब उसके सामने हिंदू दुश्मन हो। उन्होंने आगे कहा, भारत ताकत में हमसे आगे है, लेकिन कलमे की ताकत एटम बम से भी भारी है। हमारी फौज में एक खास जज्बा है, जो दुश्मन के सामने आते ही बढ़ जाता है। इस बयान ने पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसी आइएसआइ की जिहादी मानसिकता और चरमपंथी विचारधारा पर भी अप्रत्यक्ष रूप से सवाल खड़े कर दिए हैं।



# ईरान ने ब्रिगेडियर खादमी को बनाया खुफिया प्रमुख, पुराने चीफ को खत्म कर चुका है इजरायल

**तेहरान, एजेंसी।**
ईरान ने अपने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) में नए खुफिया प्रमुख की नियुक्ति कर दी है। पिछले सप्ताह इजरायली हवाई हमलों में इसके पूर्व प्रमुख और उनके डिप्टी की मौत हो गई थी। ईरान की सरकारी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, आईआरजीसी के कमांडर मेजर जनरल मोहम्मद पकपूर ने ब्रिगेडियर जनरल मजीद खादमी को खुफिया विभाग का नया प्रमुख नियुक्त किया है।

पिछले रविवार को इजरायली हमले में आईआरजीसी के खुफिया प्रमुख मोहम्मद काजमी, उनके डिप्टी हसन मोहाकिक, और एक अन्य वरिष्ठ कमांडर मोहसेन बघेरी की मौत हो गई थी। ये हमले तेहरान में हुए, और खुद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक इंटरव्यू में इन हत्याओं की पुष्टि की थी।

**इजरायल-ईरान संघर्ष का बढ़ता तनावः** यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब इजरायल और ईरान के बीच सैन्य तनाव चरम पर है। शुक्रवार, 13 जून को शुरू हुए इजरायली हमलों ने ईरान के सैन्य नेतृत्व को गहरा झटका दिया है। इन हमलों में ईरान के शीर्ष सैन्य कमांडरों में से कई मारे गए हैं। इनमें जनरल मोहम्मद बघेरी (सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ), जनरल होसैन सलामी (आईआरजीसी के कमांडर-इन-चीफ), और जनरल गोलमअली



रशीद शामिल थे। इसके अलावा, कई परमाणु वैज्ञानिकों और सैन्य ठिकानों, विशेष रूप से नतांज में यूरेनियम संवर्धन संयंत्र, को भी निशाना बनाया गया।

ईरान के सर्वोच्च नेता आयतोल्लाह अली खामेनेई ने इन हमलों के बाद तुरंत नए सैन्य नेताओं की नियुक्ति की, जिसमें जनरल अब्दोलरहीम मूसवी को सशस्त्र बलों का चीफ ऑफ स्टाफ और जनरल मोहम्मद पकपूर को आईआरजीसी का नया कमांडर नियुक्त किया गया। खामेनेई ने इजरायल को कठोर सजा देने की चेतावनी दी है और कहा है कि इस्लामिक रिपब्लिक का मजबूत हाथ इजरायल को जवाब देगा।

मजीद खादमी की नियुक्ति को ईरान की खुफिया क्षमताओं को पुनर्गठित करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है, जो हाल के हमलों में बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। खादमी को न केवल आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करना होगा, बल्कि इजरायल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की योजना बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार इजरायली हमलों और खुफिया घुसपैठ के कारण उनकी स्थिति जोखिम भरी हो सकती है।

# अमेरिका बोला- ईरान परमाणु बम बनाने के करीब, सिर्फ खामेनेई के आदेश का इंतजार

**तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी।**
अमेरिका का मानना है कि ईरान अब परमाणु हथियार बनाने की पूरी क्षमता रखता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने गुरुवार को कहा कि अगर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई आदेश दे दें, तो ईरान कुछ ही हफ्तों में परमाणु बम बना सकता है।

लेविट ने कहा कि ईरान के पास परमाणु हथियार बनाने के लिए जरूरी हर चीज मौजूद है। अब बस उन्हें अपने नेता के हां कहने भर की देर है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर ईरान ऐसा करता है, तो इससे सिर्फ इजराइल नहीं, बल्कि अमेरिका और पूरी दुनिया की सुरक्षा को खतरा होगा। 7 दिन की लड़ाई में अब तक इजराइल के 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 600 से ज्यादा लोग घायल हैं। वहीं, वॉशिंगटन स्थित एक ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने दावा किया है कि ईरान में मौत का आंकड़ा अब 639 हो चुका है और 1329 लोग घायल हैं। ईरान ने अपने रिवोल्यूशनरी गार्ड्स में नए खुफिया प्रमुख की नियुक्ति की है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के कमांडर मेजर जनरल मोहम्मद पाकपुर ने ब्रिगेडियर जनरल माजिद खादामी को खुफिया विभाग का नया प्रमुख नियुक्त किया है। वह मोहम्मद काजमी का स्थान लेंगे, जो रविवार को इस्राइली हमले में दो अन्य रिवोल्यूशनरी गार्ड अधिकारियों -हसन मोहाघेग और मोहसेन बाघेरी के साथ मारे गए थे। ईरान से जंग के बीच इस्राइल गाजा में भी हमले जारी रखे हुए है। शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेल्मियाह ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि गुरुवार को उत्तरी गाजा के शाति कैंप पर इजरायली हवाई हमले में तीन बच्चों और पांच महिलाओं सहित कुल 19 लोगों की मौत हो गई और 70 अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि हमले में इलाके के नागरिकों के एक समूह को निशाना बनाया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129